www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –183 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन माता चंद्रघंटा देवी की होगी आराधना
■ ...अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने
■ हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों ... पृष्ठ 6
■ हमास का गाजा में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम से इनकार
■ इजरायल गाजा पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष बढ़ेगा : रायसी पृष्ठ 7
सोंग काई चीन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये पृष्ठ 8

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ का पैसा भेजा दिल्ली दरबार : अमित शाह

## रमन सिंह के नामांकन के दौरान शाह की अगुवाई में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



### पांच साल में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजनांदगांव व प्रदेश के साथ छल किया, धोखा किया : डॉ. रमन

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह (राजनांदगाँव से भाजपा प्रत्याशी) ने विधायक और तीन बार मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश की सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त कर कहा कि 15 साल के शासनकाल में मुख्यमंत्री के तौर पर जनता की नौकरी करके और राजनांदगांव से विधायक रहते हुए उन्होंने (डॉ. सिंह ने) क्षेत्र का विकास किया है। और पाँच साल में कांग्रेस ने अपने शासनकाल में क्या किया ? राजनांदगाँव के साथ पक्षपात करने का प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही यहाँ का विकास रुक गया है। भाजपा की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की उपलब्धि और विकास के लिए प्रतिबद्धता का ही यह सुपरिणाम रहा कि स्वास्थ्य ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**राजनांदगाँव**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजनांदगाँव पहुंचे इस दौरान उनकी अगुवाई में भाजपा ने आमसभा में शक्ति प्रदर्शन कर प्रदेश में चुनावी शंखनाद किया।

श्री शाह ने कहा कि आप सबका जोश और बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि आगामी 3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में कमल खिलने वाला है। राजनांदगाँव जिले की चार विधानसभा सीटों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित चारों प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले के लिए पहुँचे श्री शाह ने इससे पहले हुई सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव की घोषणा के बाद पहली बार इतनी बड़ी सभा हो रही है, तब छत्तीसगढ़वासियों को याद रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी ने बनाया। कांग्रेसियों के शासनकाल में पुराने मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य बनकर खड़ा था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री बने, तब 15 साल में इस बीमार राज्य को विकसित बनाने का काम डॉ. रमन सिंह ने किया।

**गृह मंत्री शाह ने याद दिलाए भाजपा सरकार के ऐतिहासिक कार्य**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि 15 साल में राजनंदगांव हो या छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र हो, दलित भाई जहां रहते हों वह क्षेत्र हो, हर क्षेत्र को संपूर्ण विकसित करने का काम भाजपा सरकार ने किया। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने का काम भाजपा सरकार ने किया, किसानों को 14 प्रतिशत ब्याज से मुक्त करने का काम रमन सिंह की सरकार ने किया। पीडीएस की सबसे अच्छी व्यवस्था देशभर में कहीं लागू हुई तो वह छत्तीसगढ़ में हुई और डॉ. रमन सिंह को चावल वाला बाबा कहकर पुकारा गया। ट्राइबल, ओबीसी और दलित को अपने अधिकार देने का काम किया और छत्तीसगढ़ को हमने विकसित राज्य बनाने के लिए ढेर सारे कदम उठाए।

**आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम भविष्य वाले छत्तीसगढ़ बनाने का**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भूपेश बघेल ने 5 साल में क्या किया, इसका जरा हिसाब–किताब जनता के सामने आना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक सरकार बनाने भर का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव विधायक चुनने का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम भविष्य वाले छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है। हर छत्तीसगढ़िया को अपना वोट प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने के लिए देना है।

**भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ रहा पहला नंबर**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारे 15 साल के शासनकाल में खाद्य और पोषण सुरक्षा देने में, कौशल विकास कर उसका अधिकार देने में, डेढ़ सौ दिन तक रोजगार देने में, महिला मजदूरों को मातृत्व अवकाश देने में, एजुकेशन हब बनाने में, पॉवर हब बनाने में, आईआईटी, लाइवलीहुड कॉलेज बनाने में पहले स्थान पर रहा।

**कांग्रेस ने लूटा छत्तीसगढ़ का खजाना, दिल्ली दरबार का बना एटीएम**

श्री शाह ने सवाल किया कि भूपेश सरकार ने क्या किया ? भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के दरबार का एटीएम बनाकर रखा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं के अधिकारों का पैसा दिल्ली दरबार में कांग्रेस की तिजोरी जाता है, दलित युवा का पैसा दिल्ली दरबार कि कांग्रेस की तिजोरी में जाता है, और पिछड़ा वर्ग के युवाओं बहनों के अधिकार का पैसा भी इनके एटीएम के थ्रू दिल्ली में जाता है। पटवारी से मुख्यमंत्री तक का पूरा करप्शन चौन बना दिया है, जो दिल्ली तक जाता है। श्री शाह ने कहा कि शर्म आनी चाहिए कांग्रेस पार्टी को।

**कांग्रेस राज में केवल घोटाले ही घोटाले**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि घोटाले की इतनी बड़ी सूची सार्वजनिक जीवन में कहीं नहीं देखी। शराब घोटाला 2000 करोड रुपए, उनके ऑफिस के अधिकारी जेल जाते हैं। परिवहन घोटाला साढे 500 करोड रुपए का किया। प्रधानमंत्री गरीब अन्नश्री योजना में 5000 करोड़ के चावल का घोटाला किया। 1300 करोड से ज्यादा रुपए का गौठान घोटाला किया, 600 करोड रुपए का पीडीएसफ घोटाला किया, महादेव एप का 5000 करोड रुपए का घोटाला करने का काम इस भूपेश सरकार ने किया है। श्री शाह ने तंज कसा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो बच्चों की नौकरियों को भी नहीं छोड़ा। पब्लिक सर्विस कमीशन का घोटाला कर बच्चों की नौकरियों में भी कमीशन लेने का काम किया है।

**क्या हुआ कांग्रेस द्वारा किए वादों का ?**

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में ढेर सारे जो वादे किए, वह अब तक पूरे नहीं किए। महिलाओं को महतारी सम्मान योजना देना था, जो नहीं दिया गया। क्या हुआ मुफ्त गैस सिलेंडर देने के वादे का ? शहरी क्षेत्र में संपत्ति कर 50 प्रतिशत कम करने का वादा किया था। राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू करने वाले थे पर क्या किया ? बिजली का बिल आधा करने वाले थे, उसका क्या किया ? मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता को इसका हिसाब देना चाहिए। भूपेश सरकार के शासन में ना दलित खुशहाल है, ना आदिवासी खुशहाल है, ओबीसी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**राजनीतिक दलों की चुनावी फंडिंग का मामला**

# 'चुनावी बांड' से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को चंदा से संबंधित 'चुनावी बांड' की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष विचार के लिए भेजने का सोमवार को फैसला किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला कई मामलों को बड़ी पीठ के समक्ष रखने के अनुरोध पर किया। पीठ ने कहा कि मामले के महत्व को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत याचिकाओं के एक समूह को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पहले ही 31 अक्टूबर को तय की जा चुकी है। शीर्ष अदालत ने 10 अक्टूबर को कहा था कि मामले की अंतिम सुनवाई 31 अक्टूबर और जरुरत पड़ी , तो अगले दिन 01 नवंबर को भी की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है।



■ 31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई
■ 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी विचार

**सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है**

पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने 10 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान कहा था कि चुनावी बांड योजना को इसलिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### 26 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय की गर्भावस्था समाप्त करने की उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूर्ण न्याय के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल हर मामले में नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता प्रदान करे। शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता–पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है।

**सार संक्षेप**

### प्रचार में सेना का इस्तेमाल रोकने में हस्तक्षेप करें मुर्मू : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अपील करते हुए कहा है कि मोदी सरकार राजनीतिक प्रचार के लिए सेना का इस्तेमाल करना चाहती है वह ऐसा नहीं करे इसलिए राष्ट्रपति को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा भारत की सेना पूरे देश की सेना है और हमें गर्व है कि हमारी बहादुर सेना कभी भी देश की आंतरिक राजनीति का हिस्सा नहीं बनी। साढ़े नौ साल की सरकार के दौरान महंगाई, बेरोज़गारी और सभी मोर्चों पर विफ़ल रहने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार कराने का बेहद घटिया प्रयास कर रही है। सेना का राजनीतिकरण करने का यह प्रयास बेहद ख़तरनाक क़दम है।

### पुरकायस्थ- चक्रवर्ती ने खटखटाया सुको का दरवाजा

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दर्ज प्राथमिक रद्द करने की गुहार लगाई है।

### झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रही केंद्र सरकार: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री केजरीवाल ने सोमवार को एक्स कर कहा, यह 2015 की घटना है। मोदी सरकार 2015 से मुझे झूठे केसों में फँसाने की कोशिश कर रही है।

# प्रदेश में पहले चरण के लिए दूसरे दिन सात नामांकन पत्र दाखिल

**राजनांदगांव से रमन सिंह सहित 3 नामांकन**

**रायपुर** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किये। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 3, डोंगरगांव में 2 तथा भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ में एक –एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, , मोहला –मानपुर –अंबागढ़ चौकी , खैरागढ़-छुईखदान– गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

गौरतलब है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर , नारायणपुर , कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर , भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला– मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।



■ डोंगरगांव से 2 और भानुप्रतापपुर व डोंगरगढ़ से 1-1 दाखिल किया नामांकन

# प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा इजराइल में दिलचस्पी : राहुल गांधी

**आइजोल**, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की तुलना में इजराइल में होने वाली घटनाओं की ज्यादा चिंता है। 3 मई के बाद से हिंसा से जूझ रहा मणिपुर अब एक राज्य नहीं रहेगा, बल्कि जाति के आधार पर दो हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह हैरानी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल–हमास जंग में इतनी दिलचस्पी क्यों है ? लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है, इसमें उन्हें दिलचस्पी नहीं है। वहां लोगों की हत्याएं हो रही हैं, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हो रही है और बच्चों को मार डाला गया। यह शर्म की बात है कि हमारे संघ के नेता मणिपुर में इतना सब होने के बाद भी वहां नहीं गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 16 अक्टूबर को मिजोरम के आइजोल में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।



■ कांग्रेस नेता बोले, मणिपुर अब एक राज्य नहीं रहेगा

**नोटबंदी से देश को काफी नुकसान हुआ**– राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी छोटे और मध्यम व्यवसायों को खत्म करने के लिए बनाया गया है, यह भारत के किसानों को कमजोर करने के लिए बनाया गया है। आप सभी जानते हैं कि नोटबंदी का क्या हुआ। यह हमारे प्रधानमंत्री का ऐसा आइडिया था जिससे देश को काफी नुकसान हुआ। इससे देश की अर्थव्यवस्था आज तक ठीक नहीं हुई है। राहुल ने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री की रणनीति को समझना चाहते हैं, तो इसे एक शब्द 'अडानी' में संक्षेपित किया जा सकता है। सब कुछ एक व्यवसायी की मदद के लिए बनाया गया है।

**मिजोरम में 5 किमी पदयात्रा की**

जनसभा से पहले राहुल गांधी ने पांच किमी लंबी पदयात्रा निकाली। राहुल ने चानमारी से पदयात्रा शुरू की, जो ट्रेजरी स्क्वायर पर खत्म हुई। इस दौरान राहुल ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरे से राहुल मिजोरम की जनता खासतौर पर युवाओं को साधने का प्रयास करेंगे। मिजोरम कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष लालरेमरूता रेंथली के मुताबिक, राहुल आइजोल दौरे के दूसरे दिन यानी मंगलवार को पार्टी नेताओं से मिलेंगे।

**मिजोरम विधानसभा चुनाव**

# कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार

**नई दिल्ली**, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मिजोरम की 40 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को संस्तुति दी है। मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों में से 39 के लिए कांग्रेस ने नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष लाल सवता को एजल दक्षिण–3 से उम्मीदवार बनाया है। वरिष्ठ नेता ललसावता को एजल पश्चिम–3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है जबकि एजल पूर्व–1 से ललसंगलरा रातले को, एजल पश्चिम–1 से आर ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता ललथनवाला को इस बार टिकट नहीं दिया है।

# चार राज्यों में आईटी की छापेमारी, 94 करोड़ जब्त

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आयकर (आईटी) विभाग ने कुछ सरकारी ठेकेदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान में 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी के साथ–साथ 8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण जब्त किए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार 12 अक्टूबर को कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दिल्ली में 55 परिसरों में छापेमारी की गई। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कलाई घड़ियों के कारोबार से जुड़े एक निजी वेतनभोगी कर्मचारी के परिसर से विदेशी निर्मित लगभग 30 लक्जरी घड़ियां बरामद की गई। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के खुलासे हुए। करदाताओं, उप–ठेकेदारों और कुछ नकदी संचालकों सहित सहयोगियों के परिसरों की तलाशी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के साक्ष्य मिले। दस्तावेजों की हार्ड कॉपी और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। कर चोरी की कार्यप्रणाली से पता चलता है कि ये ठेकेदार फर्जी खरीद की बुकिंग, उप–ठेकेदारों के साथ खर्चों का गलत दावा और न होने वाले खर्चों का दावा करके खर्चों को बढ़ाकर अपनी आय को कम करने में शामिल थे।

■ 8 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए गए

# हाई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली व मनिंदर को किया बरी

**प्रयागराज,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन करेगा विपक्षी गठबंधन

**नई दिल्ली**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का श्रेय भाजपानीत एनडीए गठबंधन को एक मुश्त न मिले, इसके लिए इंडिया गठबंधन गभीरता से रणनीति बना रहा है। आधी आबादी को अपने पाले में लाने के लिए गठबंधन के दल देश भर में महिलाओ को आगे कर महिला अधिकार सम्मेलन करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि इसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल या बिहार से किया जा सकता है। जिसमें गंठबंधन की महिला नेत्री एक स्वर में तत्काल महिला आरक्षण को लागू करने और इसमें कोटा के तहत कोटा तय कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की तरह ही पिछडे वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण के दायरे में लाए जाने की मांग की जाएगी। साथ ही भाजपा पर निशाना बनाते हुए इसे महिला अधिकारों का पैरोकार नहीं बल्कि विरोधी साबित करने की कोशिश होगी और बताया जाएगा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही है। गठबंधन के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन से कसी कमर

**आतंकवाद** बर्फ गिरने से पहले आतंकियों को धकेल रही पाक सेना

# एलओसी पर अगले दो महीने भारी

■ घुसपैठ की खातिर कवर फायर भी देने लगी पाक सेना

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हालांकि सेना का मानना है कि फरवरी 2021 में सीमाओं पर सीजफायर के नवीनीकरण के उपरांत घुसपैठ थम सी गई थी पर अब पाक सेना अपने यहां रूके पड़े आतंकियों को इस ओर धकेलने को जोर लगा रही है।**

*कश्मीर में पाक सीमा से सटे क्षेत्रों में पिछले कुछ महीनों से बढ़ती घुसपैठ की घटनाओं के बाद सेना का कहना था कि अगले दो महीने एलओसी के लिए भारी साबित इसलिए हो सकते हैं क्योंकि पाक सेना अब सीजफायर के बावजूद घुसपैठ को कामयाब बनाने की खातिर कवर फायर भी देने लगी है जिसके कारण सीजफायर दांव पर लगने लगा है। सेना प्रवक्ता के बकौल, नार्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की घटनाएं कम तो हुई हैं पर जून से लेकर अब तक घुसपैठियों ने नाक में दम कर रखा है। यह बात अलग है कि सेना कहती थी कि अब आतंकियों को धकेलने के स्थान पर तस्करी के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं जिनमें नशीले पदार्थों के अतिरिक्त गोला–बारूद भी लाने की कोशिश की जा रही है।*

***2021 में 73 घुसपैठ के प्रयास हुए थे***

*अगर आंकड़ों पर एक नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2020 में एलओसी पर 99 तथा 2021 में 73 घुसपैठ के प्रयास हुए थे। पर पिछले साल और अबकी बार यह फिर से रिकार्ड तोड़ने लगे हैं। कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह भी कई बार अपनी प्रेस कांफ्रेंसों में यह कहते रहे हैं कि कश्मीर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के लिए पाक सेना घुसपैठ पर जोर दे रही है। ऐसा ही सेना की वज्र डिविजन के जीओसी गिरीश कालिया का कहना था कि चाहे दोनों मुल्कों के बीच सीजफायर 'कायमाब' हो रहा है पर मिलने वाली सूचनाएं कहती हैं कि पाक सेना घुसपैठ को और बढ़ाने की खातिर अपनी योजनाओं पर काम कर रही है जिन्हें पछाड़ने की खातिर भारतीय सेना ने भी कमर कस ली है और वे मानते थे कि अगले दो महीने एलओसी पर भारी साबित हो सकते हैं।*

*प्रतिवर्ष 150 से अधिक जवान कर रहे आत्महत्या*

*प्रदेश में पहले अग्निवीर की मौत पर मचा हुआ विवाद सेना द्वारा सफाई देने के बावजूद थम नहीं रहा है। अभी भी कई राजनीतिक दल इसके प्रति मोर्चा खोले हुए हैं। इतना जरूर था कि सेना ने उसकी मौत के प्रति जो सफाई दी है उसमें यह भी स्वीकार किया है कि प्रति वर्ष 100 से 150 सैनिक सेना में आत्महत्या कर रहे हैं जो चिंता का विषय बनता जा रहा है।*

# देश

**उवाच** "भाजपा को निर्णायक रूप से हराना भारत में हर लोकतांत्रिक ताकत के लिए ऐतिहासिक अनिवार्यता है तथा इंडिया गठबंधन की जीत न केवल महिलाओं बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।"
**-एम.के.स्टालिन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 20.0 |
| मुंबई | 31.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# तेजस्वी को आधिकारिक यात्रा पर जापान जाने की मिली अनुमति

**■ दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से राजद नेता को मिली बड़ी राहत ■ आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में हैं आरोपी**

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अब आसानी से विदेश दौरे पर जा सकेंगे। राउज एवेन्यु कोर्ट ने उन्हें विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत दे दी है। तेजस्वी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के लिए जापान जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से जापान जाने और पासपोर्ट रिलीज करने के निर्देश जारी करने की मांगी थी। तेजस्वी जमीन के बदले नौकरी और आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में आरोपी है। तेजस्वी यादव आईआरसीटीसी घोटाला और नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में आरोपी हैं। इसी वजह से उनका पासपोर्ट सीज किया गया था। इसी वजह से उन्होंने कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिसे मान लिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी यादव जलवायु परिवर्तन समिट में हिस्सा लेने के लिए जापान जाने वाले हैं। उन्होंने कोर्ट से अपील की थी कि 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच वह ऑफिशियल यात्रा पर विदेश जाना चाहते हैं, इसलिए उन्हें इजाजत दी जाए। कोर्ट ने उनकी अर्जी मंजूर कर ली है। ऐसे में माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव 24 नवंबर से 1 नवंबर के बीच विदेश जा सकते हैं। बता दें, बिहार में दबी जुबान से तेजस्वी की ताजपोशी की बातें भी हो रही हैं। दरअसल, जातिगत सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से ही बिहार की सियासत में हलचल है।



आबादी के अनुरूप आरक्षण और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात हो रही है। इस बीच विभिन्न जातियों के नेता अपनी-अपनी जातियों को प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहे हैं। जातीय सर्वे के आंकड़ों पर गौर करें तो बिहार में यादवों की संख्या 14 प्रतिशत से अधिक है। यादव जाति से डिप्टी सीएम तेजस्वी हैं और उन्हें 17.70 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले मुस्लिम समुदाय का पूरा समर्थन होने का दावा किया जाता है। ऐसे में दबी जुबान से ही सही, 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कुर्मी जाति से आने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीएम की कुर्सी छोड़ने और तेजस्वी यादव की को सीएम बनाने की बातें भी सियासी गलियारों में में उठने लगी है।

### शेल कंपनी को दिया था टेंडर

बाद में इस आबंटन के एवज में पटना में करोड़ों की जमीन एक शेल कंपनी डिलाइट मार्केटिंग कंपनी (जो अब लारा प्राइवेट कंपनी के नाम से जानी जाती है) को ट्रांसफर कर दिया गया था। माना जाता है कि यही लालू की बेनामी संपत्ति है।सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना के हाथ में इस केस की जिम्मेदारी है।

सीबीआई के मुताबकि प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि होटल आवंटन में गड़बड़ियां हुई हैं। होटल लीज पर देने के बदले जमीन ली गई। 65 लाख में 32 करोड़ की जमीन ली गई।

### क्या है आईआरसीटीसी टेंडर घोटाला

गौरतलब है कि साल 2004 में जब लालू यादव रेलमंत्री थे तब रेलवे के दो होटलों को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया गया था। इनकी देखभाल करने के लिए टेंडर जारी किए गए थे। बाद में यह पाया गया कि टेंडर बांटने में गड़बड़ियां हुई हैं। लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के पुरी और रांची स्थित दो होटलों का आवंटन कोचर बंधु की कंपनी सुजाता होटल को नियमों को ताक पर रखते हुए कर दिया था।

# मुंबई में अमृत काल विजन जारी करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण में भारतीय समुद्री ब्ल्यू इकॉनोमी के लिए दीर्घकालिक रोडमैप अमृत काल विजन 2047 जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह शिखर सम्मेलन 17 से 19 अक्टूबर तक मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय ब्ल्यू इकॉनोमी के लिए दीर्घकालिक रोडमैप अमृत काल विजन 2047 का अनावरण करेंगे। इस रोडमैप में बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाने, टिकाऊ कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने और अंतराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल की रूपरेखा बताई गई है। इस अत्याधुनिक योजना के अनुरूप, प्रधानमंत्री 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित किया जाएगा।



**■ 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा शिखर सम्मेलन**

# पांच पैसे के लिए भी नहीं कहता कांग्रेस हाईकमान : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को उन आरोपों राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताते हुए खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि आयकर विभाग की ओर से की गई छापेमारी में जब्त नकदी का कांग्रेस पार्टी से संबंध है। एक दिन पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि एक ठेकेदार और उसके बेटे से 42 करोड़ रुपए समेत नकदी जब्त की गई है, जिनका संबंध कांग्रेस से था। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि सिद्धारमैया सरकार राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि जब्त की गई नकदी को पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में लगाया जाना था, सिद्धारमैया ने कहा, हमारा इससे (जब्त किए गए पैसे से) कोई संबंध नहीं है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उन्हें खुद की लड़ाई लड़नी चाहिए। जब हम चुनाव लड़ते हैं तो अन्य राज्यों से धन के लिए कहते हैं। जनता ही आशीर्वाद देती है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अब तक पांच पैसे के लिए भी नहीं कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमार स्वामी की आयकर विभाग की छापेमारी में जांच की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि हमें क्यों जांच करनी चाहिए।यह आयकर विभाग जांच करे। आयकर विभाग ने छापेमारी की है और उसे ही जांच करनी चाहिए। मेरी सरकार को क्यों करना चाहिए (राज्य) सरकार के खिलाफ कहां आरोप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति से प्रेरित बयानों के आधार प र कोई भी जांच नहीं की जा सकती।



**■ मुख्यमंत्री ने भाजपा के आरोपों का किया खंडन**

## सार संक्षेप

### कश्मीर में चाकू मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को श्रीनगर में एक युवक को कथित तौर पर चाकू मारने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गत शनिवार को जवाहर नगर श्रीनगर में एक युवक को चाकू मारने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी इखराजपोरा निवासी उमर फैयाज और जवाहर नगर के इमरान मुश्ताक वानी हैं।

### उत्तराखंड में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नैनीताल।** उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नेपाल रहा। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किमी नीचे रही है। इसलिए किसी जानमाल की आशंका नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर ने बताया कि जिले में अभी तक किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नेपाल से सटे भूभाग में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अभी तक इनका केन्द्र नेपाल ही रहा है।

### ईडी के सामने हुए पेश अभिषेक के पीए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस (तृंका) के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय सोमवार को शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए। रॉय समन के लिए सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक स्थित केंद्र सरकार कार्यालय परिसर में पहुंचे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, ईडी मनी ट्रेल्स की जांच कर रही है। कथित शिक्षक भर्ती घोटाला जिसमें कई शीर्ष राजनेता जांच के दायरे में हैं और तत्कालीन वाणिज्य मंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व शिक्षा मंत्री सहित कई अन्य लोग एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। रॉय ने ईडी के नोटिस को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया था।

# बिहार में सिपाही को गोलियों से किया छलनी

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के वैशाली जिले में एक बार फिर अपराधियों ने बिहार की पुलिस व्यवस्था पर हमला करते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली के सराय बाजार इलाके में अपराधियों ने एक सिपाही को गोलियों से छलनी कर दिया, जिसके बाद इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। घटना सराय थाना क्षेत्र के सराय बाजार स्थित सूरत की है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम सूरत चौक स्थित यूको बैंक के पास खड़ी थी। इसी बीच तीन अपराधी बैंक में प्रवेश कर रहे थे जिन्हें पुलिसकर्मियों ने रोका जिसके बाद सभी अपराधी भागने लगे जिसमें से दो अपराधियों को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। जबकि भाग रहे एक अपराधी के पीछे सिपाही अमिताभ कुमार दौड़ने लगे कुछ दूर जाकर अपराधी ने सिपाही अमिताभ को गोली मार दी। आनन-फानन में घायल सिपाही को हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहां से एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया।लेकिन, सिपाही को नहीं बचाया जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सिपाही अमिताभ कुमार मुंगेर जिले के खड़गपुर के रहनेवाले थे। बताया जा रहा है कि सभी अपराधी बैंक में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे लेकिन उससे पहले ही यह घटना घट गई, जिस गाड़ी से पुलिस टीम सूरत चौक पर गई थी उसके चालक रमेश कुमार ने बताया कि अमिताभ अकेले ही अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, जिसके कारण ही भाग रहे अपराधी ने सिपाही को चार गोली मार दी।

बहरहाल इस घटना ने एक बार बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है और जब बिहार में पुलिस वाले ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।

**■ इलाज के दौरान हुई मौत**

# बिहार विस का शीतकालीन सत्र छह नवंबर से

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की तारीखों का एलान कर दिया गया है। आगामी 6 नवंबर से बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, जो 10 नवंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी। पांच दिनों तक चलने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार कई प्रस्तावों को पास करेगी। इस दौरान जातीय गणना से जुड़ा प्रस्ताव भी सरकार दोनों सदनों से पास कराएगी। इसको लेकर विधानमंडल की दोनों सदनों में चर्चा कराई जाएगी। बता दें कि जातीय गणना के आंकड़ों पर उठ रहे सवाल पर पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि वे जातीय गणना की रिपोर्ट को सदन में रखेगे और इसपर चर्चा के बाद सभी की राय जानने के बाद सरकार इसपर निर्णय लेगी और इसके बाद ही आरक्षण का दायरा बढ़ाने को लेकर फैसला लिया जाएगा।




**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी 54 एवं 55, 4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिन्डी, चेन्नई-600032

**कब्जा सूचना (परिशिष्ट) (IV) (नियम 8(1) के तहत)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं नीचे वर्णित तिथियों को जारी की थीं, जिसमें आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) से उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

यहां नीचे वर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा नीचे वर्णित कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

उपरिवर्णित कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड की नीचे वर्णित बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदारों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| कर्जदार/रों का नाम एवं पता तथा ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जे में ली गई सम्पत्ति का विवरण | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं. ग0भ्स।प्च00002510647<br>1. सन्नी पंजवानी,<br>2. मीना पंजवानी<br>दोनों निवासी : निकट एसएसडी ब्लड बैंक, नेताजी चौक, कटोरा तालाब, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | 12/02/2022 | रू. 38,00,000/- (रूपए अड़तीस लाख मात्र) 11-02-2022 तक | सम्पत्ति स्थित फ्लैट नंबर 601, गोल्डन टावर, ब्लॉक एआईए, तल सं. : 6, 191/19, 175/3, 169/4, वार्ड नंबर 46, डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, पीएच नंबर 114, ग्राम आमलीडीह, रायपुर, कृषकनगर, रायपुर-492006, छत्तीसगढ़ | 12-10-2023 (कब्जा) |

स्थान : रायपुर
तिथि : 12-10-2023

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता- 700020, सीआईएन नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आलम मोहम्मद/ सहजादी बेगम/ नयापारा सुन्नी मस्जिद ट्रस्ट, कमरा नंबर- 13 एवं 15, नयापारा, छत्तीसगढ़, रायपुर- 492001/ LBCTK00003787943/ LBRPR00001028455 | फ्लैट नंबर 303, तीसरी मंजिल, गुलशन अपार्टमेंट, राजा तालाब (पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड नंबर 26), खसरा नंबर 169/3 (खसरा 169 का हिस्सा), पी.एच. नंबर 109, ग्राम पंडितराय, आर.एन.एम. रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट (74.32 वर्ग मीटर) बालकनी सहित/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 11.10.2023 | मई 22, 2023 रु. 10,48,646/- | रायपुर/ कटक/ अहमदाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 17, 2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**Form C 7 Declarations**

**Bharatiya Janata Party, Chhattisgarh**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

(As per the Election Commission of India's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

(1) Name of the Constituency – (AC No.87, AC Name: Chitrakot)
Name of the Candidate – Shri Vinayak Goyal


| Sl. | | Particulars | Details |
|---|---|---|---|
| 1 | | **Criminal antecedents** | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC- S. 341, 294, 427, 323, 506, 34, 176, 147 |
| | b. | Case no. | 1. 1092/2021 |
| | c. | Name of the court | 1. CJM, Jagdalpur |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information required to be given | NA |
| 2 | | The reason for the selection of the candidate | Shri Vinayak Goyal is a highly dedicated individual who has tirelessly devoted their time and efforts to social service in the constituency for many years. They have a deep understanding of the needs and challenges of the people and have worked tirelessly to improve the quality of life for all members of the community. They have built strong relationships with the voters, establishing a genuine and positive rapport with them, and have earned their trust and respect. Their unwavering commitment to the betterment of the community is reflected in their track record of achievements and the numerous positive changes they have brought about. We are confident that they are the best choice to represent the constituency and will continue to serve the people with passion, dedication, and integrity. |
| 3 | | Reason as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as a candidate | The Bharatiya Janata Party is dedicated to selecting the most qualified candidate who can best represent the hopes and desires of the people of the constituency. After extensive consideration and evaluation of all potential candidates, the current candidate was selected as the most suitable choice. The party firmly believes that this candidate has the necessary skills, experience, and dedication to best serve the people of the constituency and represent the values of the BJP. We are confident that this candidate has the ability to bring about positive change and progress for the constituency and will work tirelessly to meet the needs of the people. Therefore, we stand by our decision to field this candidate, who we believe is the best choice to represent the BJP and the people of the constituency. |

Name of the Constituency – (AC No. 87, AC Name: Chitrakot)

Name of the Candidate – Shri Vinayak Goyal

Signature of the Office Bearer of the Political Party

**Name and Designation:**



**Shri Naresh Chandra Gupta (State Office Incharge- Bharatiya Janata Party Chhattisgarh)**

# दुनिया रंग-बिरंगी



## गणपत के पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाए : टाइगर श्राफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ का कहना है कि उन्होंने फिल्म गणपत के पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाये हैं। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपथ में टाइगर श्राफ के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ ने कहा कि फिल्म गणपत में किरदार निभाने का उनका अनुभव अलग था। उन्होंने कहा कि यह बहुत अलग है, मैंने पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाए हैं। मैं हमेशा एक ट्रैक पर सीधा-सादा हीरो रहा हूं, यह एक डार्क साइड है और बिल्कुल बच्चे जैसा है। गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने गया है।

## मुझे नहीं लगता कि कोई शाहरुख जैसा रोमांस कर सकता है : रानी मुखर्जी

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी अपनी आइकोनिक फिल्म 'कुछ कुछ होता है'



के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके को-स्टार शाहरुख खान ने उन्हें रोमांस करना सिखाया है।

रानी निर्देशक करण जौहर और शाहरुख के साथ फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। शाहरुख के बारे में बात करते हुए 'चलते चलते' फेम एक्ट्रेस ने कहा कि शाहरुख ने मुझे रोमांस करना सिखाया। जब शाहरुख कहते हैं कि युवाओं को रोमांस करने दो, तो मुझे नहीं लगता कि कोई उनके जैसा रोमांस कर सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि जब मैं 17 साल की थी तब मैंने फिल्में करना शुरू कर दिया था और यह हैरानी वाली बात है कि मेरी एक बेटी है जो दिसंबर में आठ साल की होने वाली है। तो, यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे मेरी बेटी इस फिल्म में थी। रानी ने सना सईद का जिक्र किया, जिन्होंने रोमांटिक ड्रामा में अंजलि खन्ना का किरदार निभाया था। फिल्म में अंजलि खन्ना टीना और राहुल की बेटी हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार पर प्यार बरसाने के लिए फैंस को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि टीना को प्यार देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक न्यूकमर थी, शाहरुख और काजोल पहले ही 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (डीडीएलजे) कर चुके थे, ये जोड़ी शानदार है। रानी ने कहा कि मैं बहुत घबरायी हुई थी कि ऑडियंस यह स्वीकार नहीं करेगी कि अंजलि के रहते राहुल को टीना से प्यार हो गया। लेकिन, वह सब करण की राइटिंग थी, जो उन्होंने लिखा और उसे साकार किया। करण द्वारा लिखित और निर्देशित, 'कुछ कुछ होता है' धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

# कश्मीर में इस बार बर्फ का नजारा विस्टाडोम के भीतर से निहारेंगें पर्यटक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। चाहे घोषणा के छह सालों के बाद ही सही, कश्मीर में इस सप्ताह से बडगाम और बनिहाल के बीच स्वदेश निर्मित विस्टाडोम (ग्लास-टाप) ट्रेन चलने की संभावना है। इसके चलने के बाद कश्मीर में आने वाले टूरिस्ट इस बार बर्फीली वादियों के नजारे को विस्टाडोम के कोच के भीतर से ही निहारेंगें।

■ **रेलवे ने अगले सप्ताह से इसे चलाने का लिया है फैसला**

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा गया है और उन्हें मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ट्रेन का परीक्षण इस साल की शुरुआत में ही किया जा चुका है और वे इसे चलाने के लिए तैयार हैं। कश्मीर घूमने आने वाले पर्यटक अब वादी के प्राकृतिक सौंदर्य का मजा पारदर्शी शीशे की बड़ी-बड़ी खिड़कियों और शीशे की छत वाली कोच जिसे विस्टाडोम कोच कहते हैं, में बैठ कर ले सकेंगे। विस्टाडोम कोच की सुविधा बनिहाल-बारामुल्ला रेलवे सेक्शन पर उपलब्ध होनी है। पहले इसे कई सालों तक पत्थरबाजों के डर से रोका गया था और इस साल 15 अगस्त को चलाने का फैसला भी लिया गया था। प्रदेश पर्यटन विभाग और रेलवे मंत्रालय की ओर से शुरू की जा रही इस सुविधा का एलान 2017 में जून में तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने किया था। कहा तो यही जा रहा है कि कश्मीर की यात्रा करने वाले पर्यटक अब वहां के विस्मयकारी ग्रामीण परिदृश्य का बखूबी नजारा देख पायेंगे। क्योंकि पर्यटन विभाग और रेलवे, यहां की एकमात्र रेल लाइन पर विस्टाडोम कोच शुरु कर रहे हैं। हालांकि पिछले साल हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला के बीच चलने वाली हिमदर्शन एक्सप्रेस और मुंबई-गांधीनगर शताब्दी में विस्टाडोम कोचों को जोड़ दिए जाने के बाद से ही जम्मू कश्मीर के लोग निराश थे। निराशा इसलिए थी क्योंकि कश्मीर में इसे चलाने की घोषणा 6 साल पहले हुई थी। इसका परीक्षण भी किया जा चुका था। पर कभी कोरोना और कभी पत्थरबाजों के डर से टूरिस्टों के लिए इसे आरंभ ही नहीं किया जा सका था। रेलवे



के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेवा के संबंध में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। हम बस मंत्रालय के अंतिम निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। विशेष ट्रेन, जो श्रीनगर, अवंतीपोरा, अनंतनाग, काजीगुंड और बनिहाल सहित प्रमुख स्थानों पर रुकेगी, से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होने और स्थानीय निवासियों के यात्रा बोझ को कम करने की उम्मीद है। इस नई सेवा की असाधारण विशेषताओं में से एक वातानुकूलित चेयर कार कोच का समावेश है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यात्री आरामदायक और शानदार यात्रा का आनंद ले सकें। बड़ी कांच की खिड़कियों, कांच की छत, अवलोकन लाउंज और घूमने योग्य सीटों के साथ पारदर्शी वातानुकूलित कोच, जम्मू और कश्मीर में इस तरह की पहली सेवा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को बनिहाल से बडगाम के बीच लुभावने सुंदर स्थानों का अनुभव कराना है। ट्रेन 110 किलोमीटर की दूरी 90 मिनट में तय करेगी। पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए सीटों को खाने के लिए हवाई जहाज की तरह ही ट्रे से जोड़ा गया है और यात्री यात्रा के दौरान हल्का भोजन उपलब्ध कराने का आर्डर दे सकते हैं।

### लिंक पर क्लिक करते ही महिला खाते में बिना मांगे आया कर्ज का पैसा

# दोगुनी राशि वसूलकर साइबरबुलिंग, सेक्सटॉर्शन का बनी शिकार

**लखनऊ,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आसान ऋण का ऑफर देखकर उसके बारे में और जानने के लिए लिंक पर क्लिक करना इंदिरा नगर की एक महिला को महंगा पड़ा। उसके खाते में बिना मांगे लोन का पैसा जमा कराकर उससे न सिर्फ दोगुनी राशि वसूली गई बल्कि उसे साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन का शिकार भी होना पड़ा। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने सोमवार को कहा कि इंदिरा नगर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और 13 अक्टूबर को आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना सितम्बर की है। महिला को अपने मोबाइल फोन पर एक आकर्षक लोन का ऑफर मिला। शुरू में उत्सुकतावश उसने उसके बारे में और जानने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक किया। हालांकि, बाद में जब उसे पता चला कि 3,300 रुपए के लोन के बदले सात दिन के भीतर उसे 6,041 रुपए चुकाने होंगे तो उसने प्रस्ताव




अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद आश्चर्यजनक रूप से उसके बैंक खाते में 3,300 रुपए जमा किए गए, जबकि उसने लोन के लिए सहमति नहीं दी थी। हालांकि उसने स्वीकार किया कि एक दिन पहले ऋण आवेदन प्रक्रिया के दौरान उसने अपने बैंक खाते के विवरण का खुलासा कर दिया था। अगले छह दिनों में उसे कर्ज चुकाने की मांग को लेकर लगातार फोन कॉल आते रहे, जिससे वह हतप्रभ रह गई। डर कर उसने अनिच्छा से एक मोबाइल ऐप के माध्यम से भुगतान किया। हालांकि, उसे तब और गहरा झटका लगा जब अगले दिन उसके बैंक खाते में 5,400 रुपये जमा हो गये और एक सप्ताह के भीतर इसके बदले 9,062 रुपए चुकाने की मांग की गई। उसने कहा कि मैंने कभी भी ऋण के लिए आवेदन नहीं किया था, और फिर भी रहस्यमय तरीके से पैसा मेरे बैंक खाते में जमा कर दिया गया। मैंने इस अनधिकृत जमा के लिए जिम्मेदार कंपनी के अधिकारियों तक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन मेरे प्रयास व्यर्थ रहे। दो दिन बाद, मुझे एक फोन आया, और मैंने कॉल करने वाले को अस्वीकृत लेनदेन के बारे में बताया। मैंने स्पष्टीकरण मांगा और अतिरिक्त पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी धमकी और सेक्सटॉर्शन पर उतर आया। महिला ने आरोप लगाया, उन्होंने मेरे मोबाइल फोन में घुसपैठ कर मेरे सभी व्यक्तिगत डेटा और मेरी गैलरी की तस्वीरों तक पहुंच प्राप्त कर ली। उन्होंने मेरे रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर भी प्राप्त कर लिए और मेरा उपहास करते हुए उन्हें अपमानजनक संदेश भेजना शुरू कर दिया। उन्होंने मुझे मेरी खुद की छेड़छाड़ की गई फोटो भेजी और धमकी दी कि यदि मैं पैसे नहीं दूंगी तो वे इसे रिलीज कर देंगे।

**मोबाइल फोन में घुसपैठ कर ली सभी व्यक्तिगत डेटा व गैलरी की**

## रोहिताश गौड़ को पसंद आई 'इंदौरी खोपरा पैटीज', शेयर किया ट्रिप का एक्सपीरियंस

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'वर्ल्ड फूड डे' पर रोहिताश ने कहा कि अपने को-स्टार शुभांगी के साथ इंदौर में गणेश चतुर्थी समारोह में हिस्सा



लेना एक अद्भुत यात्रा थी। इंदौर की मूल निवासी शुभांगी ने मुझे अलग-अलग लोकल फूड्स टेस्ट करवाएं।

उनमें से, इंदौरी खोपरा पैटीज सबसे अलग थी, स्पाइसी, टैंगी कोकोनट, सुगंधित जड़ी-बूटियों और सूखे फलों के मिश्रण से भरे कुरकुरे आलू पैटीज का शानदार कॉम्बिनेशन था।हर एक बाइट में टेस्ट था, जिसने नारियल के बारे में मेरी धारणा को मीठे से नमकीन में बदल दिया और इस अनूठे अनुभव में आनंद की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। भाबीजी घर पर हैं एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

## प्रमुख ईरानी निर्देशक दारिउश मेहरजुई और उनकी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या

**लॉस एंजेलिस,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान के सबसे प्रमुख फिल्म निर्माता दारियुश मेहरजुई और उनकी पत्नी की उनके घर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बीबीसी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार ईरानी अधिकारियों का कहना है कि शनिवार शाम को 83 वर्षीय फिल्म निर्माता दारियुश मेहरजुई और उनकी पत्नी वाहिदेह मोहम्मदीफर को राजधानी तेहरान के पास उनके घर में चाकू से घायल अवस्था में पाया गया था। मेहरजुई को ईरानी न्यू वेव सिनेमा के संस्थापकों में से एक माना जाता था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मौतों के संबंध में चार लोगों की पहचान की गई है।

मुख्य न्यायाधीश होसैन फाजेली के अनुसार, मेहरजुई ने अपनी बेटी को शनिवार रात के खाने के लिए कारज शहर में अपने घर आने के लिए आमंत्रित किया था। कहा गया कि जैसे ही वह पहुंची, उसे अपने माता-पिता के शव मिले। पटकथा लेखक और कॉस्ट्यूम डिजाइनर मोहम्मदिफर ने कथित तौर पर हाल ही में शिकायत की थी कि उन्हें धमकी दी गई थी और घर में चोरी हो गई थी। ईरानी अभिनेता और निर्देशक हाउमन सेयेदी उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने सोशल मीडिया पर हत्याओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, और उन्हें 'भयानक और क्रूर' बताया।

मेहरजुई ने एक युवा व्यक्ति के रूप में अमेरिका में पढ़ाई की और बाद में पांच साल तक फ्रांस में रहे, पहली बार अपनी 1969 की फिल्म 'द काऊ' से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि हासिल की। उनकी अन्य सबसे उल्लेखनीय फिल्मों में 'हैमौन', 'द पीयर ट्री' और 'लीला' शामिल हैं। ये फिल्में एक महिला के बारे में हैं जो अपने पति को दूसरी बार शादी करने के लिए प्रोत्साहित करती है। नई लहर आंदोलन मुख्य रूप से यथार्थवाद पर केंद्रित था लेकिन मेहरजुई को साहित्य से प्रेरणा लेने के लिए जाना जाता था।kपिछले कुछ वर्षों में उन्हें कई पुरस्कार मिले। लेकिन, जहां उनकी फिल्में अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में मनाई गईं, वहीं कुछ को सेंसरशिप के कारण ईरान में दिन का उजाला देखने को नहीं मिला।

## भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के लिए बिल्कुल फिट हैं कंगना रनौत

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कंगना रनौत का नाम निडरता और बहुमुखी प्रतिभा के पावरहाउस के रूप में सामने आता है। 'तेजस' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस बिल्कुल



परफेक्ट हैं। कंगना को न केवल अभिनय के लिए बल्कि अपनी कला के प्रति अविश्वसनीय समर्पण के लिए भी जाना जाता है। 'क्वीन' में रानी के किरदार से लेकर 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी तक, उन्होंने सभी भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया। 'तेजस' में वह फाइटर पायलट की भूमिका निभा रहीं हैं। इस भूमिका को निभाने के लिए फिजिकल और मेंटर तौर पर काफी मजबूत होने की जरुरत होती है। फाइटर पायलट की भावना अद्वितीय साहस में से एक है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां व्यक्तियों को सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जहां सफलता अक्सर बिना सोचे-समझे लिए गए निर्णयों का परिणाम है। तेजस बहादुर महिलाओं को सलाम करती है। स्क्रीन पर कंगना की उपस्थिति और ट्रेलर में दिखाए गए डायलॉग्स ने एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव के लिए सेट तैयार किया।

## मां दुर्गा के अनोखे भक्त, नवरात्र में सीने पर 21 कलश रख करते हैं आराधना


**पटना,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। शारदीय नवरात्र के दौरान शहर से लेकर गांव तक लोग मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं। इस दौरान भक्त मां शेरावाली को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह से आराधना और साधना में जुटे हैं। ऐसे ही पटना में एक भक्त पुजारी नागेश्वर बाबा हैं जो सीने पर 21 पीतल के कलश रखकर मां की आराधना में जुटे हैं। ऐसा नहीं कि नागेश्वर बाबा कोई यह पहली बार कर रहे हैं। यह उनका 27 वां वर्ष है, जब वे मां की आराधना के लिए ऐसी साधना कर रहे हैं। पटना के सचिवालय स्थित नौलखा मंदिर के पुजारी बाबा नागेश्वर ने रविवार को नवरात्र शुरू होने के साथ सीने पर 21 कलश स्थापित कर लिया। वे अगले नौ दिनों तक निर्जला, बिना नित्यक्रिया के सीने पर कलश लिए लेटे रहेंगे। 64 वर्षीय नागेश्वर बाबा का कहना है कि मानव का कल्याण हो और धर्म की रक्षा हो, इसी निमित वे मां की आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि बस माता का आशीर्वाद है जो मैं उनकी आराधना कर पाता हूं। बताया जाता है कि उन्होंने शुरुआत एक कलश रख कर की थी, फिर इसकी संख्या साल दर साल बढ़ती चली गई। मंदिर के व्यवस्थापक विजय यादव कहते हैं कि नागेश्वर बाबा की आस्था ही उन्हें शक्ति प्रदान करती है। नौ दिनों के बाद जब बाबा उठते हैं तब भी अन्य



दिनों की भांति चलते हैं। कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह सब माता की कृपा है। विजय यादव ने कहा कि बाबा को देखने के लिए दूर दराज से भी लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा नौलखा मंदिर में लोग मां की पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

## 75 साल की हुई हेमा मालिनी

**मंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी आज 75 वर्ष की हो गई। 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के आमानकुंडी में जन्मीं हेमा मालिनी की मां जया चक्रवर्ती फिल्म निर्माता थीं। हेमा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चेन्नई से पूरी की। वर्ष 1961 में हेमा मालिनी को एक लघु नाटक पांडव वनवासम में बतौर नर्तकी काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1968 में हेमा मालिनी को सर्वप्रथम राजकपूर के साथ सपनों का सौदागर में काम करने का मौका मिला। फिल्म के प्रचार के दौरान हेमा मालिनी को ड्रीम गर्ल के रूप में प्रचारित किया गया। बदकिस्मती से फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन अभिनेत्री के रूप में हेमा मालिनी को दर्शकों ने पसंद किया गया। हेमा मालिनी को पहली सफलता वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म जॉनी मेरा नाम से हासिल हुई। इसमें उनके साथ अभिनेता देवानंद मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में हेमा और देवानंद की जोड़ी को दर्शकों ने सिर आंखों पर लिया और फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद रमेश सिप्पी की वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म अंदाज में भी हेमा मालिनी ने अपने अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 1972 में हेमा मालिनी को रमेश सिप्पी की ही फिल्म सीता और गीता में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म की सफलता के बाद वह शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचीं। उन्हें इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



हेमा मालिनी ने जब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा ही था तब एक तमिल निर्देशक श्रीधर ने उन्हें अपनी फिल्म में काम देने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उनमें स्टार अपील नहीं है। बाद में सत्तर के दशक में इसी निर्माता-निर्देशक ने उनकी लोकप्रियता को भुनाने के लिए उन्हें लेकर 1973 में गहरी चाल फिल्म का निर्माण किया। सिल्वर स्क्रीन पर हेमा मालिनी की जोड़ी धर्मेन्द्र के साथ खूब जमी। यह फिल्मी जोंड़ी सबसे पहले फिल्म शराफत से चर्चा में आई। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म शोले में धर्मेन्द्र ने वीरू और हेमामालिनी ने बसंती की भूमिका में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हेमा और धर्मेन्द्र की यह जोड़ी इतनी अधिक पसंद की गई कि धर्मेन्द्र की रील लाइफ की ड्रीम गर्ल, हेमामालिनी उनके रीयल लाइफ की ड्रीम गर्ल बन गईं। बाद में इस जोड़ी ने ड्रीम गर्ल, चरस, आसपास, प्रतिज्ञा, राजा जानी, रजिया सुल्तान, अली बाबा चालीस चोर, बगावत, आतंक, द बर्निंग ट्रेन, दोस्त आदि फिल्मों में एक साथ काम किया। सत्तर के दशक में हेमा मालिनी पर आरोप लगने लगे कि वह केवल ग्लैमर वाले किरदार ही निभा सकती हैं लेकिन उन्होंने खुशबू, किनारा और मीरा जैसी फिल्मों में संजीदा किरदार निभाकर अपने आलोचकों का मुंह हमेशा के लिए बंद कर दिया।

## सम्मान दिलाने के लिए नगरवधुओं के आंगन की माटी से बनती है दुर्गा प्रतिमा

**प्रयागराज,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा पंडालों में प्रतिष्ठित होने वाली महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा में नगरवधू के आंगन की माटी के महत्व के पीछे सामाजिक तिरस्कार को एक प्रकार से सम्मान प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का तृण प्रयास है। प्रयागराज जीटीवी नगर दुर्गा पूजा समिति (करेली) के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता ने बताया कि हिंदू संस्कृति में कसब (वेश्यावृत्ति) को भले ही गलत और समाज में देह व्यापार करने वाली महिला को घृणा एवं तिरस्कार की नजर से देखा जाता हो, लेकिन नवरात्र के इस पवित्र त्योहार में 'कोठे' के आंगन की माटी के बिना मां दुर्गा प्रतिमा अधूरी मानी जाती है। इस के लिए अलग-अलग तमाम मान्यताएं और कहानियां प्रचलित हैं।

■ **दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक और कई महात्म्य**



मान्यता अनुसार जब तक नगरवधू के आंगन की माटी नहीं मिलती है तब तक दुर्गा प्रतिमा का आरंभ अधूरी मानी जाती है, इसीलिए मां पूजा भी स्वीकार नहीं करती हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के लिए ऐसे-ऐसे स्थानों के माटी मिलाए जाते हैं, खासकर नगरवधू के आंगन की माटी से देवी की प्रतिमा बनना इस बात का संदेश है कि समस्त नारी, चाहे वह एक वेश्या ही क्यों न हो, मातृत्व शक्ति का उद्बोधन करती है। वह 'सर्वभूतेषु' हैं दत्ता ने बताया कि नगरवधू अपनी पूरी जिंदगी तिरस्कार झेलती हैं। उसके दर्द को मां दुर्गा महसूस करती है, इसी कारण प्रतिमा में कोठे की माटी का उपयोग कर उनको सम्मान प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। वहीं, कई लोग इस परंपरा को समाज में सुधार और बदलाव की दृष्टि से देखते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का एक जरिया भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक,धार्मिक और सामाजिक और कई महात्म्य हैं। यह पूजा नारी शक्ति, के प्रति समान आदर-सम्मान और प्रेम को दर्शाता है। भारतीय महाकाव्यों और पुराणों के विशेषज्ञों का मानना है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी की प्रतिमा की स्थापना पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है, जो जगत में सामाजिक सुधारों का पताका लिए किसी मिशन के मानिंद नजर आती है। नामचीन पत्रकार अमिताभ भट्टाचार्य ने बताया कि भारतीय संस्कृति के पर्व-त्योहार और परंपराओं में अनेक संदेश छिपे होते हैं। इसी क्रम में निर्मित होने से पहले दुर्गा प्रतिमा में लगनी वाली माटी से तिरस्कृत नगरवधुओं को सम्मान दिलाने के लिए तृण प्रयास भी एक संदेश है। उन्हें भी यह एहसास हो कि उनका भी सम्मान है और उनका अस्तित्व घृणित नहीं अपितु पवित्र है। इसलिए उनके निवास की माटी का सदुपयोग देवी दुर्गा की प्रतिमा निर्माण के योग्य माना गया है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा वास्तव में बंगाल में काली की पूजा है। शारदीय नवरात्र में उनकी प्रतिमा को पंडालों में स्थापित कर आराधना करने का चलन रहा। उसके बाद जहां भी सनातनी है, पूजा का चलन दुनिया के कोने-कोने में पहुंच गया। बंगाल की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नगरवधु के निवास की माटी से दुर्गा प्रतिमा बनाई जाती है।

भट्टाचार्य ने बताया कि नगरवधु के आंगन के अतिरिक्त पवित्र मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए और नौ स्थानों की मिट्टी उपयोग में आने की बात बतायी जाती है। पौराणिक कहानियों के अनुसार दुर्गा की मूर्ति को बनाने में कोठे की माटी के उपयोग की मान्यता है जब कोई व्यक्ति नगरवधू के निवास पर जाता है वह अपनी पवित्रता वहीं पर छोड़ जाता है।

देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जलवायु परिवर्तन: बच्चों के छूटते स्कूल

लगभग तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। स्वाभाविक है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वालों के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं रह जायेगा कि वे प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अन्यत्र आसरा लें। अपने मूल स्थानों को छोड़ने से किस तरह से अन्य संकट मानव जीवन में आते हैं, यह अब दुनिया भर में देखा जा रहा है। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं।

जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। प्रभावित लोगों के समक्ष आजीविका से लेकर सांस्कृतिक नुकसानों तक की चर्चा होती है। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाएं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं।

इसी क्रम में आई एक नयी रिपोर्ट बतलाती है कि ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा असर दुनिया भर के बच्चों पर हो रहा है। यूनिसेफ की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली बाढ़, तूफान, सूखा व जंगलों की आग के कारण हर रोज 20 हजार बच्चे स्कूल छोड़ने के लिये मजबूर हो रहे हैं। 44 देशों में हुए इस अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 के बीच 4.31 करोड़ बच्चों को शालाएं छोड़नी पड़ीं। अकेले हो या सपरिवार, विस्थापन के चलते भारत, चीन और फिलीपींस में ही 2.23 करोड़ विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी। बाढ़ व तूफान प्रमुख कारण रहे हैं। अनुमान व्यक्त किया गया है कि जिस तरह से मौसम का बदलाव जारी है, 30 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा बच्चे केवल इन्हीं कारणों से शालाएं छोड़ देंगे। डोमिनिका, वानुआतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले बच्चे तूफान से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। दूसरी तरफ, जहां बाढ़ ने बच्चों का जीवन तहस-नहस किया. उनमें सोमालिया व सूडान सबसे ऊपर हैं। सूखे के कारण 13 लाख और जंगलों में लगने वाली आग से 8 लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए जिसके कारण उनके स्कूल छूटे हैं। कनाडा, इज़रायल तथा अमेरिका में सबसे ज्यादा ऐसी आगजनी हुई है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि दुनिया भर के बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के लिये और भी 4.5 करोड़ शिक्षकों की आवश्यकता है।

बच्चों को लेकर प्रकाशित हुई यह रिपोर्ट केवल जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में है। गरीबी, बेरोजगारी, अकाल, भूकम्प, युद्ध, दंगे, सरकारी उत्पीड़न, पलायन, अलगाववादी या आतंकी संगठनों चलाये जाने वाले अभियानों के तहत होने वाली कार्रवाइयों जैसे और भी अनेक कारण होते हैं जिनसे बच्चों की पढ़ाई छूटती है। इज़रायल-फिलीस्तीन युद्ध को ले लें या फिर भारत के मणिपुर को देखें, तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर हो रहा है। कुछ राज्यों में माओवादियों द्वारा स्कूल या तो बर्बाद किये जाते रहे हैं या उनकी दहशत के कारण लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना बन्द कर देते हैं।

ऐसे स्थलों से होने वाले पलायन के कारण बच्चों की शालाएं पीछे रह जाती हैं। ग्रामीण इलाकों में अकाल पड़ने पर परिवारों के सामने आजीविका सम्बन्धी संकट आ खड़ा होता है फलत: वे पलायन कर जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन वे बच्चों की शिक्षा जारी नहीं रख पाते या छूट चुकी पढ़ाई को पुन: प्रारम्भ नहीं कर पाते। वे जगह-जगह काम के लिये घूमते रहते हैं। इसके चलते उनके लिये सम्भव नहीं रह जाता कि बच्चों को कोई स्थायी स्कूल प्रदान करा सकें। ऐसे एक नहीं बहुतेरे कारण होते हैं जिनके चलते बच्चों को उनके स्कूल व अध्ययन को छोड़ना पड़ता है। कारण जो भी हो, जलवायु परिवर्तन का बच्चों की शिक्षा पर होने वाले असर के बहाने से ही सही, सभी देशों की सरकारों के लिये यह इस निश्चय को दोहराने का अवसर है कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के व्यवधान दूर हों। एक आधुनिक व सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका व योगदान को बतलाये जाने की ज़रूरत नहीं है। इसलिये सारी सरकारें और विश्व मंच इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर हल निकाले ताकि किसी भी बच्चे को शाला न छोड़नी पड़े।

# ...अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने

नरेंद्र मोदी राज के गरीबों का कल्याण करने के अति-प्रचार पर पानी फेरते हुए, एक बार फिर वैश्विक भूख सूचकांक तैयार करने वाले प्रतिष्ठित संगठनों ने दिखाया है कि मौजूदा निजाम में गरीबों की हालत, वास्तव में बद से बदतर होना जारी है। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख का पैमाना, आम जनता की दशा का न्यूनतम से न्यूनतम पैमाना है, जो दिखाता है कि पेट भर जरूरी आहार हासिल करने की न्यूनतम जरूरत पूरी कर पाने से भी गरीब कितनी दूर हैं। और इस न्यूनतम पैमाने पर भारत, जो जीडीपी के लिहाज से दुनिया की पांचवीं बल्कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरता है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जाने की शेखी मारता है, 2023 के लिए की गई गणना में, दुनिया के उल्लेखनीय रूप से भूख से प्रभावित 125 देशों में, 111वें नंबर पर निकला है। पड़ौसी देशों में लंबे पश्चिमी कब्जे तथा उसके खिलाफ युद्ध से तबाह अफगानिस्तान और अफ्रीकी गरीब देशों में सोमालिया समेत, कुछ चौदह देश ही हैं, जहां की जनता भारत से भी ज्यादा भूख की मारी हुई है। याद रखने की बात है कि बांग्लादेश की तो बात छोड़ ही दें, पड़ौसी देशों में उस पाकिस्तान में भी हालात भारत से बेहतर हैं, जहां आटे के ऊंचे दाम और भूख के चलते दंगों की खबरें भारत का गोदी मीडिया बड़े चटखारे लेकर प्रसारित करता है। और उस श्रीलंका से भी, जहां पिछले साल भूख की मारी जनता बगावत पर उतर आई थी और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सरकार को एक मौके पर तो देश छोड़कर ही भागना पड़ा था!

जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है, देशों की भूख की स्थिति की शुद्ध गणना का पैमाना मानने के बजाय, इसे भूख के पहलू से देशों की तुलनात्मक स्थिति का पैमाना मानना ही ज्यादा सटीक होगा। मिसाल के तौर पर पिछले साल भारत, 121 देशों में से 107वें नंबर पर था, जबकि इस बार इस सूचकांक में शामिल देशों की संख्या, चार देशों के और जुड़ने के साथ, 125 हो गई है और भारत 111वें अंक पर खिसक गया है। ऐसे में मुश्किल होते हुए भी सैद्धांतिक रूप से यह असंभव नहीं है कि सभी चार देश, भारत से कम भूख वाले जुड़े हों और इसलिए, भारत का पिछले साल से चार अंक नीचे खिसक जाना, अपने पीछे उसके जहां के तहां बने रहने की ही सच्चाई छुपाए हो। बहरहाल, भारत किसी भी तरह से पिछले साल की अपनी स्थिति के मुकाबले, दूसरे देशों की तुलना में भी रत्तीभर सुधार का भी दावा नहीं कर सकता है।

इस सिलसिले में यह भी गौरतलब है कि आयरलैंड तथा जर्मनी की दो गैर-सरकारी संस्थाओं—कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगरहिल्फ—द्वारा हर साल तैयार की जाने वाली विश्व में भूख की स्थिति पर यह प्रतिष्ठित रिपोर्ट, महज आहार और पोषण की उपलब्धता पर ही आधारित नहीं होती है। इस रिपोर्ट में कुल चार पैमानों को लिया जाता है यानी आहार गत स्थिति के अलावा, पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों की अल्पविकास या वेस्टिंग यानी लंबाई के अनुपात में वजन के कम रहने का दर्जा। तीसरा पैमाना है, बच्चों का ठिगापन या स्टंटिंग यानी उम्र के अनुपात में, लंबाई कम रहने का दर्जा। और आखिरी पैमाना है, पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए मृत्यु दर। भूख की दशा के इस माप में, आहार या पोषण की आम स्थिति के अलावा, बच्चों से संबंधित तीन पैमाने जोड़े जाना, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह इस माप को बच्चों के विकास पर पड़ रहे प्रभाव का माप करने के जरिए, सिर्फ तात्कालिक भूख से बढ़कर, भूख के टिकाऊ रुझान का माप बना देता है। और यह माप, किसी भी देश के भविष्य के लिए परिप्रेक्ष्य के रूप में भूख को सामने लाता है, यह तो खैर स्वत:स्पष्ट ही है।


राजेंद्र शर्मा

> जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है।

यह रिपोर्ट बताती है कि भारत में 18.7 फीसद बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। यह अनुपात, दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। इस अनुपात का 15 फीसद से ज्यादा होना ही 'अत्याधिक' चिंताजनक की श्रेणी में आता है और भारत में यह अनुपात इस श्रेणी में भी कहीं ज्यादा है। भारत, भूख के मारे इन 125 देशों भी इकलौता है, जहां चाइल्ड वेस्टिंग को 'अत्याधिक' चिंता की श्रेणी में रखा गया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इसे ही कुपोषण का सबसे बुरा रूप तथा खराब संकेतक माना जाता है। जहां तक बच्चों की ही स्थिति से जुड़े दूसरे पैमाने, ठिग्गेपन या स्टंटिंग का सवाल है, भारत में 35 फीसद बच्चे अपनी उम्र के अनुपात में कम लंबे हैं। इस मामले में भी भारत की स्थिति को 'अत्यधिक' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि इस मामले में भारत की ही स्थिति सबसे बुरी नहीं है। कई अफ्रीकी तथा पूर्वी एशिया के भी कुछ देशों की स्थिति, इस मामले में भारत से भी बदतर है। तीसरे पैमाने पर, जो कि पांच वर्ष तक आयु के बच्चों की मौत का पैमाना है, भारत में करीब 3.1 फीसद बच्चे पांच वर्ष तक नहीं जीते हैं और इस मामले में भारत को 'कम जोखिम' की श्रेणी में रखा गया है। रही बात आबादी के कुपोषण या अल्पपोषण की तो, 16.6 फीसद अल्पपोषित आबादी के साथ, भारत की स्थिति को 'मध्यम' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है। और कुल मिलाकर, भारत का ग्लोबल हंगर इंडैक्स स्कोर 28.7 है, जो भूख की 'गंभीर' स्थिति को दिखाता है। इस सूचकांक में शामिल किए गए 125 देशों में से भी सिर्फ 40 देश ही 'गंभीर' भूख की श्रेणी में आते हैं और दुनिया का सबसे तेजी से विकास कर रहा देश होने का दावा करने वाला भारत, इसी श्रेणी में शामिल है।

हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज ने पिछले कई वर्षों की तरह, एक बार फिर विश्व भूख सूचकांक को सिरे से खारिज कर दिया है। वास्तव में मोदी राज का यह तरीका ही बन गया है कि जो भी सूचकांक, उसके शानदार प्रदर्शन की गवाही नहीं देता है, उसे गैर-तथ्यपूर्ण से लेकर, दुर्भावनापूर्ण तक कहकर खारिज ही कर दिया जाता है। मिसाल के तौर पर, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत, 2023 में दुनिया के 180 देशों में खिसक कर 161वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल वह 151वें स्थान पर था। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख सूचकांक की ही तरह, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भी भारत तेजी से रसातल की ही ओर ही बढ़ता जा रहा है और मोदी राज इस सूचकांक को भी उतनी ही हिकारत के साथ खारिज करता आया है। ऐसा ही किस्सा, धार्मिक स्वतंत्रता आदि से संबंधित रिपोर्टों का भी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को ही नहीं, देश के स्तर पर भी मोदी राज ने अप्रिय वास्तविकताओं को छुपाने के लिए, आंकड़ों और सूचकांकों को दबाने को ही नियम बना लिया है। लेकिन, इस मामले में तो मोदी सरकार, भूख की सच्चाइयों को झुठलाने के लिए यह दलील देने की हद तक चली गई है कि भारत में बच्चों की स्टंटिंग तथा वेस्टिंग को, भूख के साथ जोड़ना ही गलत है और पांच साल से कम की आयु में मौतों का भी भूख से संबंध नहीं जोड़ा जा सकता है, आदि। यानी मोदी सरकार सच को छुपाने के लिए यह दलील देने तक के लिए तैयार है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर, जिसमें उनका जीवन भी शामिल है, भूख के प्रभाव को, भूख का संकेतक नहीं माना जा सकता है! लेकिन, यह सिर्फ भूख का नहीं, ऐसी भूख का मामला है, जो देश के भविष्य को, अगली पीढ़ी को ही कमजोर कर रही है।

लेकिन, जैसा कि मोदी राज ने नियम ही बना लिया है, वह सौ बार झूठ बोलकर, सच को ही नकारने में लगा है। भूख सूचकांक पर देश के दयनीय प्रदर्शन को झुठलाने की कोशिश में, प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में उत्तराखंड के अपने सरकारी दौरे पर जोर-शोर से इसकी डींग हांकी कि उनके राज में पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाया गया है! यह दावा, गरीबी के ऐसे झूठे मापों की तुलना के आधार पर किया जा रहा है, जिनके आधार ही अलग-अलग होने की वजह से, जिनकी तुलना की ही नहीं जा सकती है। सच्चाई यह है कि भारत में स्वतंत्रता के बाद से, गरीबी को ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन 2200 कैलोरी और शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी आहार तक पहुंच के जिस मानक से परिभाषित किया जाता था, उसे ही पिछले ही अनेक वर्षों में धीरे-धीरे त्याग दिया गया। नतीजा यह हुआ कि वास्तव में आहार की स्थिति दरिद्र से दरिद्रतर होती गई, फिर भी सरकारी आंकड़ों में गरीबी घटती गई। और अब तो मोदी राज ने गरीबी के माप के उस दिखावे को भी त्याग दिया है और मनमाने संकेतकों के बल पर, मनचाहे दावे किए जा रहे हैं। नतीजा यह कि सरकारी दावों में गरीबी जितनी तेजी से घट रही है, जनता के बीच भूख उतनी ही तेजी से फैल रही है। और वह शासन जो अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त राशन बांटने का इतना ढोल पीटने के बावजूद, देश को 'गंभीर' भूख के चंगुल तक से निकाल नहीं पा रहा है, खुद ही अपने मुंह से मदर ऑफ डैमोक्रेसी के दावे कर रहा है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों की लड़ाई

हमास के आतंकी हमले के नृशंस और अमानवीय रूप ने फ़िलिस्तीन का ही सबसे ज़्यादा नुक़सान किया है। हमास के अत्याचार के फ़ोटो-वीडियो आदि देखकर लोग बदले के उन्माद में फ़िलिस्तीन के नागरिकों के मानवाधिकारों की बात ही भूल गए हैं तो फ़िलिस्तीन की आज़ादी की मांग बहुत नेपथ्य में चली गई है। हमास ने इज़राइल पर अप्रत्याशित हमला कर सैकड़ों इज़राइलियों को मौत के घाट उतारकर फ़िलिस्तीन के लिए तो आत्मघाती क़दम उठाया ही, पूरे विश्व की शांति को भी ख़तरे में डाला है।

ज़ाहिर तौर पर हमास के आतंकियों को इस हमले के लिए आवश्यक साधन और ट्रेनिंग उसे समर्थन दे रहे मुट्ठी भर देशों से मिली। इसके बिना हमास की ताक़त नहीं थी कि विश्व की सबसे बेहतरीन इंटेलीजेंस एजेंसी माने जाने वाली मोसाद, इज़राइल के मित्र देशों के इंटेलीजेंस नेटवर्क, इज़राइल के अभेद माने जाने वाले सुरक्षा चक्र और यहां तक कि हवाई हमलों से बचने की इज़राइल की तकनीक को विफल कर दे। यह हमला इतना अनपेक्षित था कि इज़राइल की सेना को स्थिति समझने और सम्भालने में कई घंटे लगे। लेकिन जब इज़राइल की सेना जागी तब दूसरी ओर का नरसंहार तय था। हमास की ग़लती की सज़ा पूरा फ़िलिस्तीन ख़ासकर ग़ाज़ा पट्टी का क्षेत्र भुगत रहा है। यहां हमास के आतंकवादियों के साथ आम नागरिक- बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी बड़ी तादाद में मारे जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से फ़िलिस्तीनियों के मानव अधिकारों की बात करने वालों का अकाल सा पड़ गया लगता है। दुनिया के बहुत सारे देशों के नागरिक ग़ाज़ा पट्टी के नेस्तनाबूद होने के इंतज़ार में लग रहे हैं। इस समय इज़राइल की सेना के हर हमले को शांतिप्रिय समझे जाने वाले देशों के नागरिक भी बड़े उत्साह से देख रहे हैं और उसे समर्थन दे रहे हैं। ऐसे माहौल में शांति और आम फ़िलिस्तीनी नागरिक के अधिकार की बात बहुत पीछे छूट गई लगती है, जो कि एक दुखद मंज़र है।

यूं देखा जाए तो फ़िलिस्तीन उन दुर्भाग्यशाली देशों में है जिसकी क़िस्मत में शांति अमूमन कम ही रही है। यास्सेर अराफ़ात के करिश्माई व्यक्तित्व और ख़ूबियों के कारण फ़िलिस्तीन के मुक्ति संघर्ष को न सिर्फ दुनिया के कई मुल्कों का समर्थन मिला बल्कि भारत में इंदिराजी, अटलजी सहित अनेक नेताओं से अराफ़ात के बहुत ही प्रेमपूर्ण सम्बंध रहे। हिंसक संघर्ष से शुरुआत कर यास्सेर अराफ़ात ने जब शांति का मार्ग अपनाया और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़राइल के साथ 1993 में ऐतिहासिक ओस्लो शांति समझौता किया तब फ़िलिस्तीन को शांति के कुछ वर्ष बमुश्किल नसीब हुए। इन वर्षों में फ़िलिस्तीन में लोकतंत्र की बयार भी आई और फिलिस्तीनी लेजिस्लेटिव काउंसिल का गठन भी हुआ। पहला चुनाव अराफ़ात की फ़तह पार्टी जीती भी। वर्ष 2004 में अराफ़ात की रहस्यमय कारणों से मृत्यु के एक-दो वर्ष पूर्व से उनकी राजनैतिक मुश्किलें बढ़ीं, सत्ता अपनी ही पार्टी के दूसरे व्यक्ति को सौंपनी पड़ी और हत्या की साज़िशों का सामना करना पड़ा। लेकिन 2006 अपने दूसरे और आखिरी चुनाव में पूरी दुनिया को चौंकाते हुए फ़िलिस्तीनियों ने आतंक का मूल स्वर रखने वाले संगठन हमास को सत्ता में बैठा दिया। तब से ही फ़िलिस्तीन में न सिर्फ नस्लीय कट्टरता बढ़ी, हिंसा लौटी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी अवरुद्ध होते गए। आज स्थिति यह है कि फ़िलिस्तीन में हज़ारों घायलों के इलाज में भी मुश्क़िल आ रही है क्योंकि इज़राइल ने बिजली समेत अनेक ज़रूरी चीज़ों की आपूर्ति अवरुद्ध कर दी है। ग़ाज़ा पट्टी पर एक लाख सैनिकों, हथियारों आदि के साथ इज़राइली सेना की तैनाती के बाद भी हमास की ओर से रॉकेट के हमले जारी रहे जिनका ख़ामियाज़ा ज़ाहिर तौर पर फ़िलिस्तीन के निरपराध नागरिक भी भुगतेंगे। आतंकवादी संगठन के हाथ में सत्ता सौंपना ही फ़िलिस्तीनी नागरिकों का वो अपराध है जिसकी सज़ा वे लगातार भुगत रहे हैं और आगे भी भुगतने को अभिशप्त हैं।

हमास को ईरान के अलावा लेबनान के हिज़्बुल्ला, चीन, रूस आदि चंद देशों का समर्थन सदैव हासिल तरह रहा है। सऊदी अरब जैसे देशों ने हमले के बाद फ़िलिस्तीनी अधिकारों की भी बात की है। उधर इज़राइल को अमेरिका और ज़्यादातर यूरोपियन देशों, सहित लगभग 84 देशों का समर्थन प्राप्त हो चुका है। अमेरिका ने अपने सैनिक विमानों से लैस युद्धपोत इज़राइल की मदद के लिए भेज दिए हैं। मोटे तौर पर दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया जहां हमले की निंदा के मुद्दे पर एकमत है वहीं फ़िलिस्तीन और शांति की बात पर विभक्त। दु:ख की बात यह है कि ज़्यादातर देशों के नेताओं ने शांति की कोई मांग की ही नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया में भी इज़राइल के शौर्य को ललकारा जा रहा है और उसके बदले की कार्रवाई को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर गौरवान्वित किया जा रहा है। फ़िलिस्तीन में मारे जा रहे बच्चों - महिलाओं, बुज़ुर्गों की आवाज़ उठाने वाला कोई नहीं। ऐसा लग रहा है कि पूरे फ़िलिस्तीन को ही आतंकवादी संगठन हमास के रूप में देखा जा रहा है। इस भ्रांति को तोड़े जाने की ज़रूरत है। हमास की ग़लतियों की सज़ा पूरे फ़िलिस्तीन के नागरिकों को देना ठीक नहीं। विश्व के बड़े नेताओं को अब शांति की पहल भी करना चाहिए। मुख्य रूप से इस्लामिक देशों का फ़िलिस्तीनियों से जुड़ाव इस सारे मामले को अलग स्वरूप दे रहा है। यद्यपि अभी तक इज़राइल ने किसी दूसरे देश से सैन्य सहायता नहीं मांगी है, लेकिन निकट भविष्य में यदि अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण हुआ तो विश्व शांति पर आंच आने की सम्भावना एकदम निर्मूल भी नहीं।


आलोक बाजपेयी

> यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा।

यदि किसी भी विवाद में एक पक्ष मुस्लिम और दूसरा ग़ैर मुस्लिम हो तो उस विषय में भारतीयों के कुछ बड़े तबकों की रुचि बढ़ जाती है। ऐसे मामलों को अक्सर साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाता है। इसीलिए भारत में जहां मुस्लिम संगठन से युद्ध के कारण इज़राइल को हीरो मानने वाला तबक़ा भी है तो बिना हमास के कुकर्मों की निंदा किए फ़िलिस्तीन का समर्थन करने वाला तबक़ा भी। शासन के दबाव में प्रशासन फ़िलिस्तीन के समर्थन में रैली आदि निकालने वालों पर एफ़आईआर जैसे मामले भी सामने आने लगे हैं। कुल मिलाकर भारत में इस विवाद को अपने पसंदीदा चश्मे से देखा जा रहा है। किसी को याद नहीं कि फ़िलिस्तीन किसी समय भारत का मित्र होता था और स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को यास्सेर अराफ़ात अपनी बहन मानते थे और वे अटलजी के भी बेहद क़रीब रहे। सोशल मीडिया पर भी अपनी पसंद - नापसंद के इज़हार के साथ असली -नक़ली वीडियो भी ख़ूब वायरल हो रहे हैं। जिस तरह से घटनाक्रम चल रहा है उससे यह भी स्पष्ट है कि अभी कुछ दिन और यह मुद्दा भारत में भी अपने अपने नैरेटिव के हिसाब से सोशल मीडिया पर सुर्ख़ियां बनाता रहेगा और बहसों का केंद्र रहेगा। यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा। तो आइये अब लौट चलें शांति और मानवाधिकारों की ओर। हिंसा हमेशा बुरी है और शांति सदैव श्रेष्ठ। आइये शांति की उम्मीद और प्रार्थना करें।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी हैं। )*

## पावन प्रसंग

# शक्ति व साधना का पर्व : नवरात्रि

वर्षभर में नवरात्रि दो बार आती है। नवरात्रि में नौ देवियों की पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति साधना का पर्व कहलाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से जिस समय नवरात्रि आती है वह काल संक्रमण काल कहलाता है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जहां शीत ऋतु शुरू होती है। दोनों ही समय वातावरण में विशेष परिवर्तन होता है। जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है। उपवास के माध्यम से शरीर के बढ़े हुए या कम हुए तापमान को नियंत्रित कर शुद्ध आचार-विचार, आहार के द्वारा नई ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ऐसा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।

वासंतिक नवरात्रि से भारतीय नवरात्रि से भारतीय नववर्ष शुरू होता हैं। विक्रमी संवत् का प्रारम्भ गुप्त वंश के महान सम्राट विक्रमादित्य के विदेशी आक्रमणकारी जो लगभग अजेय थे उन शंकों को परास्त कर विजय स्मृति के रूप में प्रारम्भ किया था। भारत में प्रचलित सभी कला गणनाओं के अनुसार सभी संवतों का प्रथम दिन भी चैत्र शुक्ल प्रथम ही हैं। नवरात्रि के तहत नौ दिन मां भगवती के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर उपवास रखा जाता है। वर्ष में दो बार आने वाले इन नवरात्रों के तहत दुर्गा मंदिरों में विशेष उत्सव और समारोह होते ही हैं अधिकांश भारतीय परिवारों में देवी की विशेष पूजा व हवन भी किये जाते हैं। इन दिनों देवी के निमित्त व्रत रखने का विधान हैं। यदि नौ दिन के व्रत रखना संभव न हो तो पहले और अंतिम नवरात्रि का व्रत रखना चाहिए। इसका समापन कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें वस्त्र, पैसे आदि भेंट करने से होता है।

नवरात्रों में मंदिर जाएं या नहीं घर पर एक निश्चित स्थान पर पूजन करने का शास्त्रों में विधान है। पूजा स्थल का यदि फर्श कच्चा है तो गोबर से लीप कर और यदि फर्श पक्का है तो पानी से धोकर वहां लकड़ी का एक पटरा रखा जाता हैं और घड़े या लोटे में जल भर कर कलश की स्थापना की जाती है। सिंहवाहिनी भगवती दुर्गा का चित्र पटरे पर रखा जाता है। कलश पर नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर रखा जाता है। इस प्रकार आठ या नौ दिन पूजा के बाद महालक्ष्मी का रामनवमी की पूजा कर कन्या का पूजन भी किया जाता है। कन्याओं को रोली का टीका लगाकर उनके हाथ में मौली बांधी जाती है। कई लोग घर में रखे गये श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का विधान अनुसार पूजा के बाद हवन भी करते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार आज इसी दिन ब्रह्मा जी की पूजा आराधना का शास्त्रीय विधान भी है।

मां भगवती के नौ रूप इस प्रकार हैं-शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्द माता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी एवं सिद्ध दात्री। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्रों का आगमन होता है। लेकिन शुक्ल पक्ष एवं अश्विन पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक आने वाले नवरात्रों का विशेष महत्व है। नवरात्रों में भक्तगण वैष्णव तरीके से व्रत अथवा उपवास रखकर मां भगवती की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं।

नवरात्रों मे किये गये देवी पूजन, हवन, धूप-दीप आदि से घर का वातावरण व आत्मा तक को एक अलौकिक शक्ति एवं शुद्धि की प्राप्ति होती है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में देवी पूजा की कई विधियां, व्रत एवं आत्म संयम का वर्णन किया गया है किन्तु आधुनिक युग के परिवेश में वेद पुराणों में लिखित पूजा का विधान से पालन कर पाना प्रत्येक मनुष्य के लिए संभव नही है। दिखावे के लिए किया गया पूजा पाठ, समय-शक्ति एवं धन का अपव्यय होता है। इसलिए समय, साधन और श्रद्धा के अनुसार नवरात्रों से सम्बन्धित जप एवं मंत्र के भावार्थ को अपने जीवन में सार्थक करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। आंतरिक व बाहरी स्वच्छता व शक्ति प्राप्ति का सहज मार्ग मां दुर्गा के नवरात्रों के लिए व्रत पालन का संकल्प बिना किसी दबाव दिखावे अथवा नि:स्वार्थ और श्रद्धा अनुसार किया जाना चाहिए।

**चेतन आचार्य सुमन सागर**

## आपके पत्र

# तेलंगाना में मतदाताओं को रिझाने लगाया घोषणाओं का अंबार

जनता और सरकार के बीच तादात्म्य स्थापित नहीं होने और मतदाता राजनैतिक दलों से मुंह मोड़ लेती है तब जनता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देकर वोटबैंक खड़ी की जाती है। यह सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इस माहौल से गुजर रहे हैं। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि उदाहरण हमारे सामने है। मतदाता पार्टी से विमुख हो जाते हैं तब मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट देने का आग्रह किया जाता है। दो रुपए किलो गेंहू, पांच सौ रुपए सिलेंडर और सौ यूनिट मुफ्त बिजली का आफर देकर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। लेकिन मतदाता अपने स्वार्थ में उन उम्मीदवारों को वोट देकर जीत दिलाते हैं, जिनके बदौलत पांच साल तक सहन करना पड़ता है। खून के आंसू रोना पड़ता है। मतदाताओं को कम से कम इतने सस्ते में तो नहीं बिकना चाहिए। बिको तो ऐसे बिको कि दुनिया में तुम्हारी कोई कीमत नहीं लगा सके। हमने पुरानी सारी सरकारों को नजदीक से देखा है। देश में न कोई शांति थी और न ही कौमी एकता के दर्शन होते थे। सरहदें जल रही थी। आतंकवाद चरम पर था। देश में अराजकता का माहौल था। कश्मीर जल रहा था। सेना सरकार के इशारों पर काम करती थी। हर दूसरे दिन कर्फ्यू लगाया जाता था। देश में आए दिन हिन्दू-मुसलमान होता था। देश में हर रोज कहीं न कहीं बम ब्लास्ट होते थे। आर्थिक विषमताओं से जनता परेशान थी। देश में अराजकता व्याप्त थी। कश्मीर की समस्या के हल के लिए सयुंक्त राष्ट्र हमेशा भारत पर दबाव बनाते थे। पाकिस्तान भारत पर हावी था। अब भारत की चमक दुनिया में पसर गई है। आज भारत के एक इशारे पर दुनिया हरकत में आ जाती है। इन सभी सुधारवादी अभिगम के बाद देश में मजबूत सरकार की जरूरत है। ईमानदार और नैतिक जिम्मेदारी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। मुफ्त की रेवड़ी के लालच में कमजोर सरकार और कमजोर प्रत्याशियों को अपना कीमती मत नहीं देना है। अभी चुनाव की रणभेरी बजी है। कुछ ही समय में लालच और मुफ्त रेवड़ी की भरमार होगी। लेकिन देशहित में काम करने वाले उम्मीदवारों को वोट देकर आगे लाना है। देश बचेगा तो हम सब की सलामती है। हम दुनिया के उपद्रवियों को देख ही रहे हैं। पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर महत्वपूर्ण व्यक्ति को आगे लाना है। पांच विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करना है। रेवड़ियों के सहारे कीमती मत बर्बाद नहीं करना है जो आपको एक रुपए की सहूलियत देंगे, वे दूसरे हाथ से हजारों रुपए आपके और हमारे जेब से निकाल देंगे। ईमानदार और मजबूत सरकार को वोट देकर सता के गलियारों तक पहुंचाना है जिससे हमारे और हमारे बच्चों के भविष्य को संवारा जा सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## वियतनाम में मंकीपॉक्स के छह नए मामले

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में एक सप्ताह में मंकीपॉक्स के छह और मामले सामने आने से इनकी कुल संख्या 19 हो गई है। हो ची मिन्ह सिटी मंकीपॉक्स के 12 मामलों को अलग इलाज कर रहा है, जिनमें से सभी की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। मंकीपॉक्स वियतनाम में एक बी समूह संक्रामक रोग है। हो ची मिन्ह सिटी के स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर 2022 में पहला मामला सामने आने के बाद से, रोग नियंत्रण केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को समुदायों के बीच रोकथाम और नियंत्रण को मजबूत करने का आदेश दिया है।

# हमास का गाजा में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम से इनकार

**गाजा,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया कि वह गाजा पट्टी में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्टों में कहा

■ **इजरायल व हमास के बीच संघर्ष में अब तक चार हजार लोगों की मौत**

गया है कि मिस्र को तटीय इलाके में मानवीय सहायता भेजने की अनुमति देने के लिए गाजा में पांच घंटे का युद्धविराम होगा। रिपोर्टों के अनुसार युद्धविराम के तहत गाजा और मिस्र के बीच एकमात्र क्रॉसिंग पॉइंट राफा सीमा पार को गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश तथा संघर्ष क्षेत्र से विदेशियों की निकासी की अनुमति देने के लिए फिर से खोला जाएगा।

गाजा में हमास की ओर से संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय के प्रमुख सलामा मारौफ ने एक बयान में कहा, हमें किसी भी पक्ष से सूचित नहीं किया गया कि गाजा में आगामी घंटों में संघर्ष विराम होगा। राफा में एक एजेंसी ने पुष्टि की कि सीमा बिंदु अभी भी बंद है और जल्द ही फिर से खुलने का कोई संकेत नहीं है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने विदेशियों की निकासी के लिए गाजा में युद्धविराम या मानवीय सहायता पर किसी भी समझौते पर पहुंचने से भी इनकार किया। इजरायल ने पिछले घंटों के दौरान गाजा पर अपने हमले बढ़ा दिए जिसमें दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक चार हजार लोग मारे जा चुके हैं। गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 2670 हो गई है जबकि 9600 से अधिक लोग घायल हुए है। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि इजरायली हमले पूरी क्रूरता के साथ जारी हैं। हमलों ने आवासीय पड़ोस को निशाना बनाया है और लोगों के घरों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि आवासीय इलाकों और अस्पतालों की ओर जाने वाली सड़कों पर बड़े पैमाने पर विनाश के कारण बचाव कार्यों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गाजा पर शासन करने वाले हमास ने एक सप्ताह पहले गाजा से सटे इजरायली शहरों पर अचानक हमले किए थे।



### इजरायली सेना ने गाजा में सैन्य कमांड केंद्रों को किया नष्ट

गाजा। इजरायली सेना ने पिछले कुछ घंटों में गाजा पट्टी में सैन्य कमांड पोस्ट को नष्ट कर दिया। यह जानकारी इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को दी। आईडीएफ ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, पिछले कुछ घंटों में गाजा पट्टी में दर्जनों सैन्य कमान केंद्रों और मोर्टार शेल चौकियों को नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, हमास 'नुखबा' कमांडो बलों के कमांडरों में से एक अली कादी के ऑपरेशनल कमांड केंद्र पर भी हमला किया गया, जो कुछ दिन पहले मारा गया था। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने एक सैन्य परिसर पर हमला करके हमास के कई सदस्यों को भी मार गिराया।

## इजरायल गाजा पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष बढ़ेगा : रायसी



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल गाजा पट्टी पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष और बढ़ेगा। श्री रायसी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि अगर जायोनी शासन इन अपराधों (फिलिस्तीनियों के खिलाफ) को जारी रखकर अपनी हार की कीमत चुकाना चाहता है, तो युद्ध का विस्तार होगा। ईरान के राष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, श्री रायसी ने पिछले कुछ दिनों में फिलिस्तीनियों पर इजरायल के हमलों की कड़ी निंदा की और फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में एक रैली को रोकने के लिए फ्रांसीसी सरकार की आलोचना की। फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपनी ओर से गाजा पट्टी में संकट के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और ईरान से क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रित करने में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाने का आह्वान किया। हालांकि, श्री रायसी ने कहा कि प्रतिरोध समूह स्वयं निर्णय ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गत 07 अक्टूबर को इजरायल पर हजारों रॉकेटों और बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ के साथ अचानक हमला किया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 17 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ -व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन -आज का दिन मध्यम फलदायी है। नए काम का आरंभ ना करें। बौद्धिक चर्चाओं के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। संतान संबंधी चिंता आपको बनी रहेगी। दोपहर के बाद घर का वातावरण सुख शांतिवाला रहेगा।

कर्क -आप की हताशा मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से आप को चिंतित करेगी। संभवत: यात्रा को आज टाल दें। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बहुत ध्यान रखने की जरूरत है।

सिंह -आज धार्मिक यात्रा हो सकती है। किसी भी तरह के नए काम की शुरुआत आज कर पाएंगे। विदेश से लाभदायी समाचार मिलने की संभावना है। पूंजी-निवेश करनेवालों के लिए समय अच्छा रहेगा।

कन्या -आज किसी भी तरह के डिसीजन ले पाने की स्थिति में नहीं रहेंगे। आज नए काम का प्रारंभ करना उचित नहीं है। ज्यादातर समय आप मौन ही रहें, अन्यथा किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला -आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। मन को दृढ़ रखकर किसी भी तरह का काम शुरू करेंगे, तो सफल होगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में पैसा खर्च होगा। दोपहर के बाद आप मानसिक रूप कमजोर रहेंगे।

वृश्चिक -आध्यात्मिक और ईश्वर की भक्ति से आज मन को शांति प्राप्त होगी। मन में उठ रही नेगेटिव भावनाओं पर संयम रखना आवश्यक होगा। कोर्ट- कचहरी के काम में संभलकर चलें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

धनु -आज आप की आय में वृद्धि और लाभ होगा। सामाजिक कामों में भाग लेने से मन प्रसन्न रहेगा। मान-सम्मान और आय में वृद्धि होगी। व्यापार से लाभ होने की संभावना है। वाहन संभलकर चलाएं।

मकर -स्थायी संपत्ति के काम के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। व्यापार में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। आज पदोन्नति के योग हैं। परिवार का वातावरण आनंदपूर्ण रहेगा।

कुंभ -आज व्यापार करने वालों को संभलकर चलना होगा। नौकरी में अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय बहुत ध्यान रखें। संतान के स्वास्थ्य या पढ़ाई के विषय में चिंता रहेगी। लंबे समय के प्रवास की योजना बनेगी।

मीन -किसी के साथ वाद-विवाद या तकरार न करें। आज गुस्से पर पर संयम रखें। धार्मिक या ज्योतिष संबंधी चीजों में आपकी रुचि बनी रहेगी। गहन चिंतन आप के मन को शांति प्रदान करेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1870-कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।

1888-वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए आवेदन किया।

1892-राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री आर. के. शनमुखम चेट्टी का जन्म।

1912-बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।

1917-प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।

1933-प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गये।

1941-द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर हमला किया।

1955-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री स्मिता पाटिल का जन्म।

1970-भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी अनिल कुंबले का जन्म।

1979-मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

1998-भारत के पाँच राज्यों के राज्यपाल रहे लल्लन प्रसाद सिंह का निधन।

2000-पश्चिम एशिया शांति वार्ता सम्पन्न, दोनों पक्ष बिल क्लिंटन के तीन सूत्रों पर सहमत।

2003-चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की।

## यूएन प्रमुख ने गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में त्वरित और निर्बाध मानवीय सहायता पहुंचाने और हमास द्वारा रखे गए बंधकों की रिहाई का आह्वान किया है। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा, मध्य पूर्व में इस संकट के समय संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में मजबूत मानवीय अपील करना मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, हमास की ओर से बंधक बनाए गए लोगों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा किया जाना चाहिए; इज़राइल को, गाजा में नागरिकों मानवीय आपूर्ति त्वरित और निर्बाध पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, इन दोनों उद्देश्यों को सौदेबाजी का साधन नहीं बनना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पास मिस्र, जॉर्डन, वेस्ट बैंक और इज़राइल में भोजन, पानी, गैर-खाद्य पदार्थ, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन का भंडार उपलब्ध है।

## फिलिस्तीन के मुद्दे पर मिस्र का बहुपक्षीय बैठक का प्रस्ताव

**काहिरा,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिस्र ने नवीनतम स्थिति और फिलिस्तीनी मुद्दे के समाधान के लिए एक बहुपक्षीय बैठक की मेजबानी की पेशकश की है। मिस्र के राष्ट्रपति ने एक बयान में यह कहा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने क्षेत्रीय विकास की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की, विशेष रूप से गाजा पट्टी में सैन्य वृद्धि के संबंध में। मिस्र गाजा में शांति हासिल करने और शांति प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए कोई भी प्रयास करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है, दो-राज्य समाधान के अलावा फिलिस्तीनी मुद्दे का कोई समाधान नहीं है, बयान में कहा गया है कि मिस्र ने गाजा के लोगों के विस्थापन को खारिज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक लाल रेखा है और इसकी सुरक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बयान के अनुसार, मिस्र तनाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय भागीदारों के साथ संपर्क जारी रखेगा।



'दो-राज्य समाधान के अलावा फिलिस्तीनी मुद्दे का कोई समाधान नहीं'

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ का पैसा ...**

भी खुशहाल नहीं है। माता बहनों की तो बात ही मत करिए, युवा और किसान भी परेशान हैं। खुशहाल है तो गांधी परिवार अकेला खुशहाल है, और कोई नहीं।

कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से स्व. भुनेश्वर साहू को न्याय नहीं मिला, न्याय के प्रतीक के रूप में ईश्वर साहू को टिकट

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई। छत्तीसगढ़ को फिर से एक बार कौमी दंगों का केंद्र बनाना चाहते हैं? भुनेश्वर साहू को न्याय मिलना चाहिए। भूपेश बघेल सरकार ने तुष्टीकरण के लिए, वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के बेटे भुनेश्वर साहू को लिंचिंग कर मार दिया। भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि भुनेश्वर साहू के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे। उनके प्रतीक के रूप में उनके पिता ईश्वर साहू को हमने चुनाव के मैदान में उतारा है। अगर कांग्रेस फिर से सत्ता में आती है तो यही तुष्टीकरण कांग्रेस पार्टी आगे बढ़ाएगी।

**छत्तीसगढ़ के लोगों के हक की पाई-पाई भ्रष्टाचारियों से वसूलेंगे**

श्री शाह ने विश्वास दिलाया कि एक बार कमल फूल सरकार बना दो, जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उनसे पाई पाई उनसे वसूलेंगे और उनको उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। 10 साल में कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को दिए केवल 77 हजार करोड़ रुपए, मोदी जी ने 9 साल में 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दे डाले। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमने पूरे देश का सम्मान बढ़ाया। अभी-अभी विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत माता-बहनों को आरक्षण देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। चंद्रयान भेजा, जी-20 सम्मेलन किया। इसी तरह छत्तीसगढ़ के लाभार्थियों को मोदी सरकार की योजनाओं का फायदा मिला है। राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज 370 करोड रुपए का, 40 करोड़ के शिवनाथ प्रवर्तन योजना, 15 करोड रुपए मातृशक्ति के लिए अस्पताल, 13 करोड रुपए एजुकेशन के लिए, 10 करोड रुपए मॉडल कॉलेज के लिए दिए गए हैं। वंदे भारत ट्रेन की सौगात भी मोदी सरकार ने दी है। 2004 से 14 तक केंद्र में यूपीए की सरकार थी, कांग्रेस की सरकार थी। क्या दिया उस सरकार ने छत्तीसगढ़ को? 2004 से 14 तक केवल 77 हजार करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ को 10 साल के अंदर दिए, वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने तीन लाख करोड़ से भी अधिक राशि छत्तीसगढ़ को दी।

**मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को दी गई सौगातें**

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि किसानों को सम्मान निधि दी, 24 लाख घरों में पीने का पानी पहुंचाया, 2 करोड़ गरीब छत्तीसगढ़वासियों को 5 लाख तक का पूरा स्वास्थ्य का खर्चा मोदी सरकार ने उठाया। 38 लाख घरों में शौचालय का निर्माण किया। उज्ज्वला गैस सिलेंडर दिया और 11 लाख लोगों को घर भी देने का काम बीजेपी की सरकार ने किया। श्री शाह ने कहा कि जिन्होंने यहां एटीएम लगाकर छत्तीसगढ़ की जनता का पैसा दिल्ली के दरबार में कांग्रेस कार्यालय में पहुंचाने का काम किया, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के भविष्य को पूरी तरह बर्बाद किया है, वह भूपेश बघेल को फिर से मौका दे सकते हैं क्या? श्री शाह ने कहा कि जिस तरह से भुनेश्वर साहू को रौंद-रौंदकर मार डाला गया, उस सरकार को मौका देना है क्या?

**कांग्रेस का घोषणा पत्र दुनिया का सबसे झूठा दस्तावेज, कांग्रेस ने गंगाजल की गरिमा गिराने का काम किया - सरोज पांडेय**

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र दुनिया का सबसे झूठा दस्तावेज, कांग्रेस ने गंगाजल की गरिमा गिराने का काम किया है। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के साथ बड़ा छल किया प्रदेश की महिलाएं बहुत दुखी हैं। शक्ति और भक्ति के पर्व के अवसर पर हम सब इस संकल्प के साथ विदा हो रहे है कि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में दोबारा नहीं आएंगी। कांग्रेस की सरकार युवाओं का बेरोजगारी भत्ता खा गई। युवाओं का रोजगार छीन लिया। महिलाओं और युवाओं को छलने वाली यह सरकार अब नहीं चाहिए।

**मोदी जी के नेतृत्व में वैक्सीन निर्माण न हुआ होता तो आज हम यहां न बैठे होते - संतोष पांडेय**

राजनांदगाँव सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त, सक्षम और ऊर्जावान नेतृत्व में जी-20 समूह के देशों के सम्मेलन के सफल और सार्थक आयोजन से आज विश्व में भारतवर्ष का डंका बज रहा है। जब पूरे विश्व में कोरोना महामारी के भयावह काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लैब में जाकर देश के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया, उनको संसाधन उपलब्ध कराया और दो अति महत्वपूर्ण वैक्सीन का निर्माण हुआ। उसे पूरे विश्व को भेजा। यहां के मंत्री इस वैक्सीन को लेकर दुष्प्रचार करते थे। श्री पांडेय ने सभा में उपस्थित देश के गृह मंत्री श्री शाह का अभिनंदन कवि भूषण की काव्य पंक्तियों से किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह भरोसे का सम्मेलन करते हैं जबकि कांग्रेस में किसी को भी किसी पर भरोसा नहीं है तो फिर यह कैसा भरोसे का सम्मेलन है?

सभा को भाजपा की प्रदेश महामंत्री और कवर्धा के भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा, डोंगरगढ़ के भाजपा प्रत्याशी विनोद खाण्डेकर, डोंगरगाँव के भाजपा प्रत्याशी भरत वर्मा, खुज्जी की भाजपा प्रत्याशी गीता साहू, साजा के भाजपा प्रत्याशी ईश्वर साहू, मोहला-मानपुर के भाजपा प्रत्याशी संजीव शाह, खैरागढ़ के भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा राष्ट्रीय चुनाव मीडिया प्रभारी सिध्दार्थनाथ सिंह, नीलू शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, संजूनारायण सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

**राजधानी पहुँचने पर प्रदेश अध्यक्ष साव समेत भाजपा नेताओं ने किया जोरदार स्वागत**

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का राजधानी पहुँचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जगदीश रामू रोहरा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, सच्चिदानंद उपासने, ललित जैसिंग, अनूप खेलकर, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, सीमा संतोष साहू, कृतिका जैन, गोविंदा गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पांच साल में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने ...**

के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना भाजपा के शासनकाल में हुई है। मॉडल कॉलेज का निर्माण, मुख्यमंत्री सड़क योजना में 102 किलोमीटर सड़कों का निर्माण, ऐतिहासिक दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण, मोतीपुर अंडरब्रिज का निर्माण, जल आवर्धन योजना में काम, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का निर्माण, पेंडारी में हजार आवास का निर्माण आदि सकारात्मक काम भाजपा की सरकार ने किया और कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में क्या किया? पाँच साल में राजनांदगांव के साथ छल किया, धोखा किया। पाठ्यपुस्तक निगम का दफ्तर कांग्रेस की भूपेश की सरकार आते ही राजनांदगांव से छिन गया। सड़क, पुल-पुलिया निर्माण का कार्य रुक गया है। राजनांदगांव नगर निगम को कांग्रेस सरकार के रहते 2018 से 2023 के मध्य सिर्फ 39 करोड़ रुपए मिले जबकि भाजपा के कार्यकाल में 2013 से 2018 में 200 करोड़ रुपए मिले थे। यह तुलना है भाजपा और कांग्रेस की सरकार की। आज क्या स्थिति करके रख दी कांग्रेस ने? भूपेश सरकार ने 5 साल में राजनांदगांव के साथ छल किया है, धोखा किया है। छत्तीसगढ़ के विकास को अवरुद्ध किया है। पाठ्य पुस्तक निगम का ऑफिस और सेतु निगम के कार्यालय को राजनंदगांव में बंद करने की दोषी प्रदेश की भूपेश सरकार है।

**'चुनावी बांड' से जुड़ी याचिका पर ...**

है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है और इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है।

2017 में ही चुनौती दी गई थी-इस योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

**हाई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली ...**

खिलाफ अपील पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए दोनों को बरी कर दिया गया है। इससे पहले गाजियाबाद की सीबीआई अदालत में इन दोनों आरोपियों पर लड़कियों के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप तय करते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी। ज्ञात हो कि वर्ष 2006 नोएडा के निठारी में पंढेर की कोठी के पास नाले में नर कंकाल मिले थे। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो कई बच्चों के अपहरण, हत्या और दुष्कर्म की कहानियां सामने आई थी। सीबीआई ने इस मामले में 16 केस दर्ज किए थे। मनिंदर के नौकर कोली पर बच्चों की हत्या, अपहरण, दुष्कर्म और सबूत मिटाने का आरोप लगा था। जबकि पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप लगाया गया था।

**देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन...**

नेताओ की कोशिश होगी कि इस तरह का सम्मेलन देश के प्राय: हर लोकसभा क्षेत्र में हो।

अगले माह हो सकता है आयोजन-सूत्र बता रहे हैं कि अगले माह नवम्बर से इस सम्मेलन की शुरुआत की जा सकती है। गौरतलब है कि इसी मुद्दे पर विचार करने के लिए इंडिया गठबंधन की महिला नेताओ की एक बैठक चेन्नई में हुई है। जहां कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी,एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले,सपा सांसद डिंपल यादव,टीएमसी की सांसद सुष्मिता देब, आप विधायक राखी बिडलान, नीतीश सरकार में मंत्री लेसी सिंह,डीएमके की सांसद कनिमोझी और पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती एक मंच पर नजर आई थी। इसके बाद से ही इंडिया गठबंधन द्वारा देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन करने की तैयारी की जा रही है।

## सुडोकू 6349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6349

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की आबादी की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. 'पासपोर्ट'
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित, निरंकुशहीन
२. हठात
३. कलेवा, नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११. आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा (उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान (उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6348

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ स्वा | र | ■ | ■ | 3 क | ष्ट | ४ प्र | द |
| नु | ■ | धी | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | ति | ■ |
| ६ दा | स्ता | न | ■ | जा | ■ | ७ त | ला | श | ना |
| र | ■ | ८ ता | ९ ज | म | ह | ल | ■ | त | ■ |
| ■ | १० भ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ आं | ■ | १२ अं |
| १३ घु | ड़ | दौ | ड़ | ■ | १४ क्ष | ■ | १५ ख | प | त |
| ■ | क | ■ | १६ ना | जा | य | ज | ■ | ■ | र |
| १७ से | ना | नी | ■ | ■ | रो | ■ | १८ प्र | १९ वी | ण |
| ह | ■ | ■ | २० दि | वं | ग | २१ त | ■ | रा | ■ |
| २२ त | ब | दी | ल | ■ | ■ | २३ म | हा | न | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### कम्बोडिया के पर्यटक केंद्र में चीनी एसएआई का परिचालन शुरू

**नोम पेन्ह,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कम्बोडिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित पर्यटक केंद्र में चीनी निवेश वाले सिएम रीप अंगकोर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एसएआई) ने सोमवार को परिचालन शुरू कर दिया। बैंकॉक एयरवेज द्वारा संचालित पहली वाणिज्यिक उड़ान सोमवार सुबह हवाई अड्डे पर उतरी, जिसका कंबोडियाई उप प्रधान मंत्री और कैबिनेट मंत्री वोंगसी विसोथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर श्री विसोथ ने कहा कि नया हवाई अड्डा कोविड-19 महामारी के बाद के युग में सिएम रीप प्रांत में पर्यटन के विकास को बढ़ावा देगा। यह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत कंबोडिया और चीन के बीच अच्छे सहयोग का एक प्रमाण है। विसोथ ने कहा कि एसएआई लंबी अवधि में कंबोडिया के पर्यटन, व्यापार और अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देगा और सिएम रीप प्रांत के स्थानीय लोगों को इस हवाई अड्डे से अधिकतम लाभ मिलेगा। एसएआई में अंगकोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट इन्वेस्टमेंट (कंबोडिया) कंपनी लिमिटेड द्वारा निवेश किया गया है, जो चीन की युन्नान इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स लिमिटेड की सहयोगी कंपनी है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात : राशिद खान

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच जीतना टीम के लिए बहुत बड़ी बात है और उम्मीद है कि इस परिणाम से उनके समर्थक भी खुश होंगे। रविवार के मैच की बात करें तो, अफगानिस्तान ने अपने वनडे विश्व कप इतिहास में सिर्फ एक बार 2015 में जीत हासिल की थी। राशिद ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ा जश्न है।

अफगानिस्तान में उस तरह की स्थिति नहीं है, जहां लोग जश्न मना सकें। मुझे लगता है कि क्रिकेट ही एकमात्र स्रोत है जो उन्हें बहुत सारी खुशियां देता है। हमने बहुत सारे गेम हारे हैं लेकिन फिर भी हमें उनसे जिस तरह का समर्थन मिला वो शानदार है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात थी, घर पर हमारे फैंस को हम पर गर्व होगा।




## जम्पा के जाल में फंसी श्रीलंका 209 रन पर सिमटी




लखनऊ 16 अक्टूबर (वार्ता) पथुम निसंका (61) और कुसल परेरा (78) के बीच 125 रन की ठोस शुरुआत के बावजूद श्रीलंका की पारी आईसीसी विश्व कप के मौसम बाधित मुकाबले में सोमवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ 43.3 ओवर में 209 रन पर सिमट गयी।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने सतर्क शुरुआत करते हुये दो विकेट पर 157 रन बना लिये थे और ऐसा लग रहा था कि आसान खेल रही पिच पर श्रीलंका 300 के आसपास स्कोर खड़ा कर लेगी मगर निसंका और परेरा के आउट होने के बाद एडम जम्पा (47 रन पर चार विकेट) की फिरकी में फंस कर मध्यक्रम के बल्लेबाज अपने विकेट देने की जल्दी में दिखे और पूरी टीम 209 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

श्रीलंका के सात खिलाड़ी दहाई के स्कोर तक भी पहुंचने में नाकाम रहे। पैट कमिंस ने 32 रन देकर दो विकेट झटके जबकि एक दुनिथ वेल्ललागे को रन आउट किया वहीं मिचेल स्टार्क ने 43 रन पर दो विकेट और ग्लेन मैक्सवेल ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

निसंका और परेरा ने पहले विकेट की साझीदारी में करीब छह रन प्रति ओवर की गति से 125 रन जोड़े। कंगारू टीम की पहले विकेट की तलाश 22वें ओवर में पूरी हुयी जब पैट कमिंस की शार्ट पिच गेंद को उड़ाने के प्रयास में निसंका डीप स्कावयर लेग पर खड़े डेविड वार्नर को कैच थमा बैठे। परेरा भी कमिंस की गेंद पर क्लीन बोल्ड आउट होकर चलते बने।सेट बल्लेबाजों के आउट होने के बाद आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में और पैनापन आ गया। एडम जम्पा ने लगातार दो ओवरो में कप्तान कुसल मेंडिस (9) और सदीरा समराविक्रमा (8) का विकेट झटक कर मैच का रूख अपनी टीम की ओर मोड दिया।

इस बीच हल्की बारिश के कारण खेल को रोक दिया गया। करीब 29 मिनट बाद खेल शुरू होते ही मिचेल स्टार्क ने पहली ही गेंद पर धनंजय डिसिल्वा (7) को शिकार बनाया जबकि वेल्ललागे को कमिंस ने शानदार थ्रो के जरिये रन आउट कराया। चमिका करुणारत्ने और महीस थीक्षणा जम्पा की गेंद पर चकमा खाते हुये पगबाधा करार दिये गये। आखिरी बल्लेबाज के तौर पर लाहिरू कुमारा (4) को स्टार्क ने क्लीन बोल्ड आउट किया।

## क्रिकेट सहित पांच खेल लॉस एंजिल्स 2028 में शामिल

**मुंबई** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट (टी20) सहित बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को शामिल किये जाने की सोमवार को औपचारिक घोषणा की।

आईओसी के 141वें सत्र की बैठक में समिति ने आज महिला पुरुष क्रिकेट (टी20) बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेल में शामिल किये जाने को लेकर आईओसी सदस्यों मतदान किया। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि समिति के 99 सदस्यों में से केवल दो सदस्यों ने पांच खेलों को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में शामिल किये जाने के प्रस्ताव का विरोध किया और एक ने मतदान में भाग नहीं लिया। पांचों खेलों को शामिल किये जाने की घोषणा के साथ ही ये खेल लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल के कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इसके पहले 1900 के ओलंपिक में केवल एक बार क्रिकेट खेला गया था। आईओसी ने सीमित ओवरों के क्रिकेट के महिला और पुरुष ट्वेंटी-20 फॉर्मेट को शामिल किये जाने की मंजूरी दी गई है। फ्लैग फुटबॉल अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है, पांच टीमों के लिए अमेरिकी फुटबॉल का एक गैर-संपर्क संस्करण है। बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को हाल ही में टोक्यो 2020 के ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था, जहां मेज़बान जापान ने दोनों स्वर्ण पदक जीते थे। लैक्रोस स्टिक और लैक्रोस बॉल के साथ खेला जाता है । यह कनाडा और उत्तरी अमेरिका में खेला जाता है। यह उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना संगठित खेल है, जिसकी उत्पत्ति उत्तरी अमेरिका के स्वदेशी लोगों के साथ 12वीं शताब्दी में हुई थी। स्क्वैश एक रैकेट खेल है जिसे दो खिलाड़ी (युगल के लिए चार खिलाड़ी) एक छोटी गेंद से चार दीवारों वाले कोर्ट में खेला जाता है।



### क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने से बढ़ेगा खेल का कद : शाह

मुबंई। आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के आईओसी के फैसले का स्वागत करते हुये बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में क्रिकेट की भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। शाह ने सोमवार को जारी बयान में कहा, बीसीसीआई क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने के आईसीसी के प्रयासों का कट्टर समर्थक रहा है। हम इस महत्वपूर्ण अवसर को देखकर रोमांचित हैं, जो खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रिकेट को बढ़ावा देने में हमारी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की पहल भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी के विचार के अनुरूप है। उन्होने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के पास अद्धितीय वैश्विक प्रशंसक आधार है और इस प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में उनकी भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 और चीन के हांगझाउ में एशियाई खेल 2022 में क्रिकेट की उपस्थिति सुनिश्चित करने में हमारा योगदान महत्वपूर्ण था। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से इस खेल के लिए नए मोर्चे खुलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने कहा, हमारा अनुमान है कि इस निर्णय से महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलेगा और हमारे खेल के इको-सिस्टम पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह ढांचागत विकास को बढ़ावा देगा, प्रतिस्पर्धा को तेज़ करेगा, युवा विकास को बढ़ावा देगा और अधिकारियों एवं पेशेवरों के लिए अवसर पैदा करेगा।

## भारत ने नीदरलैंड को 4-2 से हराया



**नीदरलैंड,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपने पहले अंतरराष्ट्रीय दौरे पर गयी भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम ने रविवार शाम नीदरलैंड अंडर-16 टीम को 4-2 से हराया हालांकि महिलाओं को नीदरलैंड अंडर-16 महिला टीम से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में उप-कप्तान आशु मौर्य ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को बढ़त दिला दी थी। नीदरलैंड्स ने हाफटाइम से पहले स्कोर बराबर करने के लिए वापसी की और कड़ी मेहनत की बदौलत बढ़त भी ले ली। हालाँकि, दीपक प्रधान ने भारत के लिए स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबले के अंतिम मिनटों में आशु मौर्य और राहुल राजभर ने एक के बाद एक गोल करके भारत को जीत दिला दी।

भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम के कोच सरदार ने कहा, यह टीम के लिए एक बड़ी जीत है। हमे इस जीत पर बहुत गर्व है। महिलाओं के खेल में, भारत हाफ टाइम तक नीदरलैंड्स से 0-1 से पीछे था। काजल आर ने तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए बराबरी का स्कोर बनाने के लिए अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, नीदरलैंड ने लगातार चार गोल करके जवाब दिया, इससे पहले कप्तान भाव्या ने अंतिम क्वार्टर में भारत के लिए मैच का दूसरा गोल किया। इसके तुरंत बाद नीदरलैंड ने एक और गोल कर यह सुनिश्चित कर दिया कि भारत मैच 2-6 से हार जाए।

भारत की पूर्व कप्तान और भारतीय सब जूनियर महिला टीम की कोच रानी ने कहा, यह हमारे लिए एक और हार हो सकती है, लेकिन हम लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। विदेशी परिस्थितियों में खेलना एक चुनौतीपूर्ण उपलब्धि है, खासकर हमारी सब जूनियर लड़कियों के लिए।

## सोंग काई चीन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये

**बीजिंग,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ खेल अधिकारी सोंग काई को सोमवार को चीन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) के 12वें सदस्यता सम्मेलन में अध्यक्ष चुना गया। पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत में खेल प्रशासन के प्रमुख सोंग(58) जून से सीएफए चुनाव के लिए तैयारी समूह के उप प्रमुख के रूप में काम कर रहे हैं। सोंग ने कहा, हम भविष्य में अधिक एकजुट, अधिक मेहनती, अधिक खुला, अधिक पारदर्शी और अधिक साहसी सीएफए विकसित करने का पूरा प्रयास करेंगे। सन वेन, युआन योंगकिंग, यांग जू और जू जिरेन को सीएफए के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया, चीनी महिला फुटबॉल की दिग्गज सन एकमात्र उपाध्यक्ष हैं जो 11वें सदस्यता सम्मेलन से अपने पद पर बनी हुई हैं। 50 वर्षीय युआन, जिन्हें सीएफए महासचिव भी नामित किया गया है, को चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन में सेवा करने का पिछला अनुभव है। यांग, चीनी सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, उन्हें भविष्य में चीन की पेशेवर फुटबॉल लीग की देखरेख का काम सौंपा गया है। जू शिन्हुआ समाचार एजेंसी के वरिष्ठ खेल पत्रकार हैं। अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के अलावा, सम्मेलन में चुनी गई नई 20



सदस्यीय कार्यकारी समिति में महिला स्टार फुटबॉलर वांग शुआंग, पूर्व पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान झेंग झी और चीनी सुपर लीग (सीएसएल) क्लबों, स्कूलों, संघ और फुटबॉल से संबंधित अन्य क्षेत्र, स्थानीय फुटबॉल के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में, चीन के सामान्य खेल प्रशासन के पूर्व उप प्रमुख डु झाओकाई, पूर्व सीएफए अध्यक्ष चेन जुयुआन, साथ ही कई अन्य वरिष्ठ चीनी फुटबॉल अधिकारी रिश्वत लेने के आरोप में जांच के दायरे में थे।

## अफगानिस्तान से मिली शर्मनाक हार का ठीकरा जोस बटलर ने पिच पर फोड़ा!

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हाथों विश्व कप मैच में उलटफेर का शिकार हुए मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम उस स्तर पर नहीं खेल पा रही, जैसे खेलना चाहिए। रविवार को मैच में बटलर ने लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुना और बांग्लादेश पर जीत से अपनी प्लेइंग-11 को बरकरार रखा।

अफगानिस्तान को 284 रन पर आउट करने के बाद इंग्लैंड की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और 215 रन पर उनकी पूरी टीम पवेलियन लौट गई। राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने तीन-तीन विकेट लिए। अफगानिस्तान के खिलाफ इस हार के बाद इंग्लैंड को मौजूदा प्रतियोगिता के तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनके खिताब की रक्षा मुश्किल स्थिति में आ गई। मैच के बाद बटलर ने कहा, यहां पहले कुछ मैच देखने के बाद जाहिर तौर पर भारत अपने लाइनअप में अतिरिक्त सीमर के साथ गया था, हमने सोचा कि विकेट इसी तरह होगा और शायद दूसरे हाफ में ओस आएगी, लेकिन नहीं मुझे लगता है कि हमारे पास जो भी लाइन-अप था, हम उतने अच्छे नहीं थे और हमने अच्छा नहीं खेला और इसका पूरा श्रेय अफगानिस्तान को जाता है, वे जीत के हकदार हैं। उन्होंने अफगानिस्तान से हार को एक बड़ा झटका बताया और अपनी टीम से अपना आत्मविश्वास न खोने की अपील की, क्योंकि इंग्लैंड को अब सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका पाने के लिए अपने शेष

## नीदरलैंड के साथ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के पास अपने रनरेट में सुधार करने का मौका

धर्मशाला 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका अपने रनरेट में सुधार कर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा।

विश्वकप में नीदरलैंड की टीम ने अब तक दो मुकाबले खेले हैं और दोनों मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों मैच में जीत दर्ज की है। विश्वकप तालिका में दक्षिण अफ्रीका प्लस 2.360 रनरेट के साथ चार अंक है।

दक्षिण अफ्रीका ने अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीता था। अफ्रीकी टीम के



विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक दो मुकाबलों में दो शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा और केशव महाराज अच्छी लय में हैं। ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका कोई बदलाव करना नहीं करना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक सात मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें छह मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच आखिरी एकदिवसीय मुकाबला इस वर्ष दो अप्रैल को खेला गया था। यह मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने 146 रन से जीता था। नीदरलैंड को सुपर चार में पहुंचने के लिए यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। नीदरलैंड की टीम में बास डी लीडे और विक्रमजीत सिंह अच्छे खिलाड़ी हैं जो कि दक्षिण अफ्रीका को परेशानी में डाल सकते हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका अपने रनरेट में सुधार करना चाहेगा। नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह ने 10 मुकाबलों में 390 रन बनाए हैं। बास डी लीडे ने नौ मैच में 46.25 की औसत से 370 रन और एडेन मार्करम ने 10 मुकाबलों में 638 रन बनाए हैं। मार्को येन्सन ने 10 मुकाबलों में 16

## सार संक्षेप

### दर्शक दीर्घा में गिरा बैनर,खेल में पड़ी खलल

**लखनऊ।** श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व कप मुकाबले में सोमवार को कुछ समय के लिये व्यवधान पड़ा जब तेज आंधी के बीच एक फ्लैक्सी बैनर उड़कर दर्शक दीर्घा में जा गिरा। दरअसल,श्रीलंका की पारी का 43वां ओवर चल रहा था कि करीब छह बजे स्टेडियम के ऊपरी सिरे पर लगे फ्रेम से उखड़ कर एक हल्का फ्लेक्सी बैनर उड़ कर दर्शक दीर्घा में गिर गया। इससे दीर्घा में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया और दर्शक गैलरी से बाहर जाते दिखे। यह नजारा देख कर दोनो टीमों के खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गये और इस कारण करीब तीन मिनट तक खेल रूका रहा।स्टेडियम प्रशासन का कहना है कि तेज हवा के कारण एक बैनर फ्रेम से उखड कर दर्शक दीर्घा में गिरा था। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### विजय वॉरियर्स टीम ने श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग जीती

**पुणे।** श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सोमवार को विजय वॉरियर्स ने रॉकी इलेवन को छह रनों से हराकर श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजय वॉरियर्स टीम ने सात ओवर में 7 विकेट पर 71 रन बनाए। जवाब में रॉकी इलेवन 65 रन पर आउट हो गई। महिला वर्ग में टीम फिटनेस मंत्रा ने ओएसआर स्मैशर्स को हराकर जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में तेजस बंसल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहे जबकि महिला वर्ग में सोनिया अग्रवाल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहीं। यह टूर्नामेंट 18 समूहों में खेला गया जिसमें 12 पुरुष समूह, 04 महिला समूह और 02 लड़कों के समूह शामिल थे। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया।

### विश्व कप क्वालीफायर : ब्राजील के कैसेमिरो का उरुग्वे के खिलाफ खेलने पर सस्पेंस

**रियो डी जनेरियो।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कैसेमिरो टखने में मोच के कारण मंगलवार को उरुग्वे के खिलाफ ब्राजील के फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RITU D/O CHHOTE LAL resident of WARD NO-6 JHABADI BALODA BAZAR (C.G.) 493344 have changed my old name RITU D/O CHHOTE LAL so in future I should be recognized by my new name that is RITU SHRIWASH D/O CHHOTE LAL in all Government and other documents.

**RITU SHRIWASH**
WARD NO-6 JHABADI BALODA BAZAR (C.G.) 493344

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHWIN AGARWAL S/O UMESH KUMAR AGARWAL resident of VILLA NO.-22, ELITE VILLAS, V.I.P. ESTATE, NEAR GOLDEN HOMES, KHAMHARDIH RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.) have changed my old name ASHWIN AGARWAL S/O UMESH KUMAR AGARWAL so in future I should be recognized by my new name that is ASHWIN KUMAR AGARWAL S/O UMESH KUMAR AGARWAL in all Government and other documents.

**ASHWIN KUMAR AGARWAL**
VILLA NO.-22, ELITE VILLAS, V.I.P.ESTATE, NEAR GOLDEN HOMES, KHAMHARDIH RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUSHIL KUMAR AGRAWAL S/O SURESH KUMAR AGRAWAL resident of H.NO. 552, NAGORAO GALI, NEAR GUJRATI DHARMSHALA, TELGHANI NAKA RAIPUR (C.G.) have changed my old name SUSHIL KUMAR AGRAWAL S/O SURESH KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SUSHIL AGRAWAL S/O SURESH KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SUSHIL AGRAWAL**
H.NO. 552, NAGORAO GALI, NEAR GUJRATI DHARMSHALA, TELGHANI NAKA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KAPIL KUMAR JAIN S/O SOHAN LAL JAIN resident of H.N. D-150 SECTOR-1 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name KAPIL KUMAR JAIN S/O SOHAN LAL JAIN so in future I should be recognized by my new name that is KAPIL JAIN S/O SOHAN LAL JAIN in all Government and other documents.

**KAPIL JAIN**
H.N. D-150 SECTOR-1 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHAL KUMAR BHARTI S/O JAYPRAKASH BHARTI resident of HOUSE NO. 78, TALAB PARA, KUGDA, KUMHARI, DURG, KUMHARI (C.G.) 490042 have changed my old name VISHAL KUMAR BHARTI S/O JAYPRAKASH BHARTI so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL BHARTI S/O JAYPRAKASH BHARTI in all Government and other documents.

**VISHAL BHARTI**
HOUSE NO. 78, TALAB PARA, KUGDA, KUMHARI, DURG, KUMHARI (C.G.) 490042

**शपथपत्र**

मैं पोन्नाडा दन्डासी उम्र 79 वर्ष पिता पी. वेंकट (पोन्नाडा वेंकट) निवासी खमतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं- 1. यह कि मेरा नाम वल्दियत व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम व वल्दियत उपर वर्णित अनुसार है जो कि सत्य एवं सही है। 3. यह कि आयकर दस्तावेजो मे मेरा नाम पिपका पंडारी त्रुटिवश अंकित हो गया है। 4. यह कि पोन्नाडा दन्डासी एवं पिपका पंडारी दोनो नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मुझ शपथकर्ता के है। 5. यह कि उक्त कथनों की सत्यता में यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**पोन्नाडा दन्डासी**
शपथकर्ता

**शपथपत्र**

मै पोन्नाडा बाला कृष्णा राव पिता पोन्नाडा दन्डासी उम्र 45 वर्ष निवासी शिवानंद नगर सेक्टर 4 खमतराई रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं - 1. यह कि मेरा नाम वल्दियत व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम व वल्दियत उपर वर्णित अनुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे आयकर दस्तावेजों मे मेरा नाम पिपका बाला कृष्णा राव त्रुटिवश अंकित हो गया है।
4. यह कि पोन्नाडा बाला कृष्णा राव एवं पिपका बाला कृष्णा राव दोनो नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मुझ शपथकर्ता के है।
यह कि उक्त कथनों की सत्यता मे यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**पोन्नाडा बाला कृष्णा राव**
शपथकर्ता


### सुडोकू 6349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां) इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.71 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.60 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.20 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.13 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.78 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.94 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.29 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.15 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.14 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## कोर आयात, पूंजीगत वस्तुओं के आयात में गिरावट से घरेलू मांग को लेकर चिंताएं बढ़ीं



**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि मुख्य आयात और पूंजीगत वस्तुओं के आयात में गिरावट से घरेलू मांग के परिदृश्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गैर-तेल, गैर-स्वर्ण निर्यात और आयात में कमजोरी घरेलू और बाह्य दोनों ही स्तर पर मांग के माहौल पर चिंता पैदा करती है। इज़रायल और ईरान के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापार संबंध सीमांत हैं। इसके बावजूद युद्ध बढ़ने से मुद्रास्फीति के दबाव में पुनरुत्थान का जोखिम बढ़ जाएगा। अंतत: चालू खाता घाटा (सीएडी) जीडीपी के 1.4 प्रतिशत की हमारी उम्मीद से अधिक बढ़ जाएगा।

हाल के दिनों में राजकोषीय उपाय सक्रिय रहे हैं, जिसके परिणाम स्पष्ट हैं। घरेलू स्तर पर उबले और टूटे हुए चावल के निर्यात पर हाल ही में प्रतिबंध, चावल के निर्यात आंकड़ों में परिलक्षित होता है, जो दिसंबर 2020 में 25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58.6 करोड़ डॉलर रह गया जो दिसंबर 2020 के बाद सबसे कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, पिछले दो वर्षों में दालों का आयात 89 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़कर उच्चतम 31.5 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। यह दर्शाता है कि फसल में मुद्रास्फीति के दबाव (मासिक आधार पर 4.2 प्रतिशत) को संबोधित करने के लिए आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप मौजूद हैं।

निर्यात के मोर्चे पर, पेट्रोलियम उत्पादों में सबसे ज्यादा 10.6 प्रतिशत सालाना की गिरावट रही। गैर-पेट्रोलियम निर्यात में 0.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख निर्यात वस्तुओं में, रत्न और आभूषण चार साल की चक्रवृद्धि वार्षिक गिरावट 2.9 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी क्योंकि यह बढ़ोतरी मांग के कारण नहीं है बल्कि तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण हुई है। यदि व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर को पार कर जाता है तो चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष जीडीपी के 1.4 प्रतिशत की हमारी उम्मीद को पार कर सकता है। वर्तमान में चालू खाता घाटा 19.3 अरब डॉलर है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 महीने के निचले स्तर पर



**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेल की बढ़ती कीमतों और इजरायल-हमास युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 महीने के निचले स्तर 83.28 पर आ गया। ट्रेडर्स के अनुसार, रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए आरबीआई बाजार में डॉलर बेचने के लिए समय-समय पर हस्तक्षेप करता रहा है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड लगभग 6 प्रतिशत उछलने के बाद 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब मंडरा रहा है। उधर इज़राइल गाजा में अपने जमीनी हमले को अंजाम देने के लिए तैयार है। ऐसी आशंका है कि अमेरिका और ईरान के शामिल होने से तनाव एक व्यापक भू-राजनीतिक संकट में बदल सकता है। इससे मध्य पूर्व क्षेत्र से तेल के प्रवाह में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। अमेरिका पहले ही दो विमानवाहक पोत भूमध्य सागर में भेज चुका है, जबकि ईरान ने इजराइल की आलोचना करते हुए हमास के समर्थन में बयान जारी किया है।

तीन महीनों में तेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गईं, जो लगभग दो दशकों में तीसरी तिमाही की सबसे बड़ी बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 83 के निचले स्तर पर आ गया है। पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के नए आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 बिलियन डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के साथ साथ निर्यात में कमी से रुपये पर और दबाव बढ़ेगा। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में चालू घाटा जीडीपी का 1.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, आयात और सेवाओं के निर्यात में मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में चालू घाटा जीडीपी का 2.4 प्रतिशत हो जाएगा।

## ह्यूंडई मोटर ने की ड्राइव4प्रोग्रेस पहल की घोषणा

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की परोपकारी कार्य करने वाली इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने आज ड्राइवर स्किल डेवलपमेंट इनीशिएटिव 'ड्राइव4प्रोग्रेस ' का एलान किया। इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग देना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। प्रोजेक्ट के तहत हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में अगले 3 साल में महिलाओं समेत 1,500 से ज्यादा युवाओं को कवर किया जाएगा। हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सिंह ने लाभार्थी छात्रों को ट्रेनिंग किट उपलब्ध कराते हुए इस प्रोग्राम का उद्घाटन किया। गैर सरकारी संगठन नवज्योति ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स एंड करियर्स सोसायटी इस प्रोग्राम के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेगी। नवज्योति के साथ एचएमआईएफ के गठजोड़ के तहत इस प्रोग्राम के माध्यम से गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) समुदाय के प्रशिक्षित ड्राइवरों का एक टैलेंट पूल बनाया जाएगा और उन्हें ट्रांसपोर्टेशन इंडस्ट्री में रोजगार पाने के योग्य बनने के लिए अन्य जरूरी साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि यह प्रोग्राम देश में स्किल गैप को कम करने के सरकार के लक्ष्य का ही हिस्सा है। ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन की सक्रिय सहभागिता दिखा रही है कि कैसे कॉरपोरेट्स सरकार के साथ मिलकर कुशल कार्यबल की जरूरत को पूरा करने में भूमिका निभा सकते हैं। इससे अंतत: देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा और भारत विभिन्न सेक्टर में स्किल्ड टैलेंट का पावरहाउस बनकर सामने आएगा।

## मध्य पूर्व में तनाव के चलते तेल की कीमतों में उछाल



**हांगकांग,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में संकट को दूर करने के लिए राजनयिक प्रयास तेज होने के बावजूद सोमवार को तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, निवेशकों को चिंता है कि इजरायल-हमास युद्ध से इस क्षेत्र में व्यापक संघर्ष हो सकता है और वैश्विक आपूर्ति में और कमी आ सकती है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सोमवार को 91.2 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गया, जो 13 अक्टूबर के 90.89 डॉलर से ऊपर है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह फिलहाल 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट शुक्रवार के 87.68 डॉलर के भाव की तुलना में बढ़कर 87.98 डॉलर हो गया। इससे पहले पिछली बार यह 87.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को दोनों वायदा में उछाल आया, जब इज़राइल की सेना ने 1 मिलियन से अधिक लोगों को उत्तरी गाजा छोड़ने की चेतावनी दी। इससे हमास के आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध में इज़राइल के संभावित जमीनी हमले के बारे में चिंताएं पैदा हो गईं हैं।

रविवार को सीबीएस से बात करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि हालांकि ऐसी कोई नई खुफिया जानकारी नहीं है कि ईरान से खतरे का स्तर बदल गया है, लेकिन 'इस संघर्ष के बढ़ने का खतरा है'। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एएनजेड रिसर्च के विश्लेषकों को उम्मीद है कि बढ़ते जोखिम के कारण तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। उन्होंने एक नोट में लिखा, न तो इज़राइल और न ही हमास एक महत्वपूर्ण तेल आपूर्तिकर्ता है, लेकिन अगर 'संघर्ष व्यापक होता है' तो तेल बाजारों के लिए जोखिम बढ़ जाएगा। 'अगर (ईरान) शामिल हो जाता है, तो प्रति दिन 20 मिलियन बैरल तक तेल सीधे तौर पर और बाधित होने का खतरा हो सकता है।' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध भागीदार स्टीफन इन्स ने कहा, 'मध्य पूर्व जोखिम' वैश्विक संपत्ति की कीमतों के परिदृश्य पर हावी हो रहा है।

### सार संक्षेप

#### होण्डा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की 2023 सीबी300आर, बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज ओबीडी2ए कम्प्लायन्ट 2023 सीबी300आर का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरुम कीमत 2.40 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि राइड के अनुभव को रोमांचक बनाने के लिए अल्टीमेट नियो स्पोर्ट्स कैफ़े रोडस्टर के रूप में तैयार की गई यह मोटरसाइकिल चलाने में मज़ेदार है और राइड का आनंददायी अनुभव प्रदान करती है। उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप्स पर 2023 होण्डा सीबी300आर के लिए बुकिंग कर सकते हैं। आइकोनिक रेट्रो-थीम पर आधारित सीबी1000आर लीटर-क्लास रोडस्टर के डिज़ाइन से प्रेरित 2023 सीबी300आर होण्डा की अल्ट्रा मॉडर्न मिनिमलिस्टिक मशीन है जो टाइमलैस रोडस्टर डिज़ाइन के साथ आती है। इसका मस्कुलर फ्यूल टैंक और बीफी एक्ज़हॉस्ट नियोस्पोर्ट्स कैफे डीएनए पर आधारित है।


#### जियो सिनेमा को पहला एंजेल इन्वेस्टमेंट शो

**नई दिल्ली।** डिजिकोर स्टूडियोज ने दुनिया का पहला एंजेल इन्वेस्टमेंट शो 'इंडियन एंजल्स' लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसकी स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर होगी। कंपनी ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इंडियन एंजल्स न केवल एंजल निवेशकों को उभरते स्टार्टअप का समर्थन करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि दर्शकों को खुद निवेशक बनने का आमंत्रण भी देगा। इस शो में एंजल निवेशकों का एक पैनल है, जिनमें से प्रत्येक ने मामूली शुरुआत करते हुए जबरदस्त सफलता हासिल की है। इसमें इंश्योरेंसदेखो के फाउंडरऔर सीईओ अंकित अग्रवाल; टीएसी - द आर्युवेद कंपनी की सीईओ और सह संस्थापक श्रृद्धा सिंह, वैल्यू 360 के संस्थापक और निदेशक कुणाल किशोर, काइनेटिक इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजिंक्य फिरोदिया, ईज माय ट्रिप के को-फाउंडर श्रीकान्त पिट्टी और शोबिटम की सह-संस्थापक और चीफ प्रॉडक्ट ऑफिसर अपर्णा त्यागराजन शामिल हैं।

#### ज़ोमैटो के बाद अब स्विगी ने खाने के ऑर्डर के लिए शुल्क बढ़ाकर 3 रुपए किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलेवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने भी फूड ऑर्डर के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क 2 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपये कर दिया है। स्विगी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को आईएएनएस को बताया, 'प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पर कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है। यह उद्योग में एक आम बात है'। प्रवक्ता ने कहा, 'जिन शहरों में हम काम करते हैं उनमें से अधिकांश में प्लेटफ़ॉर्म शुल्क अभी 3 रुपए है। फिलहाल, प्लेटफ़ॉर्म शुल्क केवल स्विगी की फूड डिलेवरी सेवा पर लागू होता है, इंस्टामार्ट ऑर्डर पर नहीं। अप्रैल में, कंपनी ने कार्ट वैल्यू की परवाह किए बिना, प्रति ऑर्डर 2 रुपये का प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पेश किया था। अगस्त में, स्विगी प्रतिद्वंद्वी ज़ोमैटो ने भी अपना प्लेटफ़ॉर्म शुल्क शुरुआती 2 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया। ज़ोमैटो ने ज़ोमैटो गोल्ड यूजर्स से प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लेना शुरू कर दिया, जिन्हें पहले छूट दी गई थी।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट




**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। इसराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण आर्थिक विकास को लेकर उपजी चिंताओं के दबाव में विश्व बाजार के गिरने से स्थानीय स्तर पर नेस्ले, टीसीएस, रिलायंस, मारुति और एसबीआई समेत 19 कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 115.81 अंक टूटकर 66166.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.30 अंक फिसलकर 19731.75 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.25 प्रतिशत चढ़कर 32,387.42 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उठकर 38,316.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3953 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2033 में लिवाली जबकि 1746 में बिकवाली हुई वहीं 174 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियां हरे जबकि 27 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान एफएमसीजी 0.28, वित्तीय सेवाएं 0.04, हेल्थकेयर 0.47, आईटी 0.10, दूरसंचार 0.74, बैंकिंग 0.11, रियल्टी 0.39, टेक 0.32 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.17 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.10, जापान का निक्केई 2.03, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत उतर गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 45 अंक उतरकर 66,238.15 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,039.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 66,342.75 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एक बार फिर बिकवाली हुई और यह संभल नहीं पाया और अंत में पिछले दिवस के 66,282.74 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत गिरकर 66,166.93 अंक रह गया। निफ्टी 14 अंक फिसलकर 19,737.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,691.85 अंक के निचले जबकि 19,781.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,751.05 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत गिरकर 19,731.75 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 19 कंपनियों में बिकवाली जबकि अन्य में लिवाली हुई। नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में नेस्ले इंडिया 1.94, टीसीएस 1.29, एशियन पेंट 1.15, इंडसइंड बैंक 1.14, भारती एयरटेल 0.91, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.55, एचडीएफसी बैंक 0.47, रिलायंस 0.33, विप्रो 0.23, मारुति 0.17, टाटा मोटर्स 0.16, एसबीआई 0.08 और आईसीआईसीआई बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.71, टाटा स्टील 1.60, एचसीएल टेक 1.20, एक्सिस बैंक 1.13, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.78, पावरग्रिड 0.69, एनटीपीसी 0.56, टाइटन 0.49, एलटी 0.46, इंफोसिस 0.19 और आईटीसी के शेयरों ने 0.09 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## गोदरेज इंटेरियो ने किया अपने पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। फर्नीचर और इंटीरियर सॉल्यूशंस ब्रांड गोदरेज इंटेरियो दिल्ली-एनसीआर में अपने ग्राहकों के लिए अधिक बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये उसने चालू वित्तीय वर्ष में उत्तरी बाज़ार में 15 नए स्टोर शुरू किए हैं, जिससे पूरे उत्तरी बाज़ार में स्टोरों की कुल संख्या 35 हो गई है। गोदरेज समूह की कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के इस ब्रांड ने आज यहां कहा कि इसके अतिरिक्त इको फर्नीचर रेंज के लॉन्च के साथ उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025 तक दिल्ली-एनसीआर में इको रेंज फर्नीचर श्रेणी में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। जैसे-जैसे त्योहारी सीजन से पहले उपभोक्ता मांग बढ़ रही है, गोदरेज इंटेरियो ने भी अपने ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ और निर्बाध खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति के साथ अपनी ताकत मजबूत की है।

गोदरेज इंटेरियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बी2सी) देव सरकार ने कहा, 'सेंचुरियन ब्रांड, गोदरेज इंटेरियो के पास पूरे देश में एक मजबूत ब्रांड रिकॉल और महत्वपूर्ण ग्राहक आधार है। घरेलू फर्नीचर बाजार के रूप में दिल्ली-एनसीआर में 15 प्रतिशत से अधिक की लगातार वार्षिक वृद्धि हो रही है, बेडरूम फर्नीचर, लिविंग रूम फर्नीचर, मॉड्यूलर किचन, होम स्टोरेज, गद्दे और अंदरूनी स्टैंडअलोन आवासों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, हम इन बदलते रुझानों को भुनाने और हमारी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने के लिए तैयार हैं। विशेष घरेलू फर्नीचर और घरेलू भंडारण समाधानों की शुरूआत के साथ, हम इस वित्तीय वर्ष में दिल्ली-एनसीआर में ब्रांड को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में, दिल्ली-एनसीआर में संगठित फर्नीचर क्षेत्र में हमारी 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है और हम अगले तीन वर्षों के भीतर 35 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का इरादा रखते हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 17 रिंगिट की तेजी लेकर 3731 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की गिरावट लेकर 54.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## 24 घंटे के अंदर मिलेगा खोया सामान, आरआरटीएस स्टेशन पर बनेगा 'खोया-पाया केंद्र'

**गाजियाबाद,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिक खंड जल्द ही जनता के लिए शुरू होने जा रहा है। इन आधुनिक हाई स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रैपिडएक्स ट्रेनों के संचालन के साथ ही यात्रियों को कई सुविधाएं देने की तैयारियां की जा रही है। इसी दिशा में खोई हुई वस्तुओं की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर समर्पित 'खोया और पाया केंद्र' बनाया जाएगा। यह केंद्र यात्रियों को उनके खोए हुए सामान तक पहुंचाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा, जिससे भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर पर यात्रा अधिक सुरक्षित, निर्बाध और परेशानी मुक्त हो जाएगी।



इसके अंतर्गत यात्रा के दौरान यदि किसी यात्री का कोई समान स्टेशन परिसर या आसपास खो जाता है या रैपिडएक्स ट्रेन में कोई वस्तु या सामान गलती से छूट जाता है तो यह सामान जिस किसी यात्री को मिलता है, तो यात्री इस स्थिति में स्टेशन या ट्रेन स्टाफ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही खोई-पाई वस्तु के संबंध में पूछताछ और सहायता के लिए रैपिडएक्स ग्राहक सेवा केंद्र के नंबर 8069651515 पर कॉल करके भी मदद ले सकते हैं। अगर स्टेशन परिसर या ट्रेन में खोया या छूटा सामान रैपिडएक्स स्टाफ को मिलता है या किसी अन्य यात्री द्वारा उनके पास जमा करवाया जाता है तो यात्री को 24 घंटों के भीतर अपने सामान को उसी स्टेशन से प्राप्त कर सकेंगे, जहां वह खोया या छूटा था। वहीं, रैपिडएक्स कनेक्ट एप पर यात्री टिकट बुकिंग के साथ ही खोई-पाई वस्तुओं या सामान की जानकारी भी हासिल कर सकेंगे। हालांकि, 24 घंटे के बाद खोई-पाई वस्तुओं और सामान को गाजियाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर स्थित समर्पित 'खोया और पाया केंद्र' में पहुंचा दिया जाएगा।

रैपिडएक्स में सफर करने वाले यात्रियों को अगर किसी अन्य यात्री का कोई सामान खोई या छूटी हुई स्थिति में मिलता है तो वे उसे स्टेशन स्टाफ के पास जमा करवा सकते हैं। गाजियाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर स्थित समर्पित 'खोया और पाया केंद्र' हर दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा, जिससे यात्रियों को अपना सामान वापस पाने में आसानी होगी।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि छह महीने के बाद लावारिस वस्तुओं का निपटान प्रतिधारण नीति द्वारा किया जाएगा। एनसीआरटीसी यह सुनिश्चित करेगा कि आप अपने गंतव्य तक तेजी से पहुंचें और पूरी यात्रा के दौरान आपकी और आपके सामान की अच्छी तरह से देखभाल हो। इस समर्पित 'खोया और पाया केंद्र' के साथ, एनसीआरटीसी अपने यात्रियों के लिए तीव्र पारगमन सुविधा और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शांत्रीबाई कॉलेज में लोकतंत्र पर सेमीनार



**महासमुंद,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के कलासंकाय द्वारा''लोकतंत्र''विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सविता चन्द्राकर थी। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास कोलोकतंत्र सीधा प्रभावित करती है। क्योंकि लोकतंत्र को जनतंत्र कहा गया है। जिसके तहत् जनता द्वारा चुने गए प्रत्याशी ही लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकतंत्र को समझकर विद्यार्थी देश की मुख्य धारा से सीधे जुड़ सकते है। सेमीनार में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रा डिगेश्वरी सिन्हा ने लोकतंत्र के निर्माण, जानकी सिन्हा ने लोकतंत्र क्या है?, खुशबूसाहू ने लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया, टेमन ध्रुव ने पोस्टर के माध्यम से लोकतंत्र में चुनाव प्रचार, पुरुषोत्तम साहू लोकतंत्र के महत्व, पूजासाहू द्वारा लोकतंत्र पर स्लोगन, माधुरी साहू ने लोकतंत्र में जनता की भूमिका, के ऊपर अपना सेमीनार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कलासंकाय के सहायकप्राध्यापक एवं कार्यक्रम प्रभारी गायत्री चन्द्राकर ने कहा कि लोकतंत्र एक महापर्व है। जो 5 वर्ष मेंआता है। लोकतंत्र को जनता का शासन कहा जाता है, क्योकि जनता का शासन है, जिसमेंजनता द्वारा चुने हुए प्रत्याशी ही उनक प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए हमेंअच्छे उम्मीदवार का चयन कर सही उम्मीदवार कोअपना मत देना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफमेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्रचन्द्राकर, किशोरकठार, दिव्याचन्द्राकर, लुकेश साहू, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमनसिन्हा, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी हीना चन्द्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।

# कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

**बिलाईगढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारियों, सीईओ, सीएमओ, डीईओ, बीईओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभावार किये गए तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभा के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। रिटर्निंग अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधानसभावार चुनाव कार्य संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी सीईओ और सीएमओ को अपने अपने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का पुन: निरीक्षण करते हुए शौचालय, रैम्प, पेयजल, बिजली कनेक्शन, छाया, फर्नीचर सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में सभी आधारभूत सुविधाओं सहित निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने विधानसभावार मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने एवं सुरक्षित वापसी हेतु बनाए गए रूट चार्ट, मतदान केन्द्रों में जरूरी व्यवस्थाएं, वेबकास्टिंग की व्यवस्था, प्रेक्षकों के लिये लाईजिनिंग अधिकारियों की नियुक्ति एवं उनके लिये जरूरी व्यवस्थाओं, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था, चेक पोस्ट की स्थापना, निर्वाचन कार्य हेतु वाहन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अन्य जरूरी व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी, पंचायत नोडल हरिशंकर चौहान, समस्त सीईओ, सीएमओ सहित बीईओ के अलावा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# तहसील स्तर पर मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रथम चरण में 4200 मतदान कर्मियों ने लिया हिस्सा**

**बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा निर्वाचन में मतदान कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में करीब 4200 मतदान कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को ईवीएमम मशीन एवं वीवीपैट की इंस्टालेशन, मॉक पोल, मतदान के लिए पहचान पत्र, सामग्री प्राप्ति एवं वापसी आदि विषयों पर मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा ने बताया कि मतदान कर्मियों को तहसील स्तर पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे सभी तहसीलों से कुल 4200 कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले कुछ कर्मचारी यदि किसी कारणवश मतदान कार्य से अलग हिट है तो उनके स्थान पर नियुक्त नए कर्मचारी को शुरू से प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान कर्मियों को मतदान कार्य में दक्ष बनाने के लिए समय-समय पर निरंतर प्रशिक्षण जारी रहेगा ताकि सुव्यवस्थि मतदान सम्पन्न हो सके।

# रायपुर-बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति ने सहयोग करने वालों का किया सम्मान



**पूर्व मंत्री पूर्व विधायक व गौंटिया का शाल व श्रीफल देकर किया गया सम्मानित**

**सरायपाली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली द्वारा सोहेला में आयोजित सम्मान समारोह में ओडिशाके पूर्व केबिनेट मंत्री प्रकाश चंद्र देवता, सोहेला के गौंटिया श्रीमंत गोपाल नायक सरायपाली के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल का समिति के सदस्यों द्वारा शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व राष्ट्गान के साथ किया गया। सर्वप्रथम समिति के संयोजक दिलीप गुप्ता द्वारा समिति द्वारा आज तक किये गए कार्यक्रमो, प्रयासों व गतिविधियों की जानकारी में बताया गया कि रेलमार्ग निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही है किंतु आमजनता, तत्कालीन नेताओ व सरकारों के निष्क्रियता पूर्ण व्यवहार के चलते यह ठंडे बस्ते में पड़ा था। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास व शुलभ यातायात साधन की आवश्यकता को देखते हुए उक्त समिति का निर्माण किया गया। व सरायपाली के पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल के सहयोग व महासमुन्द के सांसद चुन्नीलाल साहू के नेतृत्व में दिल्ली जाकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को एक ज्ञापन सौंपा गया। एक माह के अंदर ही उनके द्वारा आदेश जारी किया गया। जिसके तहत आज विशेष कोटे से संबलपुर से रायपुर के बीच सर्वे पूर्ण हुआ

संयोजक दिलीप गुप्ता ने बताया कि इस रेललाइन निर्माण के लिए सर्वाधिक साथ व सहयोग देवेश आचार्य ( विधायक बरगढ़ ), सुशांत सिंह ( सोहेला विधायक व केबिनेट मंत्री ), जयनारायण मिश्र ( विधायक संबलपुर), पद्मनाभ बेहरा ( परिवहन मंत्री - ओडिशा ) का रहा जिनके मार्गनिर्देशन में यह सफलता मिली सरायपाली विधायक किस्मत लाल नन्द विधायक बसना देवेन्द्र बहादुर सिंह खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव महासमुन्द विधायक विनोद चंद्राकर लिखित व मौखिक समर्थन मिला।

समिति द्वारा रेलनिर्माण हेतु नरेंद्र मोदी, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, राज्यपाल ( छत्तीसगढ़ ), भूपेश बघेल ( मुख्यमंत्री ), सुनील सोनी ( सांसद रायपुर ), अमर अग्रवाल, शिव डहरिया व पद्मनाभ बेहरा ( परिवहन मंत्री - ओडिशा ) को पत्र सौंपा गया था।

प्रकाश चंद्र देवता, त्रिलोचन पटेल व श्रीमंत गोपाल नायक ने सयुंक्त उदबोधन में कहा कि समिति का कार्य काफी प्रशंसनीय है। इनके मेहनत व लगन की हम सराहना करते हैं इनके प्रयासों से अब यह रेल लाइन सुविधा लाखो लोगों को मिल सकेगी। इस हेतु जो भी सहयोग समिति को चाहिए हम तन मन व धन से सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम को अमर बग्गा ( समिति अध्यक्ष ) सौरभ गोयल, विद्याभूषण सतपथी, सुनील अग्रवाल, सुवर्धन प्रधान, सेवा शंकर अग्रवाल, आशिक हुसैन, हरदीप सिंह, निर्मल किशोर, बलवीर सिंह, प्रमोद देवता, कमल जोशी, गोविंद दास द्वारा संबोधित किया गया।

इस अवसर पर बरगढ़, सोहेला व सरायपाली के अनेक सदस्य गण उपस्थित थे।

मंच का संचालन अविजित प्रतिहार ( संगठन सचिव ) व आभार प्रदर्शन सरदार प्रीतम सिंह ( उपाध्यक्ष ) द्वारा किया गया।

# जिले में मतदाता जागरूकता अभियान बना पर्व, हर वर्ग के लोग बन रहे सहभागी




**धमतरी,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के काम मतदान वाले केंद्रों में मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने फ्लैश मॉब, विभिन्न प्रतियोगिताएं, रैली, नारा, नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां प्रतिदिन आयोजित की जा रही है। यह अभियान अब जिले में पर्व बन गया है, जिसमे युवा, महिला, विद्यार्थी, खिलाड़ी, व्यापारी, मजदूर, थर्ड जेंडर, दिव्यांगज्ञन, वृद्धजन सहित अन्य वर्गों का भरपूर साथ मिल रहा है।

इसी कड़ी में आज बीसीएस पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के स्वयंसेवकों की टीम द्वारा लो वोटर टर्न आउट बूथ वाले ग्राम रत्नाबांधा( 108 ) एवं मुजगहन ( 101 ) के ग्रामीणों के मध्य मतदान जागरूकता के संदेश दिए गए और विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई।

वहीं यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में महाविद्यालय की एन एस एस, रेडक्रॉस और स्वीप के वॉलिंटियर्स के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ और धमतरी जिला वोट सर्वोपरि का संदेश दिया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा कुरूद विकासखंड के ग्राम सिर्री में दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन कर मतदाताओं को 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' का लगाया और उपस्थित मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई। सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस दौरान द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आमजन से मतदाता सूची में अपने एवं अपने आसपास के लोगों का नाम होने की जानकारी लेने कहा।

# निर्वाचन अधिकारियों की प्रथम चरण प्रशिक्षण संपन्न



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन अधिकारियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दिया गया। जिसके अतंर्गत कक्ष क्रमांक 1 से 15 में 2 मास्टर ट्रेनर के द्वारा 600 कर्मचारियों को पीठासन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवम 3 उपस्थित हुए। इस दौरान विभिन मतपत्र जिसमे पीठासन की डायरी, निविदत्त मतपत्र, अभ्यक्षेपित मत, प्रॉक्सी मत आदि की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान अधिकारी 1 को चिन्हित प्रति, मतदाता की पहचान, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा मतदान अधिकारी2 को मतदाता रजिस्टर 17 क, अमिट स्याही लगाना, मतदाता पर्ची, आदि की जानकारी दी गई। वही मतदान अधिकारी 3 को कंट्रोल यूनिट का प्रभार के साथ बैलेट कैसे जारी करनी है, मतदाता को मतदान प्रकोष्ठ में जाकर मत देने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण दो सेशन में दी गई,, पहली पारी में सैद्धान्तिक व दूसरे सेशन में म्टड मशीन का प्रैक्टिकल कराया गया। इस प्रशिक्षण में क्ड रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार सेक्टर ऑफिसर, बीईओ रमाकान्त देवांगन, मास्टर ट्रेनर, डॉ अनजान सिंग ठडव् टीम के साथ, पटवारी, कोटवार आदि उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में नही हुई है किसी प्रकार की गड़बड़ी

- **लिपकीय त्रुटि से हुआ अंकों का गलत उल्लेख : जिला शिक्षा अधिकारी**
- **जानकारी मिलते ही तत्काल संशोधित आदेश किया गया जारी**

**बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के संबध में भ्रामक प्रकाशित समाचारों को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस संबध में जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट ली है। जांच रिपोर्ट में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा उक्त खबरों को सिरे से नकारते हुए भूलवंश लिपकीय त्रुटि से हुई गलती बताया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी हैं।

उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम समिति जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिले के व्याख्याता (गणित) विषय का साक्षात्कार 20 सितंबर 2023 को तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा लिया गया। जिसमें आवेदकों को अंक प्रदान किये गए। 6 अक्टूबर को जारी गणित विषय की प्रावीण्य सूची में निम्न टंकन त्रुटियों के संज्ञान मे आने के पश्चात् त्रुटि सुधार कर पुन: संशोधित प्रावीण्य सूची 6 अक्टूबर को तत्काल जारी की गई जो कि विस्तृत में निम्नानुसार है। नेहा साहू, शाला-कसडोल, विषय गणित (व्याख्याता) को 6 अक्टूबर को जारी प्रावीण्य सूची में साक्षात्कार का 20 प्रतिशत मे से 23.66 अंक मुद्रित पश्चात् टंकन त्रुटिवश जारी हुई। इसमे तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यार्थियों को अंक प्रदान किये गए है लेकिन टंकन त्रुटिवश नेहा साहू को साक्षात्कार दल के चौथें विशेषज्ञ का त्रुटिवश अंक 20 मुद्रित हो गये है और औसत की त्रुटि युक्त गणना इस प्रकार की गई। ए त्रुटि युक्त गणना (15,17,19,20)/3 = 71/3 = 23.66 हो गया था। बी सही गणना (15,17,19,00)/3 = 51/3 =17 है। बाकि समस्त अभ्यार्थियों को भी चौथें साक्षात्कार विशेषज्ञ उपलब्ध नही होने के कारण प्रपत्र में चौथे विशेषज्ञ का अंक शून्य मुद्रित है। क्योंकि चौथा विशेषज्ञ साक्षात्कार दल में शामिल ही नही था बल्कि तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों के द्वारा ही संपन्न किया गया है। अत: नेहा साहू को प्रदत्त चौथे साक्षात्कार विशेषज्ञ के कॉलम में मुद्रित अंक को दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् शून्य मुद्रित कर संशोधित प्रावीण्य सूची जारी की गई जिसमे चयनित अभ्यर्थी प्रभावित नही हुए है। इसी प्रकार मिताली स्वर्णकार, शाला-निपनिया, विषय-गणित व्याख्याता का स्नातकोत्तर में प्राप्त 65.2 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना में 29.70 प्रतिशत लिया गया। जबकि सही गणना 26.02 प्रतिशत होता है।

इस प्रकार कुल योग 68.34 के स्थान पर 64.72 प्रतिशत सही गणना पश्चात् हुआ एवं प्रावीण्य सूची में पूर्व में चौथे स्थान पर थी संशोधन पश्चात् पांचवे स्थान पर आ गई। मिताली स्वर्णकार की ही 2ठ-विरेन्द्र दास, शाला निपनिया, विषय-गणित (व्याख्याता) भांति इनका भी स्नातकोत्तर मे प्राप्तांक 64.4 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना के कारण 34.96 प्रतिशत लिया गया जबकि सही गणना में 25.75 प्रतिशत होता है। इस प्रकार विरेन्द्र दास की संशोधन से पूर्व कुल योग 76.35 प्रतिशत होने के कारण प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान होने के कारण चयनित हो गये थे लेकिन त्रुटि संज्ञान मे आने पर दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् सही गणना किये जाने पर कुल योग 71.94 के बजाय 67.14 प्रतिशत हुआ एवं संशोधित प्रावीण्य सूची में विरेन्द्र दास पांचवे स्थान पर आये तथा यतिशा चौधरी का संशोधित प्रावीण्य सूची में अधिकतम 71.94 प्रतिशत होने के कारण प्रथम स्थान में चयन हुआ। इस प्रकार त्रुटि संज्ञान में आने पर संशोधित प्रावीण्य सूचीं एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर तत्काल 6 अक्टूबर को जारी की गई जिसे से कुछ लोगो द्वारा विडियो क्लिपींग वायरल कर दिगभ्रमित कर जिला स्तरीय समिति की छवि एवं विभाग की भी छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया एवं शिक्षक भर्ती मे गड़बड़ी मुख्य शीर्षक से समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के प्रकाशन से पूर्व ही समिति द्वारा त्रुटि की पहचान कर संशोधित प्रावीण्य सूची लोगों की जानकारी हेतु एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर जारी की गई है।

# नवरात्रि, दुर्गा विसर्जन, दशहरा, दीपावली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पुलिस थाना कसडोल में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी दुर्गा समिति, पत्रकार, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आगामी दुर्गा विसर्जन, दशहरा एवं दीपावली जैसे पर्व खुशी से मनाए जाने में किसी तरह व्यवधान न हो चुनाव आचार सहिंता का कड़ाई से पालन हो। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाउड स्पीकर बजाने की अनुमति की भी जानकारी दी गई।

बैठक में बताया गया है कि नगर में विशेष आयोजन के लिए एसडीएम से अनुमति लेना आवश्यक है। सभी दुर्गा समिति के सदस्यों ने दुर्गा विसर्जन के सम्बन्ध में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि परंपरागत रूप से सभी समितियों का प्रतिमा अजगर चौंक पर एक जगह उपस्थित होंगे फिर एक साथ प्रस्थान कर शाम 6 बजे तक अनिवार्यत: विसर्जित किया जावेगा। सभी सदस्यों ने कसडोल नगर में गरबा कार्यक्रम न करने सम्बंधित निर्णय से पुलिस प्रशासन को जानकारी देते हुए कुछ लोगों द्वारा पहले सहमति देकर बाद में उल्लंघन करते हुए गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिए जाने का पूरे नगर द्वारा विरोध किए जाने की जानकारी दी गई और पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि नगर की एकता कायम रखने नगर विरोधी कार्यक्रम पर रोक लगाने अनुमति न दिया जाय। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी लखेश केंवट ने नगर की जानभावना का सम्मान हेतु, पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर महोदय को इस बात की जानकारी तत्काल दूंगा ताकि आने वाले समय में किसी तरह की विवाद की स्थिति न आये। अंत में शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं लोगों की उपस्थिति व सहयोग के लिए थाना प्रभारी ने आभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर सभी दुर्गा समिति के सदस्यो, पत्रकारों बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हसुवा का अविश्वास प्रस्ताव कोरम के अभाव में हुआ स्थगित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत हसुवा के सरपंच श्रीमती रामेश्वरी गोरेलाल साहू के खिलाफ विपक्षी पंचो ने कुछ दिन पूर्व जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल पहुँचकर अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। जिसपर 16 अक्टूबर को निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार कसडोल द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हेतु तिथि निर्धारित किया गया था। तय समय पर निर्वाचन दल ग्राम पंचायत हसुवा पहुंचे और प्रक्रिया प्रारम्भ किए। सरपंच पक्ष के लोग समय पर उपस्थित हुए किन्तु अपनी संभावित हार को देखते हुए विपक्षी लोग उपस्थित नहीं हुए। इस प्रकार शिकायतकर्ता पक्ष का उपस्थित न होना चर्चा का विषय बना रहा।


**न्यायालय तहसीलदार सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/421/तह./वा./23
सिमगा, दिनांक 03.10.2023
रा.प्र.क्र./ब/121/2022-2023
ग्राम किरवई प.ह.नं.11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुरपत देवांगन पिता दुकलहा राम देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम दामाखेडा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका दुरपत देवांगन पिता दुकलहा राम देवांगन जाति कोष्टा के नाम पर ग्राम किरवई प.ह.नं. 11 स्थित भूमि ख.नं. 1492 रकबा 0.07 हे. लगान 0.40 की भूमि कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। जिसका किसान किताब कहीं गुम हो गया है काफी खोजबीन पश्चात नहीं मिला। आवेदिका को खाद बीज दवाई इत्यादि कार्यों के लिए किसान किताब की आवश्यकता पड़ती है तथा परेशानी हो रही है, आवेदिका को द्वितीय किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के बी-1 खसरा, शपथ पत्र, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 19.10.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202309112500051
ब/121, वर्ष 2022-2023
आरंग दिनांक .........
ग्राम आरंग, प.ह.नं. 29

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओवदक हेमलाल साहू पिता विष्णुराम साहू काश्तकार निवासी ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 1111/4, 1111/5, 1111/6 का रकबा क्रमश: 0.140, 0.140, 0.14 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 0.420 हे. भूमि खातेदार हेमलाल पिता विष्णुराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदक का मूल किसान किताब कहीं गुम होने पर आवेदक को खाद, बीज एवं अन्य कृषि विकास कार्य में असुविधा होने पर आवेदक द्वारा डुप्लिकेट किसान किताब की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा एवं शपथ-प्रपत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या बैंक संस्था को आपत्ति दावा हो तो दिनांक 06.11.2023 को अपना आपत्तिदावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**महासमुंद जिला महासमुंद (छग)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/845/वा-1/अविअ/2023
ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04
ह्दयलाल पिता चैनसिंग निवासी ग्राम गढ़सिवनी तहसील व जिला महासमुंद ( छग ) आवेदक
विरूद्ध
छग शासन अनावेदक

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04 तहसील व जिला महासमुंद (छग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक ह्दयलाल साहू पिता चैनसिंग निवासी ग्राम गढ़सिवनी तहसील व जिला महासमुंद (छग) द्वारा ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1593 रकबा 0.530 हे. भूमि को कृषि भिन्न मद औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

सील
अनुविभागीय अधिकारी ( रा )
महासमुंद

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......ब/ 121 वर्ष 2022-23
ग्राम- कुकदा प.ह.नं. 33

एतद द्वारा साधारण को के द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक दयालदास चतुर्वेदी पिता अंजोरदास चतुर्वेदी निवासी ग्राम कुकदा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम कुकदा प.ह.नं. 33 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/12, 225/7, 494/2, 497/12, 752/1/ग 752/1/घ/1 752/1/घ/2, 953/2. 1012/2 रकबा क्रमश: 1.214, 0.417, 0.146. 0.200, 0121, 0.051, 0.050, 0.315, 0.012 हे. कुल खसरा नंबर 09 योग रकबा 2.526 हे राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) अपराध कमांक 145/2015 शासन बनाम कोमल चंद कोशले के प्रकरण में जप्त किया गया है। अत: द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय मं विचाराधीन है। तथा दिनांक 25/10/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 20/10/23 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्हार आज दिनांक 09/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील
नायब तहसीलदार
भाटापारा

### कुरूद में संपत्ति विवाद पर हत्या

# आठ लड़कों को मकान खाली कराने एवं मारपीट करने दी गई थी एक लाख की सुपारी

**धमतरी,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार 15 अक्टुबर को थाना कुरूद के ग्राम मरौद में चंद्रशेखर गिरी पिता सोमप्रकाश गिरी उम्र उगभग 50 वर्ष निवासी मरौद कुरूद का अपने सगे भाईयो हेमगिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी के साथ पिछले कई महीनो से संपती संबधी विवाद चल रहा था जिसके चलते आज दिनांक 15 अक्टुबर को सुबह 6 बजे लगभग हेमगिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी द्वारा तीन गाड़ियों मे 08 लड़कों को लेकर चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी के घर मे लाठी, डंडा, राड लेकर घुसकर चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी एवं उसकी पत्नी अर्चना गिरी गोस्वामी के साथ लाठी, डण्डा, राड से हाथ, पैर, पीठ में मारपीट किये जिससे ईलाज हेतु सिविल अस्पताल कुरूद मे ले जाया गया था।

जहां हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया था जिसमे रास्ते मे ही चंद्रशेखर गोस्वामी की मृत्यु हो गयी थी। जिसकी सुचना पर हेमगिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी एवं 08 अन्य के विरूद्ध भादवि के धारा 460, 294, 323, 506, 427, 147, 148, 149, 396 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चंद घंटो में ही दोनों आरोपी हेमगिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी मे गिरफतार कर लिया गया था जिनसे दोनो आरोपीयो के कड़ाई से पूछताकर बाकी के 08 अन्य आरोपियों को बनाए गये टीम द्वारा पतासाजी कर चंद घंटो मे गिरफतार कर घटना के संबध मे पूछताछ करने पर बताया गया कि आरोपीयो द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए तीन वाहन एक थार, एक एक्स यू वी 500 एक मित्सुबिसी केडिया कार मे सवार होकर आरोपी हेमगिरी गोस्वामी और हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी द्वारा 8 लड़कों को लेकर मारपीट कर हाथ, पैर तोड़कर घर खाली कराने के लिए एक लाख रूपये सुपारी दिया गया था एवं 20,000रू घर से डकैती की गयी थी एवं सीसीटीवी कैमरा के डीवीआर को काटकर अपने साथ ले गये थे।



पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अलग-अलग टीम बनाकर अन्य 8 आरोपियों हेमगिरी गोस्वामी पिता स्व0 सोमप्रकाश गिरी गोस्वामी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम मरौद थाना कुरूदजिला धमतरी, हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी पिता स्व0 सोमप्रकाश गिरी गोस्वामी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मरौद थाना कुरूदजिला धमतरी, शेख नादिम पिता शेख नादिर उम्र 31 वर्ष निवासी विधानसभा रोड मोवा थाना पंडरी रायपुर जिला रायपुर, समीर बाग पिता देवो बाग उम्र 20 वर्ष निवासी कांपा मोवा रायपुर थाना पंडरी जिला रायुपर, रिखी राम ध्रुव पिता ताम्रध्वज ध्रुव उम्र 18 वर्ष निवासी मोवा कांपा रायपुर थाना पंडरी जिला रायपुर, मोहम्मद अब्दुल माजीर खान पिता स्व0 मो0 अब्दुल हकीम खान उम्र 36 वर्ष निवासी मोवा पुरानी बस्ती रायपुर थाना पंडरी जिला रायपुर, सुनील वर्मा पिता कौशल वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी मोवा कांपा रायपुर थाना पंडरी जिला रायपुर, जलधर बाग पिता देवो बाग उम्र 22 वर्ष निवासी कांपा मोवा रायपुर थाना पंडरी जिला रायुपर, नुहरूददीन पिता गुलाम मोहीनुददीन उम्र 31 वर्ष निवासी कांपा मोवा रायपुर थाना पंडरी जिला रायुपर, मनीष वर्मा पिता ईतवारी वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी कांपा मोवा रायपुर थाना पंडरी जिला रायुपर आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कि कार्यवाही कि जा रही है।

# अमरपुर के जंगल मे नक्सली सामान बरामद



- विधानसभा चुनाव से पहले नक्सली घटना को देने वाले थे अंजाम
- सर्चिंग के दौरान पुलिस को मिला टिपिन बम

**खैरागढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के थाना क्षेत्रन्तार्गत ग्राम मोहगांव के सरहदी जिलो के जंगल मे टाण्डा दलम व विस्तार प्लाटून नम्बर 1 के प्रपिबंधित सशस्त्र नक्सली सदस्यो की नक्सल गतिविधियो की सूचना प्राप्त होने पर विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव राहुल भगत व केसीजी एसपी अंकिता शर्मा के द्वारा जिले मे विशेष एंटी नक्सल आपरेशन बढाने का आदेश प्राप्त हुआ था। अभियान के तहत नक्सल आपरेशन तैयार कर एसडीओपी गंडई प्रशांत कुमार खाण्डे के नेतृत्व मे थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक धर्मेन्द्र वैष्णव के थाना मोहगांव, सीएएफ एवं बीडीएस टीम का बल 15 अक्टूबर को थाना मोहगांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दरबानटोला, डूमरिया, खर्रा अमरपुर के जंगल मे एरिया डोमिनेशन व एंटी नक्सल गस्त सर्चिंग पर रवाना हुआ था। नक्सली गस्त सर्चिंग के दौरान ग्राम अमरपुर के जंगल के रास्ते मे खोदी हुई मिट्टी मिली उक्त स्थान पर संदेह के आधार पर बीडीएस टीम के माध्यम से जांच कराया गया बीडीएस टीम के द्वारा जांच कराने पर उक्त स्थान पर आईईडी होने की पूर्ण संभावना पर सुरक्षा उपायो को ध्यान मे रखकर सावधानी पूर्वक मिट्टी को खोदकर देखने पर एक नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम के अंदर 01 नग टिफिन बम लगभग 04 किलोग्राम का वायर लगा हुआ तथा इलेक्ट्रानिक सर्किट मेकेनिज्म, बैटरी 05 नग, सुतली बम 40 नग,इलेक्ट्रिक वायर 01 बंडल तथा नक्सली उपयोग की अन्य वस्तुएं तिरपाल, टार्च, आरी, सेल, चप्पल, लाल कपडा, डायरी पेन, दवाई इंजेक्शन,पावर बैक, मेमोरी कार्ड व अन्य वस्तुएं बरामद किया गया। नक्सलियो द्वारा पुलिस जवानो को जान से मारने की नियत से विस्फोटक पदार्थ टिफिन बम लगाकर रखा गया था। पुलिस द्वारा मौके से टिफिन बम एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद कर एक बडी घटना को रोककर नक्सलियो के मंसूबो को नाकाम किया गया। टाण्डा दलम के अज्ञात नक्सलियो के विरूद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। तथा चुनावी मददेनजर को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र मे नक्सल गस्त आपरेशन तेज कर दी गई है। एसपी के द्वारा नक्सल ऑपरेशन में शामिल समस्त पुलिस जवानों को नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

# महासमुंद की बेटी मृणाल को बेस्ट साइंटिस्ट व ओजल को बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन में मिला अवार्ड

**महासमुंद,**16 अक्टूबर (देशबंधु)। महासमुंद की मृणाल विदानी को विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर में अयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल फोरेंसिक कांफ्रेंस में बेस्ट साइंटिस्ट तथा ओजल चंद्राकर को बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन का अवाार्ड मिला है। ये दोनों महासमुंद की रहने वाली हैं और जयपुर में रहकर कालेज की पढ़ाई कर रही हैं। मृणाल विदानी फोरेंसिक साइंस में तीसरे साल की छात्रा है तथा ओजल चंद्राकर प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। दोनों को महासमुंद के तमाम जनप्रतिनिधियों, अफसरों और आम लोगों ने बधाईयां दी है। मृणाल विदानी की मैंटर असिंस्टेट प्रोफसर पूजा रावत हैं। दोनों छात्राओं के अध्ययन को लेकर जयपुर कालेज की प्रोफेसर उमैमा अहमद ने छत्तीसगढ़ तथा महासमुंद के लोगों को ढेरों बधाईयां दी है और कहा है कि महासमुंद की बेटियां दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रही हैं। विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर में 13 और 14 अक्टूबर को आहुत इस कार्यक्रम की थीम सिनंट डेवलपमेंट इन फोरेंसिक साइंस थी। कार्यक्रम के अतिथि फैज मोहम्मद अल जजीर एसोसिएट प्रोफेसर डिपर्टमेंट आफ बायोलाजिकल साइंस युनिवर्सिटी आफबीशा सउदी अरब, बीएल सोनी रिटायर डीजीपी एसीबी, डा् अजय शर्मा एसएफएसएल जयपुर, अनिल अग्रवाल एडिटर इन चीफ एट एएजेएफएमटीए डा् हेमंत पुरोहित रिटायर्ड एडीजी, डा अजय शर्मा डाइरेक्टर एसएफएसएल जयपुर, बीएल सोनी रिटायर्ड एजडीजीपी, अनुपम जानी प्रोफेसर एसएमएस हास्पिटल, केके मीणा एडीबीपीआडीएंडडी थे। विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर में अंतर राष्ट्रीय कार्यक्रम का यह तीसरा साल था। जिसमें फोरेंसिक साइंस की महत्ता को लेकर कई देशों के वैज्ञानिकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान महासमुंद निवासी मृणाल विदानी को विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर में रहकर पढ़ाई करते फिंगर प्रिंट ब्रश बनाने तथा फोरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम की उत्तम प्रस्तुति पर बेस्ट साइंटिस्ट और महासमुंद की रहने वाली उक्त कालेज में प्रथम वर्ष की छात्रा ओजल चंद्राकर को पोस्ट प्रजेंटेशन में बेस्ट पोस्टर प्रजेंटेशन का अवार्ड मिला है। इस कांफ्रेंस में कलिंगा युनवर्सिटी रायपुर में अध्ययनरत अभय शुक्ला, आयुष तिवारी, आर्यन साठे, तुषार चंद्राकर ने भी हिस्सा लिया। आयोजक मंडल विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर के फाउंडर चेयरपर्सन डा. के आर बगारिया, सीआईओ ओंकार बगारिया, प्रेसिंडेट डा. विजय ड्क्षसग, डीन प्रोफसर कैलाश अग्रवाल,विभाग अध्यक्ष डा उमैमा अहमद, डा. बीएस डागा प्रोफेसर, डा. जी के माथुर ने कहा है कि देश के अलावा विश्व में अब फोरेंसिक साइंस के छात्रों को नई दिशा देने की जरूरत है। विश्व स्तर पर चूंकि अपराधों में वृध्दि हो रही है, ऐसे में फोरेंसिक साइंटिस्टों की जरूरत बढ़ी है। अतरू इस साइंस को आधुनिक तकनीक से पठन पाठन और उसके समुचित उपयोग के लिए उस तरह के कांफ्रेंस की जरूरत है ताकि अन्वेशषण में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ ने अपनी बेटियों को इस कठिन पढ़ाई के लिए राजस्थान तक भेजा, यह बहुत खुशी की बात है। यह छत्तीसगढ़ के लोगों की दूरगामी सोच को मजबूत करता है।



# आबकारी विभाग ने नदी किनारे अवैध शराब का बड़ा जखीरा किया बरामद

**रायगढ़/सारंगढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए। निर्देश के परिपालन में आचार संहिता प्रारंभ होने के पश्चात आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। सारंगढ़ सर्कल प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की लात नदी के किनारे गुड़ेली के जंगलों में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही आबकारी अमला नाव से नदी पार कर जंगल पहुचें।

जहाँ दस लीटर क्षमता वाले 09 पॉलीथिन में भरी हुई 90 लीटर महुआ शराब, 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाल्टी में भरी हुई 15 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्लाडरनुमा पॉलीथिन में भरी हुई 20 लीटर महुआ शराब समेत कुल 125 लीटर महुआ शराब कीमती 25,000 रुपए और 40 प्लास्टिक बोरियों में से प्रत्येक में 25-25 किलोग्राम महुआ लाहन समेत कुल 1,000 किलोग्राम महुआ लाहन कीमती 50,000 रुपए बरामद हुआ।



इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण की सामग्री भी बरामद की गई। इसी तरह कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल द्वारा अवैध शराब पर कार्रवाई हेतु दिए गए। निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कुरोड़ोंगी जंगल देलारी में नाले के किनारे छापामार कार्यवाही की गई। अवैध शराब निर्माण का बड़ा अड्डा नष्ट किया गया। कार्यवाही में 50 लीटर क्षमता वाले तीन ड्रम में 150 लीटर, 15 लीटर क्षमता वाले पांच ड्रम में 75 लीटर, पांच लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन में 20 लीटर कुल 245 लीटर अवैध रूप से निर्मित महुआ शराब और 27 ड्रमों में भरा हुआ 100-100 किलोग्राम कुल 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया।




## डेंगू से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत

**रायगढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के डेंगू से पीड़ित एक 38 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित के शरीर में प्लेटलेट्स की अत्यधिक कमी होने के कारण रायपुर स्थित रामकृष्ण अस्पताल के डॉक्टरों ने पीड़ित को जवाब दे दिया था। जिसके बाद परिजन उसे वापस रायगढ़ ला रहे थे इस दौरान रास्ते में सरायपाली के समीप पीड़ित की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार गणेश चौहान पिता हरीराम चौहान निवासी भैसाकोठा चक्रधर नगर बीते 2 अक्टूबर से डेंगू से पीड़ित था। बताया जा रहा है कि गणेश कबीर चौक स्थित राजप्रिया अस्पताल में नौकरी करता था। तबियत खराब होने के बाद प्राथमिक उपचार भी कराया गया था। उसके बाद परिजन गणेश चौहान को इलाज के लिए बीते 7 अक्टूबर को रामकृष्ण अस्पताल रायपुर ले जाकर भर्ती किए थे। जहां कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद लगातार शरीर में प्लेटलेट्स की हो रही कमी को देखते हुए डॉक्टर ने बचने की उम्मीद नहीं होने की बात कहकर डिस्चार्ज कर दिया।

जिसके बाद परिजन पीड़ित को रायपुर से रायगढ़ ला रहे थे। इस बीच शनिवार को शाम 5 बजे सरायपाली के समीप गणेश चौहान की मौत हो गई। इसके बाद परिजन मृतक गणेश का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां रविवार को चक्रधर नगर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**NECC**

| 17.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.00 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 185 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## प्रेशर-म्युज़िकल हॉर्न बैन हों

पिछले कुछ वर्षों से मोटर साइकिलों पर प्रेशर और म्युज़िकल हॉर्न का चलन बढ़ गया है। खासकर, युवाओं में इसे लेकर बहुत क्रेज़ है। बाइक पर अलग-अलग तरह के प्रेशर या फिर म्युज़िकल हॉर्न लगवाए जाते हैं। हॉर्न का मुख्य उद्देश्य सामने जाते वाहनों या पैदल चल रहे लोगों को सावधान करना होता है। इसके विपरीत ये हॉर्न डराने का काम करते हैं। युवाओं को इससे एक तरह का रोमांच मिलता है। सामान्यजनों को इससे होने वाली परेशानी को भी वे नहीं समझते और इनका आनंद उठाते हैं। अचानक व अनपेक्षित आवाज़ों से बजने वाले ये हॉर्न अनेक प्रकारों में आते हैं जिनमें से अजीबोगरीब ध्वनियां निकलती हैं। ज्यादातर में इनका वॉल्यूम बहुत ऊंचा होता है और कर्कश भी। इनसे एक बड़ा खतरा यह होता है कि इसके नज़दीक पहुंचकर अचानक बजने से आगे या आसपास जा रहे लोग चौंक या घबरा जाते हैं। इस हड़बड़ाहट में वे किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ऐसे युवा जो ज्यादा शक्तिशाली और अधिक गति वाली बाइक चलाना पसंद करते हैं, वे इस तरह के हॉर्न लगवाकर शांति से चलते लोगों को तकलीफ देते हैं। यह अच्छी बात है कि अब प्रदेश का प्रशासन ऐसे हॉर्न को लेकर सख्त हुआ है। एक जनहित याचिका की सुनवाई में बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

जिस तरह से कान फोड़ने वाले डीजे पर स्वत: संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने इस पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है, प्रेशर हॉर्न पर भी मुख्य सचिव को हलफिया बयान देने को कहा है। इस मामले की 20 नवम्बर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। इस मामले में नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ऐसे हॉर्न को कारण सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों को बहुत तकलीफ होती है। मोटर वाहन अधिनियम में ऐसे हॉर्न पर प्रतिबन्ध है लेकिन यातायात विभाग कार्रवाई नहीं करता जिसके कारण इन पर रोक नहीं लग पा रही है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से इसके लिये गुहार लगाई है। चूंकि सरकार को इस पर जवाब देना है, तो उम्मीद की जा सकती है कि अगले कुछ समय तक ऐसे वाहन मालिकों व चालकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी ताकि सरकार को कोर्ट में बतलाने का कुछ आधार बन सके।

ऐसे वाहनों के खिलाफ केवल हाईकोर्ट को बतलाने के लिये नहीं वरन सही मायनों में जनता की परेशानी को दूर करने के लिये कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। वाहन चालकों के साथ इस प्रकार के हॉर्न बेचने वाले दुकानदारों एवं उन्हें वाहनों पर लगाने वाले मेकेनिकों पर भी कार्रवाई होनी चाहिये। इसका इस्तेमाल बन्द होने पर ही दुकानदार ऐसे तकलीफदेह हॉर्न रखना बन्द करेंगे। अब यह छग सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस प्रदूषण पर कैसे प्रतिबन्ध लगाती है।

उल्टा पुल्टा

**पति-** आजकल न तुम शराब पीने से मना करती हो, न सिगरेट पीने से क्या सारी शिकायतें खत्म।
**पत्नी-** नहीं, इंश्योरेंस वाला परसों ही इसके फायदे बताकर गया है।

# बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

## मनोकामना को लेकर ओड़िशा और बस्तर संभाग के हजारों श्रद्धालु कर रहे पदयात्रा





- आचार संहिता का दिखा असर, श्रद्धालुओं को रास्ते में ठहरने और पानी की नहीं व्यवस्था
- व्यक्तिगत रूप से कुछ लोग कर रहे पद यात्रियों की सेवा फल, खीर और खिचड़ी प्रसाद का कर रहे वितरण
- पदयात्रा सेवा केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी दे रहे सेवा, कर रहे दवा का वितरण

**जगदलपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र पर मां दंतेश्वरी के भक्त हर साल की तरह इस वर्ष भी नंगे पैर हाथ में झंडा और पीठ पर बैग रखकर मां के जयकारा लगाते हुए भक्तों का दल रवाना हो चुका है। इन भक्तों में ओड़िशा समेत बस्तर, कोंडागांव, कांकेर आदि जिले से भक्त पैदल ही अपनी मनोकामना को लेकर निकले है, ये भक्त नवरात्र के पहले ही दिन सुबह रविवार को सुबह निकले है, जो दूसरे दिन सोमवार को दोपहर एक बजे जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी के दर्शन पूजनकर दंतेवाड़ा के लिए रवाना हो गए। हालांकि इस बार विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है इसलिए प्रशासन स्तर पर पद यात्रियों के लिए सेवा केंटो का निर्माण नहीं किया गया है, लेकिन अधिक संख्या में पद यात्रियों के प्रतिवर्ष पहुंचने से जगह-जगह पर उनकी सेवा होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए कुछ व्यक्तियों एवं संगठन ने प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर पदयात्रा सेवा केंद्र खोलकर पदयात्रियों की सेवा कर रहे हैं। इनमें बस्तर परिवहन संघ, रोटरी क्लब के द्वारा केशलूर के स्वास्थ्य केंद्र में इन दो सेवा केंद्रों के बीच श्री देवी मेमोरियल ट्रस्ट और केव्हीआर ब्रदर्स, अजय और साथी पद यात्रियों को पानी, चाय, फल, खीर और खिचड़ी प्रसाद का वितरण कर रहे हैं, साथ ही टेंट लगाकर पद यात्रियों के विश्राम की भी व्यवस्था की गई है। इन जगहों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी पदयात्रियों को आवश्यक दवा प्रदान कर रहे हैं।

इस वर्ष काफी कम संख्या में पदयात्रा सेवा केंद्र खुलने से कुछ भक्त इस बार भूखे रह गए। वहीं कोंडागांव जिले के राजागांव निवासी श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार कोई सुविधा नहीं है।

पिछले साल हर पांच किलो मीटर पर पानी चाय, खाना की सुविधा रहती थी, इस लिए हम लोग कुछ भी लेकर नहीं निकले। जिया डेरा में रुकने के लिए पहुंचे हेमलाल, वजंती, आयुषि, प्रियंका, जिया राम, संदीप आदि श्रद्धालु ने बताई की पिछले वर्ष तक खाना लेकर आने पर अन्न् को फेंकना पड़ता था, इस लिए हम लोग नहीं लेकर आए है। आचार संहिता के चलते सामाजिक संस्थाओं ने भी नहीं लगाया स्टाल। आचार संहिता को देखते हुए शासन के साथ सामाजिक संस्थानों ने इस बाद भक्तों के लिए कोई व्यवस्था नही की गई है। जिया डेरा में उपस्थित कुछ लोगों ने बताया कि कल तहसीलदार आए थे। उन्होंने कलेक्टर से बात की, भक्तों के लिए खाने और ठहरने की व्यवस्था अतिआवश्यक है, जिस पर कलेक्टर ने आचार संहिता का हवाला देते हुए मना कर दिया इसके चलते श्रद्धालुओं को काफी समस्या हो रही है। क्योंकि मां दंतेश्वरी के भक्त करीब 200 किलों मीटर की यात्रा कर दंतेवाड़ा पैदल पहुंच रहे है। इस बीच रास्ते में ठहरने, चाय, पानी की सुविधा नही होनेसे काफी दिक्कते हो रही है। भीषण धूम में खाली पैर चलने से भक्तों के पैर में छाले पड़ गए है। हालांकि भक्तों के स्वास्थ्य को ध्यानमें रखते हुए मेडिकल टीम को जिया डेरा में तैनात किया गया है, जो भक्तों के स्वास्थ्य की जांचकर दवा दे रहे है।



जगदलपुर । दशहरा के अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर को आकर्षक विद्युत झालर और बल्बों से सजाया गया है, जिसकी सुंदरता को निहारने काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# मां के जोत की रखवाली में जुटे 30 सेवादार



**जगदलपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र पर मां दंतेश्वरी मंदिर में इस बार आस्था के जोत जलाने वालों की संख्या में दोगुनी बढ़ोत्तरी हुई है। इस बाद मां के चरणों में कुल 6700 जोत जलाए गए है। इन जोत की देखरेख करने के लिए कुछ 30 सेवादार लगाए गए है। जो 24 घंटे घी-तेल के जोत में लगे हुए है। इन जोतों की सुरक्षा के लिए जोत कक्ष का दरवाज बंद रहता है और इस दौरान सेवादार इस भीषद गर्मी में मां के भक्तों के जोत की रक्षा करने में जुटे है। इस जोत कक्ष में इतनी गर्मी है कि कोई भी सामान्य व्यक्ति इस जोत कक्ष में पांच मिनट भी नहीं रह सकता, लेकिन मां दंतेश्वरी की कृपा इन सेवादार पर है जो 24 घंटे इन जोत की देखरेख कर रहे है। वहीं जोत कलश के श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए दरवाजा में सीसा लगाया गया है, जो बाहर से ही दर्शन पूजन कर रहे है और परिक्रमा कर रहे है।



# तीरंदाजी व फुटबॉल में रायपुर जोन का रहा दबदबा

**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का मेजबानी कर रहे कोंडागांव जिले में राज्य भर से आए हुए 720 खिलाड़ी फुटबॉल, तीरंदाजी एवं मलखंब में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्षन करने लगे हैं। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को बालक छात्रावास कोंडागांव में आयोजित तीरंदाजी गेम में रिकर्व राउंड अंडर 14 बालक वर्ग में तरुण जांगडे रायपुर प्रथम, रोहित कोरसा बस्तर द्वितीय स्थान, मुचाकी बस्तर तृतीय स्थान, ओम प्रकाश बस्तर चैथा स्थान प्राप्त किया। वहीं तीरंदाजी बालिका वर्ग रिकर्व राउंड अंडर 14 में पलक यादव दुर्ग प्रथम स्थान, उमेश साहू दुर्ग द्वितीय स्थान, तनुष्का रायपुर तृतीय स्थान एवं रवीना बस्तर चैथे स्थान प्राप्त किया।

तीरंदाजी अंडर 17 बालक वर्ग रिकर्व राउंड में संजय सोनवानी रायपुर प्रथम प्रथम, देवेंद्र मरकाम बिलासपुर द्वितीय, मोहित दुर्ग तृतीय, श्रेया वर्मा दुर्ग चैथा स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी अंडर 17 बालिका वर्ग रिकर्व राउंड में माही जांगड़े रायपुर प्रथम, सत्यभामा रायपुर द्वितीय, ट्विंकल देवांगन रायपुर तृतीय, शिवबती बस्तर चैथा स्थान प्राप्त किया।

तीरंदाजी अंडर-19 बालक वर्ग रिकर्व राउंड में आकाश राज बिलासपुर प्रथम, राजू सोरी बस्तर द्वितीय, सूदन सोरी बस्तर तृतीय, संगनू नेताम दुर्ग चैथा स्थान प्राप्त किया। तीरंदाजी अंदर-19 बालिका वर्ग रिकर्व राउंड में के.समा पिस्दा रायपुर प्रथम, दक्ष यादव दुर्ग द्वितीय, कुंती पोयाम बस्तर तृतीय, शारदा रायपुर चैथा स्थान प्राप्त किया। 16 अक्टूबर को द्वितीय दिवस तीरंदाजी बालिका वर्ग अंडर-19 इंडियन राउंड में प्रियतमा बिलासपुर प्रथम, नवीन कौर रायपुर द्वितीय, मेघा सोनी दुर्ग तृतीय एवं राधिका बिलासपुर चैथा स्थान प्राप्त किया। वहीं तीरंदाजी अंदर-19 बालक वर्ग



### प्रथम दिवस फुटबॉल बालक व बालिका दोनों वर्ग में रायपुर जोन विजेता

इंडियन राउंड में भगतराम बस्तर प्रथम, आशीष कुमार बिलासपुर द्वितीय, हेमंत सिंह बिलासपुर तृतीय, प्रेम प्रकाश बिलासपुर चैथा स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल में सरगुजा एवं रायपुर का रहा दबदबा

**फुटबॉल बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में रायपुर का रहा दबदबा**

राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के प्रथम दिवस ग्राम पंचायत गिरोला के मैदान में खेले जाने वाले फुटबॉल मैच में प्रथम दिवस 6 मैच खेले गए। सरगुजा विरुद्ध बस्तर बालक वर्ग के मध्य खेले गए प्रथम मैच में सरगुजा दो अंकों से विनर घोषित हुआ। सरगुजा विरुद्ध बस्तर बालिका वर्ग के मध्य खेले गए दूसरे मैच में बस्तर विजेता घोषित हुआ। रायपुर विरुद्ध बिलासपुर बालक वर्ग के मध्य खेले गए तीसरे मैच में रायपुर विजेता घोषित हुआ। रायपुर विरुद्ध बिलासपुर बालिका वर्ग के मध्य खेले गए चैथे मैच में रायपुर 9 अंकों के साथ विजेता घोषित हुआ। सरगुजा विरुद्ध दुर्ग बालक वर्ग के मध्य खेले गए पांचवे मैच में सरगुजा विजयी घोषित हुआ। वहीं सरगुजा विरुद्ध दुर्ग बालिका वर्ग के मध्य खेले गए प्रथम दिवस के छटवें व अंतिम मैच में दुर्ग दो अंकों से विजय घोषित हुआ।

**जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने ली समीक्षा बैठक**

प्रथम दिवस का खेल संपन्न होने के बाद सभी पांचों जोन के खेल मैनेजर, कोच, संयोजक, सह संयोजक एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों की दिन भर के खेल गतिविधियों का समीक्षा बैठक ली गई और दिन भर की खेल गतिविधियों का समीक्षा लेकर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसी प्रकार से खेल भावना से खेल संपन्न करने में सहयोग की अपेक्षा की। जिला क्रीडा अधिकारी सुश्री सुधा कुमार, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी सुधराम मरकाम के साथ सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जानकारी पवन कुमार साहू संयोजक प्रचार प्रसार विभाग 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला कोंडागांव ने दी।

# कन्या महाविद्यालय कराया गया खाली विद्यार्थियों को दी गई अस्थाई व्यवस्था



**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपनी स्थापना के समय से ही पिछले तीन वर्षों से जुगाड़ के भवन में संचालित हो रहे, जिले के इकलौते कन्या महाविद्यालय को एक बार फिर चुनाव के मद्देनजर एक नए जुगाड़ के भवन में संचालित करने का आदेश जारी होते ही प्रबंधन ने अपना बोरिया-बिस्तर उठाया और तहसीलपारा स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन में शिप्ट हो गए हैं। जहां कन्या महाविद्यालय प्रबंधन एवं अध्यनरत विद्यार्थियों को अबतक के जुगाड़ के भवनों में से कहीं ज्यादा सुविधा मिली है, लेकिन यहॉ समय प्रबंधन गड़बड़ा सा गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्कूल सुबह की पाली में संचालित हो रही है, इसलिए कन्या महाविद्यालय दोपहर को संचालित करना प्रबंधन की मजबूरी बन गई है।

### जुगाड़ के भवन में चल रहा कन्या महाविद्यालय

जैसे भी हो चुनाव तक कन्या महाविद्यालय प्रबंधन को तो जुगाड़ के भवन में कन्या महाविद्यालय को चलाना ही होगा। आखिरकार चुनाव के दौरान व्यवस्था के तौर पर प्रशासन को शिक्षण संस्थान ही क्यों नजर आते हैं ? इसके अतरिक्त भी कई भवन हैं, जो इस दौरान रिक्त होते हैं, यदि उनका उपयोग कर लिया जाता, तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होती। पहले ही पीजी कॉलेज भवन का सांइस विभाग चुनावी प्रक्रिया के चलते चार माह पहले से चुनाव के लिए अधिग्रहित कर लिया गया है, जिसके चलते यहॉ अध्यनरत छात्र-छात्राओं की पढ़ाई तो जैसे-तैसे चल रही है, लेकिन प्रेक्टिकल समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिसका असर परीक्षा परिणाम में भी देखने को मिल सकता है।

# निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों के लेखा की जांच हेतु तिथि निर्धारित


### व्यय प्रेक्षक द्वारा की जाएगी जांच



**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए अभ्यर्थियों के लेखा संबंधी विवरणों की जांच हेतु व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ द्वारा तिथियां निर्धारित की गयी है, जिसके अनुसार तीन चरणों में जांच की जायेगी। जिसके तहत 26, 30 अक्टूबर एवं 03 नवम्बर 2023 को सभी अभ्यर्थियों को तीनों चरणों में अपने लेखा संबंधी विवरणों को व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी अपने विवरणों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जिला कार्यालय कोण्डागांव के प्रथम तल में कक्ष क्रमांक 72 में उपस्थित हो सकेंगे। व्यय प्रेक्षक श्री जांगिड़ द्वारा लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण हेतु विभिन्न स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन विभिन्न व्यय संबंधी प्रकारणों की भी जांच की जा रही है।

# नवरात्र भर दंतेवाड़ा में भारी वाहनों पर पाबंदी

**दंतेवाड़ा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि पर यातायात पुलिस ने वाहनों के लिए नई व्यवस्था की है। सुविधा के लिए मार्ग परिवर्ति किये गए हैं।



नवरात्र के दौरान दंतेवाड़ा के आसपास एवं राज्यभर से श्रद्धालुगण मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिये यहां आते है। इस दौरान पैदल यात्रियों का भी भारी संख्या में आवागमन होता है। काफी संख्या में आवागमन होने से यातायात पर दबाव भी बना रहता है। इसे देखते हुये यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा ने व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने व पैदल यात्रियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस हेतु भारी वाहनों का (यात्री बस सहित) दन्तेवाड़ा शहर में प्रवेश 24 घंटे निषेध कर दिया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर द्वारा आदेश भी जारी कर दिया है। 24 अक्टूबर तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। यात्री बसें बाईपास से होते हुये बचेली मार्ग से बस स्टैण्ड तक आ सकती हैं। गीदम की तरफ से आने यात्री बस चितालंका बाय पास से होकर बस स्टैंड जायेंगे। भीड़ की संभावना व यातायात के दबाव को कम करने, सुगम यातयात को बनाये रखने के लिये हर पाईट पर यातायात पुलिस को तैनात किया गया है, ताकि इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

- यातायात पुलिस ने मार्ग किया परिवर्तित
- हल्के वाहनों के लिए पार्किंग की जगह तय

यह प्रतिबंध पूरे 10 दिनों के लिये लगाया गया है, ताकि दर्शनार्थियों को इस दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। हल्के मोटरयानों को प्रवेश की अनुमति दी गई है, पर उन वाहनों के लिये भी पृथक से पार्किंग स्थल का निर्धारण किया गया है, जहां पर वाहन पार्क कर यात्री दर्शन हेतु मंदिर तक पैदल जा सकते है।

# आचार संहिता उल्लंघन पर डेढ़ घंटे के भीतर कार्रवाई

### शिकायतकर्ता की पहचान रहेगी गुप्त

**दंतेवाड़ा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला दन्तेवाड़ा में विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा हो चुकी है। इसके साथ ही पिछले दिनों जिले में आधार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग का पूरा फोकस आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने पर होता है, पर कई प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए इसका उल्लंघन कर सकते हैं। इससे निपटने के लिए चुनाव आयोग ने पिछले कुछ वर्षों से तकनीक का उपयोग किया है। इस कड़ी में चुनाव आयोग का सी-वीजिल एप कारगर साबित हो रहा है। इस ऐप के उपयोग के जरिये आम लोग भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। सी-वीजिल एप को उपयोग के लिए प्ले स्टोर और ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एंड्रॉयड मोबाइल फोन इस्तेमाल किया जा रहा हैं, तो प्ले स्टोर पर जाकर सी-वीजिल एप लिखना होगा। इसके बाद इंस्टॉल पर क्लिक किया जा सकता है, और यही स्टोर पर जाकर पूरा प्रोसेस फॉलो करना होगा। अगर कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिये आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करता है, तो निर्वाचन से संबंधित टीम के द्वारा 100 मिनट के अन्दर उस शिकायत का निराकरण किया जाएगा, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस ऐप के माध्यम से शिकायत पर की गई कार्यवाही एसडीएम के माध्यम से मिलती रहेगी।

## सार-संक्षेप

### छविन्द्र, चैतराम समेत चार ने लिए नामांकन

**दंतेवाड़ा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 4 अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दिया गया। नाम निर्देशन पत्र लेने वाले अभ्यर्थियों में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से भीमसेन मण्डावी पिता पाण्डूराम, (ग्राम सूरनार विकासखंड कटेकल्याण), आम आदमी पार्टी से बल्लूराम भवानी पिता बुधराम भवानी, (ग्राम भोगाम विकासखंड दन्तेवाड़ा), इंडियन नेशनल कांग्रेस से कलमूम महेन्द्र छविन्द्र कर्मा पिता स्व. महेन्द्र कर्मा (ग्राम फरसपाल विकासखण्ड गीदम ) तथा भारतीय जनता पार्टी से चैतराम अटामी, पिता बोसाराम अटामी (ग्राम कासौली विकासखण्ड गीदम) हैं। इस प्रकार अब तक 4 अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन फार्म लिया गया है।

### मतदान के लिए प्रेरित करने घर-घर स्टीकर

**दंतेवाड़ा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु निर्वाचन जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में लोन लोन दायो कार्यक्रम (घर-घर चलो अभियान) चलाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु जागरूक करते हुए उनके घरो में स्टीकर चस्पा किया जाएगा। इस संबंध में मतदान केन्द्र के संबंधित बी.एल.ओ., कोटवार, पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सचिव का टीम गठन कर टीमवार ड्यूटी लगेगी जिसमें टीम के प्रमुख बी.एल.ओ.होगे, और टीम के सभी सदस्य एक साथ घर-घर जाना सुनिश्चित करेंगे।

# आस्था के 10 हजार ज्योत से जगमगा रहा मां का भुवन



**दंतेवाड़ा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्वांर नवरात्र के दूसरे दिन भी शक्ति पीठ मांई दंतेश्वरी धाम दंतेवाड़ा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आज भी लोग कतार में रहकर दंतेश्वरी दर्शन के लिए अपनी बारी की प्रतिक्षा कर रहे थे। नवरात्रि के दूसरे दिन आज माता ब्रह्मचारिणी की पूजा हुई।

मां ब्रह्मचारिणी तप का आचरण करने वाली देवी है जो जीवन में संयम प्रदान करती हैं। दंतेश्वरी मंदिर में नई व्यवस्था के बीच श्रद्धालु पूरी आस्था और भक्ति के साथ दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने भी चुनावी व्यस्तता के बावजूद श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखा है और निर्माणाधीन कारीडोर की वजह से कहीं कोई परेशानी न हो इसका भी पूरा ध्यान है। आज शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन कांग्रेस के कई उम्मीदवारों ने दंतेश्वरी दर्शन कर चुनाव में विजय श्री का आशीर्वाद मांगा। इनमें बस्तर के लखेश्वर बघेल और कोंडागांव के संतराम नेताम प्रमुख हैं। भक्त दंतेश्वरी दर्शन के साथ ही ज्योति कलश का भी दर्शन कर मांई जी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस बार आजीवन सदस्यों के तेल के 17 और घी के 29 मनोकामना दीप प्रज्वलित हो रहे हैं, जबकि 6 हजार 615 ज्योति कलश तेल के और 1 हजार 6 सौ 55 घी के ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं। श्रद्धालुओं ने ऑन लाईन बुकिंग करके भी आस्था के ज्योत जलवाये हैं। ऑन लाईन तेल के ज्योति कलश 1 हजार 315 और घी के 417 हैं। इस तरह कुल 10 हजार 48 ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं।

- जीत का आशीर्वाद लेने मांई के द्वार उम्मीदवार
- मतदाता जागरूकता पर लोक रंग अर्जुंदा की होगी प्रस्तुति

इनमें तेल के 7 हजार 947 और घी के 2 हजार 101 ज्योति कलश शामिल हैं। शारदीय नवरात्र पर प्रति दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों के कार्यक्रम भी शामिल हैं। प्रमुख आकर्षण लोक रंग अर्जुंदा की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी, जिसमें मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गीत और प्रहसन की प्रस्तुति की जाएगी। इसके साथ ही संदीप शिवहरे का जगराता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है तथा बीजापुर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं रास परब जगदलपुर की भी प्रस्तुति होगी।

# नोनी जोहार कार्यक्रम में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयंसेवकों का सम्मान

**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोनी जोहार कार्यक्रम के तहत शक्ति, सम्मान, और स्वाभिमान के थीम पर यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ वी द प्यूपल के प्रयास से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रायपुर में किया गया था। इस कार्यक्रम में 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य दिवस और 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर पूरे प्रदेश से आए स्वयंसेवियों जिन्होंने स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, मानसिक स्वास्थ्य, और एनीमिया मुक्ति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है, उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कोण्डागांव की स्वयंसेविका गीतेश्वरी नेगी द्वारा युवाओं को उत्साहित करते हुए जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करते हुए। युवाओं के द्वारा ग्रामोत्कर्ष के लिए जिला प्रशासन द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से चलाये जा रहे युवोदय कोंडानार चैम्प्स कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया।



इस अवसर पर जिले में कार्य कर रहे स्वयंसेवकों का सम्मान भी किया गया। जिले में किए जा रहे कार्यों के लिए और जिला प्रशासन सहयोग देने के लिए और जिले में किए गए समाजसेवी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# एडि. एसपी पहुंचे आकस्मिक निरीक्षण हेतु विस चुनाव हेतु छग-उड़ीसा बॉर्डर



**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर जिला कोण्डागांव में एस.पी. वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में एडि.एस.पी. कोंडागांव दौलतराम पोर्ते के नेतृत्व में 15 अक्टूबर को अन्तर्राज्यीय सीमा ओडिसा से लगे ग्राम एरला, हीरापुर, गम्हरी, कोन्दकेरा के एसएसटी टीमों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एडि. एसपी के द्वारा एसएसटी टीम को सभी चार पहिया एवं दुपहिया पहिया वाहनों को बारिकी से चेक करने एवं मादक पदार्थ एवं किसी प्रकार के संदिग्ध वस्तु के मिलने पर की जाने वाली कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा ओडिसा पुलिस अधिकारियों के साथ अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं संधिग्ध वस्तुओं के परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष चर्चा हुई। निरीक्षण के दौरान एडि. एसपी दौलतराम पोर्ते के साथ एसडी ओपी कोण्डागांव निमितेश सिंह एवं थाना प्रभारी अनंतपुर, माकडी, चैकी प्रभारी बांसकोट उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**कोण्डागांव** 16 अक्टूबर (देषबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने सोमवार को प्रमिला देवी नाग शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या शाला विकासनगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामकोटपारा एवं डीएवी एमएमपी स्कूल देवखरगांव में मतदान दलों को दिए जा रहे प्रथम प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि निर्वाचन का कार्य पूरी तरह नियम के अनुसार किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मतदान कार्य में नियुक्त किए गए अधिकांश कर्मचारियों ने पूर्व में भी मतदान का कार्य किया है तथा उनसे पूरी दक्षता के साथ कार्य की आशा है। उन्होंने बेहतर कार्य संपादन के लिए बेहतर प्रशिक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि मतदान कार्य में लगे सभी कर्मचारी अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की शंका का समाधान अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए सभी कर्मचारियों को पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी मतदान कर्मचारियों को ईवीएम के संचालन के संबंध में बेहतर प्रायोगिक प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मॉक पोल, टेण्डर वोट, चैलेंज वोट आदि की प्रक्रिया का भी भलीभांति जानकारी प्राप्त करें, जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने मतदान के प्रायोगिक ज्ञान के जरिए अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने को भी कहा। कलेक्टर ने कहा कि मतदान सामग्री के परिवहन से लेकर मतदान के प्रक्रिया की निगरानी भी भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वेब कॉस्टिंग के माध्यम से रखी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तारपूर्वक निर्धारित एजेंडा एवं विषयवस्तु पर चर्चा की। इसके लिए उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों से निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी सवाल पूछे एवं प्रशिक्षण कार्य को गंभीरता लेने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने प्रमिला देवी नाग शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, शासकीय कन्या शाला विकासनगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामकोटपारा एवं डीएवी एमएमपी स्कूल देवखरगांव में प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा सहित सभी विकास खण्डों के मास्टर ट्रेनर, सभी विकास खण्डों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 2820 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामकोट पारा के 09 कक्षों में 430, शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय के 20 कक्षों में 987, कन्या हायर सेंकण्डरी स्कूल के 10 कक्षों में 466 एवं डीएवी मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूल देवखरगांव के 19 कक्षों में 937 कर्मचारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया।



### बेहतर प्रशिक्षण से ही होगा त्रुटिरहित मतदान का कार्य : सोनी

# विस केशकाल हेतु 7 व कोंडागांव के लिए 8 अभ्यर्थियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र

**कोण्डागांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के लिए अधिसूचना के प्रकाशन के उपरांत अब तक केशकाल विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवारी के लिए सात और कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवारी के लिए आठ अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। केशकाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारी के लिए जिन अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है, उनमें बहुजन समाज पार्टी से ग्राम नेलाझर के दिनेश कुमार मरकाम, अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से ग्राम कोनगुड़ के सोनसिंह, कांग्रेस पार्टी से ग्राम पलना के संतराम, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से बनियागांव के अक्षय कुमार, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से ग्राम हाथीपखना के दिनेश कुमार, भारतीय जनता पार्टी से पेंड्रावन के नीलकंठ टीकाम, आम आदमी पार्टी से केशकाल के जुगल किशोर, कोंडागांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारी के लिए बहुजन समाज पार्टी से पुसपाल के गिरधर नेताम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से तमरावंड के जयप्रकाश नेताम, आम आदमी पार्टी से कोंडागांव के शंकरलाल नेताम, इंडियन नेशनल कांग्रेस से भेलवांपदर के मोहन मरकाम, राष्ट्रीय जनता पार्टी से दहीकोंगा के कंवल सिंह, शिव सेना से सण्डसा के घनश्याम मरकाम, भारतीय जनता पार्टी से कोंडागांव की लता उसेण्डी, सर्व आदि दल से करंजी के ज्ञान प्रकाश ने नाम निर्देशन पत्र लिया है।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### प्रेशर-म्युज़िकल हॉर्न बैन हों

पिछले कुछ वर्षों से मोटर साइकिलों पर प्रेशर और म्युज़िकल हॉर्न का चलन बढ़ गया है। खासकर, युवाओं में इसे लेकर बहुत क्रेज़ है। बाइक पर अलग-अलग तरह के प्रेशर या फिर म्युज़िकल हॉर्न लगवाए जाते हैं। हॉर्न का मुख्य उद्देश्य सामने जाते वाहनों या पैदल चल रहे लोगों को सावधान करना होता है। इसके विपरीत ये हॉर्न डराने का काम करते हैं। युवाओं को इससे एक तरह का रोमांच मिलता है। सामान्यजनों को इससे होने वाली परेशानी को भी वे नहीं समझते और इनका आनंद उठाते हैं। अचानक व अनपेक्षित आवाज़ों से बजने वाले ये हॉर्न अनेक प्रकारों में आते हैं जिनमें से अजीबोगरीब ध्वनियां निकलती हैं। ज्यादातर में इनका वॉल्यूम बहुत ऊंचा होता है और कर्कश भी। इनसे एक बड़ा खतरा यह होता है कि इसके नज़दीक पहुंचकर अचानक बजने से आगे या आसपास जा रहे लोग चौंक या घबरा जाते हैं। इस हड़बड़ाहट में वे किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ऐसे युवा जो ज्यादा शक्तिशाली और अधिक गति वाली बाइक चलाना पसंद करते हैं, वे इस तरह के हॉर्न लगवाकर शांति से चलते लोगों को तकलीफ देते हैं। यह अच्छी बात है कि अब प्रदेश का प्रशासन ऐसे हॉर्न को लेकर सख्त हुआ है। एक जनहित याचिका की सुनवाई में बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

जिस तरह से कान फोड़ने वाले डीजे पर स्वतः संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने इस पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है, प्रेशर हॉर्न पर भी मुख्य सचिव को हलफिया बयान देने को कहा है। इस मामले की 2 नवम्बर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। इस मामले में नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ऐसे हॉर्न को कारण सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों को बहुत तकलीफ होती है। मोटर वाहन अधिनियम में ऐसे हॉर्न पर प्रतिबन्ध है लेकिन यातायात विभाग कार्रवाई नहीं करता जिसके कारण इन पर रोक नहीं लग पा रही है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से इसके लिये गुहार लगाई है। चूंकि सरकार को इस पर जवाब देना है, तो उम्मीद की जा सकती है कि अगले कुछ समय तक ऐसे वाहन मालिकों व चालकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी ताकि सरकार को कोर्ट में बतलाने का कुछ आधार बन सके।

ऐसे वाहनों के खिलाफ केवल हाईकोर्ट को बतलाने के लिये नहीं वरन सही मायनों में जनता की परेशानी को दूर करने के लिये कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। वाहन चालकों के साथ इस प्रकार के हॉर्न बेचने वाले दुकानदारों एवं उन्हें वाहनों पर लगाने वाले मेकेनिकों पर भी कार्रवाई होनी चाहिये। इसका इस्तेमाल बन्द होने पर ही दुकानदार ऐसे तकलीफदेह हॉर्न रखना बन्द करेंगे। अब यह छग सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस प्रदूषण पर कैसे प्रतिबन्ध लगाती है।

## उल्टा पुल्टा

पत्नी: तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति: क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी: तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति: ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा..!

# निर्वाचन आयोग को मिले 10 एयरफोर्स के हेलीकाप्टर और 2 एयर एम्बुलेंस

**■ 160 मतदान दलों को हेलीकाप्टर से मतदान केंद्रों में भेजा जाएगा**



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है।पहले चरण में 7 नवंबर को 20 सीटों और दूसरे चरण में 17 नवंबर को 70 विधानसभा सीटों में चुनाव होगा। वहीं चुनाव आयोग मतदान कराने पूरी तैयारी में जुटा हुआ है।निर्वाचन आयोग संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान क्षेत्र में हवाई मार्ग से मतदान कर्मियों को भेजेगा। जिसके लिए निर्वाचन आयोग को 10 एयरफोर्स के हेलीकाप्टर और 2 एयर एम्बुलेंस मिले हैं।नक्सल समस्या के मद्देनजर यह विकल्प निकाला गया है।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि 10 एयरफोर्स के हेलीकाप्टर उड़ाने के लिए परमिशन मिले हैं और दो एयर एम्बुलेंस भी दी गई है।

हेलीकॉप्टर लगभग 70-75 चक्कर लगाएगा।मतदान कर्मियों को कहीं दो दिन पहले तो कहीं तीन दिन पहले रवाना किया जाएगा। 160 मतदान दलों को हेलीकाप्टर से मतदान केंद्रों में भेजा जाएगा।पहले चरण में दो विधानसभा बढ़ने के बाद ही कम हुआ संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र। पहले 200 से ज्यादा संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र था।645 मतदान कर्मी और 145 सुरक्षाकर्मी हेलीकाप्टर से मतदान केंद्र पहुंचेंगे।

## गृहमंत्री के बिरनपुर वाले बयान पर कांग्रेस ने किया पलटवार

# धमकी देने में अमित शाह की पीएचडी है :भूपेश



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले अमित शाह के बिरनपुर वाले बयान पर कहा, जो घटना घटी उस पर कार्रवाई हुई। चालान हुआ, मुआवजा भी दिया गया। उसके बावजूद इसे उठा रहे।उनके पास मुद्दा नहीं है।केवल धमकी दे सकते हैं, इसके अलावा कर भी क्या सकते हैं वो। चुनी हुई सरकार को धमकी दी जा रही है धमकी देने में अमित शाह की पीएचडी है।

भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में आदिवासी संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। कबीर को मानने वाले लोग हैं, गुरु घासीदास को मानने वाले लोग हैं, यहां भाईचारे की भाषा चलती है। यहां डिवाइड एंड रूल ये योजना नहीं चलेगी। वे चाह रहे हैं कि अडानी के हाथ में जाए छत्तीसगढ़, पर उनके मनसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।

अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का श्रेय अटल जी और विकास का श्रेय रमन सिंह को देने पर भूपेश बघेल ने कहा, अमित शाह 2018 के आरबीआई की रिपोर्ट देख लें।जब डबल इंजन की सरकार थी। तब छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग से ज्यादा गरीबी रेखा के नीचे थे, बल्कि आज नीति आयोग की रिपोर्ट में 40 लाख लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आने की बात कही जाती है।नीति आयोग भाजपा ने ही बनाया है, यह भाजपा सरकार की ही रिपोर्ट है।

### पहले ऑपरेशन लोटस की होनी चाहिए जांच : सिंहदेव

राजनांदगांव के दौरे पर आए गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि, घोटाला करने वालों को उल्टा लटका कर सुधार देंगे। वहीं शाह के इस बयान पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, देश में सबसे पहले ऑपरेशन लोटस की जांच होनी चाहिए। भड़काऊ भाषण पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए।

### माहौल बिगाड़ने का काम कर रही भाजपा : दीपक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राजनांदगांव दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए बयान दिया।उनके दिए गए बयान के बाद कांग्रेस आक्रामक हो गई है।कांग्रेस के कई बड़े नेता लगातार उनके बयान पर पलटवार कर रहे हैं।वहीं छत्तीसगढ़ को सांप्रदायिक दंगो से बचाना है तो बीजेपी को लाना पड़ेगा वाले बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मणिपुर और हरियाणा में क्या हालत है पूरा देश देख रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का माहौल, यहां की संस्कृति और यहां का सौहार्द बिगाड़ने का काम भाजपा कर रही है।

दीपक बैज ने कहा मणिपुर और हरियाणा दोनों जगह उनकी सरकार से उनका प्रदेश नहीं संभाल रहा हैं और छत्तीसगढ़ की बात कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ का माहौल, यहां की संस्कृति और यहां का सौहार्द बिगाड़ने का काम भाजपा कर रही है।इनके पास इसके अलावा कोई मुद्दा नहीं है. विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़े, युवाओं के मुद्दे पर चुनाव लड़े, किसानों के मुद्दे पर चुनाव लड़े, छत्तीसगढ़ी के विकास के लिए चुनाव लड़ लेते हैं बाकी छत्तीसगढ़ की जनता तय कर लेगी. ।कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख पर दीपक बैज ने कहा कि लगातार शेड्यूल बना रहे हैं।राजनांदगांव, कांकेर, बस्तर जिले का शेड्यूल बना है> कल हम उसको डिक्लेयर कर लेंगे।हमारे पास 4 दिन बाकी है। इस बीच कर लेंगे, प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले में मुख्यमंत्री भी जाएंगे। हम लोग भी जाएंगे हमारे साथ जनता भी जुड़ेगी. अमित शाह के भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकने के बयान पर बैज ने कहा कि अच्छा है, पहले रमन सिंह को लटका लें, 36 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप है।उनके पूरे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। पहले उनको लटका लें फिर बाद में दूसरे को लटकाएं।

# 65 विधायक करोड़पति

## कांग्रेस के ही 50 विधायक शामिल

**रायपुर** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)।एसोसिएशन फार डेमोक्रेडिट रिफार्म्स (छ्त्र) की रिपोर्ट पर गौर करें तो छत्तीसगढ़ में कुल 65 विधायक करोड़पति हैं। सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस के 71 में से 50 विधायक यानि 70 प्रतिशत व भाजपा के 14 में से 13 विधायक यानि 90 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। बसपा के दो में से एक और जकांछ में एक विधायक ने अपनी सम्पत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक बताई हैं। भारतीय चुनाव आयोग में दी गई जानकारी में विधायकों ने स्वयं अपनी सम्पत्ति की जानकारी दी है। करोड़पति विधायकों की वर्तमान में औसतन सम्पत्ति 10 करोड़, वहीं कांग्रेस विधायकों की औसतन सम्पत्ति का आंकड़ा 11.51 करोड़ हैं। सरगुजा राजघराने के टीएस बाबा करोड़पति विधायकों में सबसे पहले पायदान पर हैं। उन्होंने अपनी सम्पत्ति 500 करोड़ से भी अधिक बताई हैं, वहीं कांग्रेस में दूसरे स्थान पर गरियाबंद विधायक अमितेश शुक्ल ने 74 करोड़, व जांजगीर-चांपा विधायक सौरभ सिंह ठाकुर ने सम्पत्ति का ब्यौरा 24 करोड़ रुपया बताया है।

**रमन, अमितेश व अजय की संपति अधिक**-आयकर विभाग के विवरणी के मुताबिक तीन ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने अपनी सम्पत्ति सबसे ज्यादा बताई हैं। इनमें अमितेश शुक्ल ने कृषि, व्यवसाय व किराए से 30 लाख रुपये स्वयं का आय उल्लेखित किया है। इसी तरह कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कृषि व गोदाम रेंट व्यवसाय से 22 लाख रुपये व राजनांदगांव विधायक डा. रमन सिंह ने कृषि, किराया व अन्य स्त्रोत से स्वयं की आय 34 लाख रुपये बताई हैं।

**चंद्रपुर विधायक के पास सिर्फ 30 हजार**-रिपोर्ट पर गौर करें तो चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव 90 विधायकों में सबसे कम सम्पत्ति (छ्त्र) के मालिक हैं। उन्होंने अपनी सम्पत्ति सिर्फ 30 हजार 464 रुपये बताई हैं। सबसे कम सम्पत्ति बताने वाले विधायकों में दूसरे नंबर पर गुलाब सिंह कमरो ने 5.42 लाख व तीसरे नंबर पर कसडोल विधायक शंकुलता साहू ने 5.75 लाख रुपये सम्पत्ति की जानकारी दी है। यह आंकड़े छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2018 के लिए विधायकों द्वारा चुनाव आयोग को दी गई जानकारी के मुताबिक हैं।

**विधायकों पर देनदारी भी**- तीन ऐसे भी विधायक हैं, जिन्होंने अपनी देनदारी भी बताई हैं। रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने अपनी देनदारी दो करोड़ 83 लाख 9 हजार 184 रुपये, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने अपनी देनदारी दो करोड़ तीन लाख 61 हजार रुपये 750 रुपये व सीतापुर विधायक अमरजीत भगत ने अपनी एक करोड़ 52 लाख 33 हजार 633 रुपये की देनदारी बताई हैं।

# कांग्रेस की दूसरी सूची पर मंथन आज

## हारी हुई सीटों पर नए चेहरों को मौका, कई विधायकों की टिकट खतरे में



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की दूसरी सूची को लेकर कल मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी। बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को नई दिल्ली रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक दूसरी सूची में भी कई विधायकों की टिकट खतरे में पड़ सकती है।

पहली सूची के आधार पर यह माना जा रहा है कि इस बार भी नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो हारी हुई सीटों पर नए प्रत्याशियों को जगह दी जा सकती है। मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के नेताओं की बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य व उप मुख्यमंत्री टीएस बाबा, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज हिस्सा लेंगे।

दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की उपसमिति की बैठक होगी। इस बैठक में कांग्रेस की दूसरी सूची के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस की दूसरी सूची 18 को जारी हो सकती है। संभावना जताई जा रही है कि दूसरी सूची में कम से कम 40 प्रत्याशियों के नाम जारी किए जाएंगे। इनमें जनाधार के मुताबिक बेहतर काम करने वाले विधायकों की टिकट सुरक्षित रखी गई है। 12 अक्टूबर को नई दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस की पहली सूची 15 अक्टूबर को जारी हुई थी।

### जो फार्म में हैं, उनकी टिकट तय : सिंहदेव



दिल्ली रवाना होने के पहले टीएस सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जो फार्म में हैं, उनकी टिकट तय है। वर्तमान में 30 सीटों की घोषणा में आठ सीटें बदली हैं। बची 60 सीटों में भी कुछ परिवर्तन हो सकता है। कार्यों का लेखा-जोखा देखा जाएगा।

क्रिकेट की भाषा में चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर आदमी एक जैसा नहीं खेलता। क्रिकेट की टीम बनती है तो वह खिलाड़ी 20 साल तक नहीं खेलता। क्रिकेट की टीम में चयन होता है तो कभी कोई ओपनर है, कभी कोई नंबर तीन है। अभी केएल राहुल चल रहे हैं। टीम की जरूरत के हिसाब से हमेशा बदलाव होता है।

# कांग्रेस विकास विरोधी सरकार, घोटाला करने वालों को बड़े घर में जाना पड़ेगा : बृजमोहन



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमित शाह के बयान उल्टा लटका देंगे वाले बयान पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान सामने आया है। बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का पैसा खाने वाले लोग, लोगों का शोषण करने वाले लोग, महादेव सट्टा एप में पैसे लगवाने वाले लोग कोयला, शराब, धान, रेत, सीमेंट, जंगल, जमीन घोटाला करने वाले लोग ऐसे सब लोगों को उनके उचित स्थान बड़े घर में जाना ही पड़ेगा।

कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची और विधायकों के टिकट कटने को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री ने जिन्हें आश्वासन दिया उन्हें टिकट नहीं दे रहे।टीएस सिहंदेव, चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू ने जिसे आश्वासन दिया उनको टिकट नहीं मिल रही। सिर फुटव्वल की स्थिति है। पौने 2 महीने पहले भाजपा ने 21 सीटों और अभी 64 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं।भाजपा आगे बढ़ गई है।

कांग्रेस के अमित शाह डैमेज़ कंट्रोल करने आए वाले बयान पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा के पास नेता हैं। कांग्रेस के पेट मे दर्द क्यों हो रहा ? जब-जब यहां नेता आते हैं तब-तब कांग्रेस में घबराहट होती है। कांग्रेस पार्टी को डर लगता है कि कोयला, महादेव सट्टा मामले में कहीं अंदर न चले जाएं।कांग्रेस वालों की मोदी शाह के नाम से पेंट ढीली हो जाती है।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार को लेकर आगे कहा, 2003 में अजित जोगी के खिलाफ जो वातावरण था, हत्या, माफियाओं को संरक्षण देना वैसा ही वातावरण कांग्रेस सरकार के खिलाफ बना है।छत्तीसगढ़ में माफिया राज बनाने के लिए कांग्रेस की सरकार में 5 सालों में किसी का विकास नहीं हुआ है।स्कूल, कॉलेज, सड़कें, बिजली कुछ नहीं हैं। जनता ने तय कर लिया कि विकास विरोधी सरकार को उखाड़ के फेकना है।

भाजपा सूची आने के बाद कार्यकर्ता विरोध कर रहे इस पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, विरोध करना सामान्य बात है।हमारे पार्टी में मतभेद हो सकता हैं, मनभेद नहीं। भाजपा को जिताने का काम सब कार्यकर्ता मिलकर करेंगे।

कांग्रेस की दूसरी सूची को लेकर हो रही चर्चा और कई जगह सीटों के पेंच फंसने वाले सवाल पर बृजमोहन ने कहा, कांग्रेस के प्रत्याशी की सूची आने दें कितने लोगों में मायूसी आई है।कई कोयला घोटाले में जेल में हैं।कइयों ने महादेव सट्टा में पैसा लगाया हैं. ये सब पता चलेगा, जब कांग्रेस की दूसरी सूची आएगी. राज्य सरकार के कानून व्यवस्था का मामला है. ये काम कुछ नहीं करते।

# सौरभ चंद्राकर के बिजनेस पार्टनर के घर ईडी की दबिश



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टा ऐप कारोबार से जुड़े मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर के 7 करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी है सोमवार सुबह 7 बजे ईडी की चार सदस्यीय टीम भिलाई पहुंची जहां नेहरू नगर में दीपक सावलानी बदला हुआ नाम जयदीप के घर पर छापेमार की ईडी की टीम ने जहां छापा मारा है उसमें विकास बत्राए बाबा दीप सिंह नगर निवासी सत्यम जींसए दूल्हे साहेब शॉप का संचालकए भरत रवानी ईओएस 205 वैशाली नगरए भारत मेडिकल स्टोर संचालक सुरेश कुकरेजाए चावल व्यापारी उत्सव भवन सुन्दर नगरए सुरेश ढिंगानी पदुम नगर, पटाखा व्यापारी सौरभ जायसवाल राजनांदगाव और नेहरू नगर में दीपक सावलानी शामिल है बाताया जा रहा है कि दीपक महादेव एप के पैसों का लेनदेन करने में सौरभ चन्द्राकर और रवि उप्पल का सहयोग करता ह।

ईडी की टीम सुबह से दीपक के घर में छानबीन कर रही है वहीं ईडी की टीम ने सतनाम सिंह के शांति नगर निवास पर भी रेड डाली है इससे पहले भी ईडी यहां दबिश दे चुकी है, सभी स्थानों पर महादेव बैटिंग एप से जुड़े लोगों के यहां छानबीन जारी है।

# अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस चुनाव आयोग में शिकायत करेगी

## राजनांदगांव में शाह ने साम्प्रदायिक तनाव भड़काने योजनाबद्ध तरीके से दिया भाषण



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह ने राजनांदगांव में सामप्रदायिक तनाव भड़काने के लिये योजनाबद्ध तरीके से भाषण दिया। हम चुनाव आयोग से अपेक्षा करेंगे की वह स्वयं संज्ञान ले और अमित शाह पर कार्रवाई करे।कांग्रेस पार्टी भी इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेगी।

कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में संचार विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ आए थे, ईडी के रट्टू तोते की भांति एक बार फिर से ईडी की लिखी पटकथा के आधार पर कांग्रेस पर झूठे आरोप लगा कर गये। देश की सबसे ईमानदार सरकार जिसकी योजनाओं का शत प्रतिशत हिस्सा सीधे हितग्राहियों के खाते में जाता है पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे है। छत्तीसगढ़ के चावल का कोटा केंद्र 86 लाख से घटाकर 61 लाख क्यों किया इस पर अमित शाह कुछ नहीं बोले ? बताये छत्तीसगढ़ का कोटा क्यों घटाया ? सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ की जनता पर एहसान जता कर गये कि केंद्र ने 9 साल में छत्तीसगढ़ को 3 लाख करोड़ दिया।

यह नहीं बताया कि छत्तीसगढ़ से केंद्र ने पिछले 9 साल में 5 लाख करोड़ वसूला है।अभी भी छत्तीसगढ़ को अपने हिस्से का केंद्र से 55 हजार करोड़ लेना है।छत्तीसगढ़ की ट्रेनों को केंद्र क्यों रद्द कर रही है इस पर अमित शाह क्यों चुप रहे ?

छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय करने वाले भाजपा के नेता किस नैतिकता से छत्तीसगढ़ की जनता से वोट मांग रहे। भ्रष्टाचार पर बाते करने वाले अमित शाह 15 सालो में 1 लाख करोड़ का घोटाला करने वाले रमन सिंह के साथ मंच पर थे। यदि भाजपा भ्रष्टाचार पर ईमानदार होती तो नान, चिटफंड, पनामा पेपर की जांच ईडी कर रही होती।

वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार जनता के लिये काम करती है। किसानों का कर्जामाफ किया जाता है । महादेव एप्प का आरोप केंद्रीय गृहमंत्री जैसा जिम्मेदार आदमी लगाता है पर एप्प पर प्रतिबंध नहीं लगाता। इस मामले में जो भी कार्यवाही हुई छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया।

# संदेहास्पद खातों के लेन-देन पर रखी जाए नजर : कलेक्टर



**रायपुर**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में जिले के बैंकिंग संस्थाओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान चुनाव अभ्यर्थियों का जीरो बैलेंस खाता खोला जाए। साथ ही चुनाव के समय बैंक खाताओं से होने वाले संदेहास्पद लेन-देन, किसी खाते से अधिक संख्या में पैसे की निकासी और एक ही दिन में अलग-अलग नाम से निकासी अवांछित लेनदेन होने की स्थिति में तुरंत ही सूचना दी जाए।

डॉ भुरे ने कहा कि लेनदेन की समस्त रिकॉर्डिंग सीसीटीवी के माध्यम से अनिवार्य रूप से रखा जाए। ऑनलाइन बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेनदेन की भी निगरानी की जाए। यदि किसी बैंक खाता यूपीआई के माध्यम से लगातार कैश ट्रांजेक्शन किया जाता है या किसी बैंक खाता जिस पर काफी समय से लेन देन ना हुआ हो और उस खाते से ही लेनदेन किया जाता है तो इसकी सूचना भी दी जाए। उन्होंने बैंकर्स को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी खाते से एक लाख से अधिक का लेन-देन किया जाता है और छोटी-छोटी राशियों के संदेहास्पद लेन-देन, एक ही जगह के एटीएम से बार-बार निकासी होने की स्थिति मे संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बैंकों के सामान्य कार्यों के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैश ट्रांजैक्शन हेतु जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई पालन सुनिश्चित किया जाए । बैठक में बताया गया कि चुनाव के दौरान बैंकों के माध्यम से कैश फ्लो की निगरानी हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप में सुविधा है।

## राजधानी में दुर्गोत्सव के नजारें


वनदेवी दुर्गोत्सव समिति, पंडरी


मां बम्लेश्वरी समिति, यादव मोहल्ला टिकरापारा


रामजानकी शिव मंदिर, मठपुरैना


ज्वाला मां दुर्गोत्सव समिति, मठपारा

# शारदीय नवरात्रि, ज्योति से जगमगाए देवी मंदिर

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि का आज दूसरा दिन है नवरात्रि के दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की उपासना की जाती है नवरात्रि के लिए मंदिरों को मनमोहन स्वरूप में सजाया गया है इसके साथ ही देवी प्रतिमाओं की स्थापना के लिए पंडालों में भी विशेष सजावट की गई है वहीं देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे हैं रायपुर के आकाशवाणी काली मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्त पहुंच रहे है राजधानी के 10 देवी मंदिरों में 35 हजार से ज्यादा ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है मां महामाया मंदिर में 12 हजार ज्योत जलाई गई है आकाशवाणी काली मंदिर में भी हजारों की संख्या में ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है।



**देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित:** पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में प्रधान बैगा और प्रधान पुजारी के सान्निध्य में एक बालिका का हाथ लगवाने की रस्म निभाकर जोत प्रज्वलित कराने की परंपरा निभाई गई। शंकराचार्य आश्रम के मां त्रिपुर सुंदरी मंदिरए कुशालपुर के दंतेश्वरी मंदिर ब्राह्मण के कंकाली मंदिर अमीनपारा के शीतला मंदिर समेत अनेक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने स्वयं जोत प्रज्वलित की। मंदिरों में सुबह से रात तक भक्ति उल्लास छाया रहा।

**घर-घर में घट स्थापना कर जंवारा बोया:** देवी मंदिरों के अलावा अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घर पर माता के त्रिशूल की छाप बनाकर घट स्थापना की। जोत प्रज्वलित करने से पहले जंवारा बोने की रस्म निभाई।

**चकमक पत्थर की चिंगारी से महाजोत प्रज्वलित:** महामाया मंदिर के पुजारी प मनोज शुक्ला ने बताया कि मंदिर में 100 से अधिक वर्षों से चकमक पत्थर को रगड़कर उससे निकलने वाली चिंगारी से महाजोत का प्रज्वलन करने की परंपरा निभाई जा रही है। मंदिर में एक छोटी सी बालिका के हाथों महाजोत प्रज्वलित की गई। इसके पश्चात शाम तक 10 हजार से अधिक मनोकामना जोत प्रज्वलित की जाती रही।

**त्रिपुर सुंदरी में जोत कलश:** शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी ब्रह्मचारी डा इंदुभवानंद ने बताया कि ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा मंदिर की स्थापना की थी। मंदिर में पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का विग्रह स्फटिक मणि से निर्मित हैए जो विश्व का अद्वितीय विग्रह है। स्फटिक मणि से मूर्ति बनाना अत्यंत कठिन काम है। शंकराचार्य महाराज के 20 वर्ष के प्रयास के बाद यह मूर्ति बनकर तैयार हुई थी। स्फटिक मणि की मूर्ति के दर्शन करने से व्यक्ति धन.धान्य से संपन्न हो जाता है। मंदिर में सैकड़ों जोत कलश की स्थापना की गई। प्रतिदिन श्रीयंत्र का नवावरण पूजन संपन्न होगा। कमल से अर्चन होगा। रतन की पुष्पांजलि दी जाएगी। पहले दिन पूजन में तारिणी तिवारीए विवेक महर्षि अनिल पांडेए जीएस चौहान भुनेश्वर यादव राजेश्वरी पटेल माना सीएमओ विमल पूनम शर्मा एल पी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**पंडालों में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमा:** राजधानी के विविध मोहल्लों में 200 से अधिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विधिविधान से स्थापित किया गया। सुबह से रात तक पंडालों में प्रतिमाएं विराजित करने का सिलसिला चलता रहा। हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहारए टिकरापाराए कालीबाड़ी बूढ़ापारा सुंदर नगर गुढ़ियारी डीडी नगर समेत अनेक कालोनी के लोगों में उल्लास छाया रहा।

### मंदिरों में प्रज्ज्वलित ज्योत

महामाया मंदिर 10484, बंजारी मंदिर 9260, काली मंदिर 4100, दंतेश्वरी मंदिर 1500 कंकाली मंदिर 1100, शीतला मंदिर 1100, शीतला मंदिर आमापारा 601, त्रिपुर सुंदरी मंदिर 1100

# घर से लैपटॉप व नगदी की चोरी, आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने आईबीसी 24 चैनल के प्रोडयूसर के घर हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार लिया है बताया गया किप्रार्थी प्रदीप कुमार चौबे ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कचना स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी मकान नं एम.आई.जी 55 कचना रायपुर में रहता है तथा आई.बी.सी 24 लोधीपारा चौक रायपुर में प्रोडयूसर का कार्य करता है। वह 11अक्टूबर को प्रात: 04.00 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकला था घर में परिवार के लोग मौजूद थे तथा घर के बाहर के दरवाजा मे संकल लगाया था। एक घंटे बाद प्रार्थी करीबन 05.00 बजे घर वापस आया तो देखा कि उसके पत्नि बच्चे जिस कमरे मे सोये थे वहां का दरवाजा बाहर से बंद था तथा डायनिंग हॉल एवं दूसरे कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर के सामान को चेक किया तब पता चला कि घर में रखे एक नग लैपटॉप नगदी रकम 04 नग चांदी का सिक्का एक जोड़ी चांदी का पायल तथा आई.बी.सी 24 का आई.कार्ड नही था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के दरवाजा का सांकल खोलकर अंदर प्रवेश कर चोरी कर फ्रार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खम्हारडीह को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खम्हारडीह के नेतृत्व में थाना खम्हारडीह पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत 02 बालकों जो पूर्व में भी चोरी एवं लूट के अन्य प्रकरणों में बाल सम्प्रेक्षण गृह माना में निरूद्ध रह चुके है के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विधि के साथ संघर्षरत दोनों बालकों की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताने के साथ ही चोरी के सामान को कचना खम्हारडीह निवसी विकास देशमुख के पास बिक्री करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विकास देशमुख की भी पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। आरोपी विकास देशमुख को चोरी का सामान क्रय करने पर धारा 411 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया है। तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का लैपटॉप

# विश्व खाद्य दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल के नेतृत्व एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ उषा किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन में गृह विज्ञान विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 16 अक्टूबर को शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे छात्राओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गृह विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि मिंज ने कहा कि भूमिगत जल का अपरिमित दोहन हुआ है। खाद्य संबंधी आदतों में भी वृहद स्तर पर परिवर्तन देखे जारहे है जिसका नतीजा आज यह है कि हमें विश्व के कई देशों में जल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य संबंधी बुरी आदतों के फल स्वरुप सारा विश्व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से जूझ रहा है।प्रतियोगिता के विजेता निम्नलिखित रह- प्रथम- काजल ठाकुर, द्वितीय-आरजू वर्मा, तृतीय- प्रिया यादव।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेखा दीवान ने करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही पानी को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

# अग्रसेन जयंती स्पर्धा के विजेता हुए पुरस्कृत



**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 21 दिवसीय जयंती कार्यकर्मों के अंतर्गत मोहल्लो में अनेक कार्यकर्म आयोजित किए गए थे। उन विजेताओं के बीच मुख्य कार्यकर्म में प्रतियोगिताएं हुई। जिसमे विजय होने वाले प्रतियोगियों को जयंती के दिन अतिथि रविकांत गर्ग , सुशील सराफ एवम सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि कार्यकर्म जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

विजेताओं के नाम- मेहंदी प्लेटर सजाओ =प्रीति अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, गांव की गोरी सहर की छोरी =खुशबू गोयल, सीमा गोयल, छोटे सेठ सेठानी =आयशा अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल अर्चित जैन, आर्ची मित्तल हमारी आस्था हमारी संस्कृति =कोटा मोहल्ला समिति चौबे कालोनी। मिलेटे कुकिंग =नम्रता जैन, रेशमा जैन। स्टैंडअप कॉमेडी= प्रीति अग्रवाल, ज्योत्षना अग्रवाल। किड्स डांस =अदिका अग्रवाल, तृषिका अग्रवाल। महिला सम्मेलन डांस = खुशबू डालमिया, काजल केडिया। एकल महिला= प्रीति अग्रवाल, अदित्तीय अग्रवाल। उपरोक्त सभी कार्यक्रम के फर्स्ट सेकंड विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### शोभायात्रा का कैट व चेंबर ने किया स्वागत


युवा सम्मेलन ने किया शोभायात्रा का स्वागत

राजधानी में रविवार को भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा निकलने पर भैंसथान रोड पर कैट एवं चैम्बर अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुष्पहार से भव्य स्वागत सत्कार कर पूजा अर्चना किया गया।

इस अवसर पर कैट के पदाधिकारी अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, विजय पटेल, संजय जादवानी, जयराम कुकरेजा, संजय जैसिंघ, आनन्द सराफ, पारस दामानी, अमित गुप्ता, भास्कर साहू, टी. श्रीनिवास रेडडी, मनोज जैन मौजूद थे।

# बीमा कंपनी को 15 लाख ब्याज समेत भुगतान करने का आदेश

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने टाटा,आइजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुंबई के विरुद्ध पेश प्रकरण में पाया कि ओनर कम ड्राइवर बीमा कवर के अंतर्गत बीमा दावा राशि का भुगतान न कर बीमा कंपनी ने सेवा में कमी की है। ऐसे में आयोग ने बीमा कंपनी को ओनर कम ड्राइवर बीमा कवर के लिए 15 लाख रुपये ब्याज समेत भुगतान करने का आदेश दिया है। दरअसल कबीरधाम निवासी सुचि प्रभा शर्मा के पति सूर्यकांत शर्मा ने अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एई 0935 का बीमा टाटा,आइजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से संपूर्ण जोखिम के लिए 31 अगस्त, 2021 से 30 अगस्तए 2022 तक की अवधि के लिए कराया था, जिसमें ओनर कम ड्राइवर के लिए 15 लाख रुपये का बीमा कवर था। 10 मार्चए 2022 को मोटरसाइकिल सवार सूर्यकांत शर्मा को अन्य वाहन ने ठोकर मार दी थी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान दूसरे दिन उनकी मौत हो गई। पति की मौत के बाद सुचि प्रभा शर्मा ने बीमा दावा कंपनी को भेजाए किंतु बीमा कंपनी ने दावा राशि का भुगतान नहीं किया। इससे क्षुब्ध होकर पीड़िता ने सेवा में कमी का आरोप लगाते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कबीरधाम में परिवाद प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी ने आयोग के सामने यह पक्ष रखा कि यदि वाहन बीमित थी और बीमा में पीए कवर की कोई शुल्क अदा किया गया था तो नामिनी को सीधे बीमा कार्यालय को सूचना देनी चाहिए और बीमा अधिनियम के तहत समस्त औपचारिक दस्तावेज और अन्य वांछित दस्तावेजमय पूर्ण चालान शीट के बीमा कंपनी को देना चाहिए थाए किंतु पीड़िता ने ऐसा कुछ भी नहीं किया है और सीधे परिवाद पेश कर दिया। यह किसी भी दशा में स्वीकार योग्य नहीं है। जिला आयोग ने पेश परिवाद को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पीडिता को क्षतिपूर्ति राशि सात लाख तीन हजार छह सौ छत्तीस रुपये और उस राशि पर दावा तीन जनवरीए 2023 से भुगतान दिनांक तक छह प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याजए वाद व्यय के रूप में तीन हजार रुपये भुगतान करने का आदेश सुनाया।

### जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले से असंतुष्ट होकर पीड़िता ने की थी अपील

**राज्य आयोग से मिला न्याय:** जिला उपभोक्ता आयोग के इस फैसले से असंतुष्ट होकर सुचि प्रभा शर्मा ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील पेश की। आयोग ने सुनवाई के दौरान पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर यह पाया कि प्रश्नाधीन बीमा पालिसी में कंपलसरी पीए कवर ;ओनर कम ड्राइवरद्ध के लिए तीन सौ रुपये का प्रीमियम लिया गया है और ओनर कम ड्राइवर के लिए 15 लाख रुपये का बीमा कवर था। दुर्घटनाग्रस्त दोपहिया वाहन के पंजीकृत स्वामी सूर्यकांत शर्मा ही उस उक्त वाहन चला रहे थे। उनके पास वैध एवं प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस था। दुर्घटना में आई चोट के कारण अस्पताल में उनकी मौत हुई। बीमा पालिसी के किसी नियमए शर्त का उल्लंघन करना बीमा कंपनी की ओर से आयोग में प्रमाणित नहीं किया जा सका। ऐसे में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने मृतक की नामिनी पत्नी को बीमित राशि 15 लाख रुपये छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वाद व्यय तीन हजार रुपये देने का आदेश सुनाया।

# एम्स में पांच करोड़ के घपले की थाने में हुई शिकायत

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ;एम्सद्ध के वित्त विभाग में पांच करोड़ घपले का मामला अब आमानाका थाने तक पहुंच गया है। एम्स प्रबंधन की नामजद शिकायत पर पुलिस ने घपले के सारे दस्तावेज मांगे हैं। एम्स प्रबंधन की ओर से दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने के बाद पुलिस अपराध दर्ज करेगी। एम्स ने वित्त विभाग में पदस्थ जूनियर एकाउंट आफिसर योगेंद्र पटेल के खिलाफ शिकायत सौंपी गई है। केंद्रीय मंत्रालय की ओर से भी इस मामले को संज्ञान में लेकर लगातार वित्त विभाग के एक उच्च अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब.तलब किया जा रहा है। एम्स के कर्मचारियों का कहना है कि उच्च अधिकारी के संरक्षण पर ही जूनियर एकाउंट आफिसर ने घपले को अंजाम दिया है। आफिसर का तीन बार तबादला हुआ थाए लेकिन अधिकारी ने विभागीय जरूरत बताकर हर बार टाल दिया। दरअसल मामला यह है कि एम्स में नौकरी छोड़ने से पहले डाक्टरों को नियमानुसार तीन महीने पहले आवेदन के माध्यम से प्रबंधन को इसकी सूचना देनी पड़ती ह जो डाक्टर इस अवधि को पूरा किए बिना यदि बीच में नौकरी छोड़ देते हैं तो नोटिस पीरियड के बचे दिनों में बनने वाले वेतन की राशि का भुगतान करना पड़ता है। एम्स के बहुत से डाक्टरों ने नोटिस पीरियड में नौकरी छोड़ी है। डाक्टरों से राशि लेकर नई रसीद के बदले तीन.चार वर्ष पुरानी रसीद दे दी गई और उस राशि को एम्स के खाते में जमा ही नहीं किया गया। ऐसे ही जिन डाक्टरों ने डिमांड ड्राफ्ट जमा किया थाए उन्हें कुछ समय बाद लेन.देन करके डिमांड ड्राफ्ट लौटा दिया गया।

**जांच में 30 लाख गबन की हो चुकी है पुष्टि:** एम्स प्रबंधन ने राशि में गबन की जानकारी मिलने पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच करा रही है। शुरुआती जांच में ही 30 लाख का घपला पाया गया है। जांच अभी भी जारी है। एम्स के अधिकारियों का कहना है कि घपले का खेल काफी दिनों से चल रहा था इसलिए चार से पांच वर्ष के रिकार्ड की जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर एम्स स्थापना से लेकर अब तक के रिकार्ड को खंगाला जाएगा।



### आमानाका पुलिस ने मांगे दस्तावेज, दर्ज होगा अपराध

### भोपाल एम्स के हाथों में कमान

वर्तमान में एम्स में न तो स्थायी रूप से डायरेक्टर और न ही डीडीए की नियुक्ति हुई है। डाण् नितिन एमण् नागरकर की सेवानिवृत्ति के बाद भोपाल एम्स के निदेशक डा अजय सिंह और डिप्टी डायरेक्टर डीडी प्रशासनिक अंशुमान गुप्ता का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद जिम्मेदारी भोपाल एम्स के डीडी कर्नल अजीत सिंह को दी गई है। एम्स को दिसंबर तक नए डायरेक्टर और डीडीए मिलने की उम्मीद है। पांच अक्टूबर को अंशुमान गुप्ता के जाने के बाद डीडीए की अतिरिक्त जिम्मेदारी वित्त अधिकारी बीके अग्रवाल को दी गई थी। बीके अग्रवाल ने इस पद के लिए आवेदन दिया था जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्वीकार कर दिया था। एम्स प्रबंधन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। दस्तावेज मांगें गए हैं जिनके मिलने के बाद अपराध दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

**- एसआर सोनी थाना प्रभारी आमानाका**

# स्टंटबाजी करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत सत्य सांई तालाब के सामने सेंध तालाब पास परसदा स्थित क्रिकेट स्टेडियम के सामने ग्राम छतौना स्थित शमशान घाट के सामने तथा सी.बी.डी बल्डिंग के सामने अलग.अलग 04 व्यक्तियों द्वारा आम रोड में दोपहिया वाहनों में स्टंट किया जा रहा था जिससे उनके एवं दूसरों के साथ दुर्घटना होने एवं मानव जीवन को संकट में डाले जाने की प्रबल संभावना उत्पन्न हो रही थी।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना मंदिर हसौद व राखी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए मधु बघेल, बीरा रेड्डी परशुराम, सुधीर धृतलहरे एवं मुकेश चन्द्राकर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त कुल 04 नग दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध 593,594, 595,एवं 596 2023 धारा 279 भादवि 184 एम व्ही एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## सटोरिया पकड़ाया

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत शास्त्री मार्केट एवरग्रीन चौक के पास सट्टा संचालित करते सटोरिया तेजवंत पाटिल पिता दिलीप पाटिल उम्र 19 साल पता कुरूद कोहका बिजली ऑफिस ले पास थाना जामुल दुर्ग छ ग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 1,500 रूपये एवं सट्टा.पट्टी जप्त कर सटोरिया तेजवंत पाटिल के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 6 छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

उल्टा पुल्टा

पत्नी: तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति: क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी: तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति: ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा..!

## संपादकीय

### प्रेशर-म्युज़िकल हॉर्न बैन हों

*पिछले कुछ वर्षों से मोटर साइकिलों पर प्रेशर और म्युज़िकल हॉर्न का चलन बढ़ गया है। खासकर, युवाओं में इसे लेकर बहुत क्रेज़ है। बाइक पर अलग-अलग तरह के प्रेशर या फिर म्युज़िकल हॉर्न लगवाए जाते हैं। हॉर्न का मुख्य उद्देश्य सामने जाते वाहनों या पैदल चल रहे लोगों को सावधान करना होता है। इसके विपरीत ये हॉर्न डराने का काम करते हैं। युवाओं को इससे एक तरह का रोमांच मिलता है। सामान्यजनों को इससे होने वाली परेशानी को भी वे नहीं समझते और इनका आनंद उठाते हैं। अचानक व अनपेक्षित आवाज़ों से बजने वाले ये हॉर्न अनेक प्रकारों में आते हैं जिनमें से अजीबोगरीब ध्वनियां निकलती हैं। ज्यादातर में इनका वॉल्यूम बहुत ऊंचा होता है और कर्कश भी। इनसे एक बड़ा खतरा यह होता है कि इसके नज़दीक पहुंचकर अचानक बजने से आगे या आसपास जा रहे लोग चौंक या घबरा जाते हैं। इस हड़बड़ाहट में वे किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ऐसे युवा जो ज्यादा शक्तिशाली और अधिक गति वाली बाइक चलाना पसंद करते हैं, वे इस तरह के हॉर्न लगवाकर शांति से चलते लोगों को तकलीफ देते हैं। यह अच्छी बात है कि अब प्रदेश का प्रशासन ऐसे हॉर्न को लेकर सख्त हुआ है। एक जनहित याचिका की सुनवाई में बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है।*

*जिस तरह से कान फोड़ने वाले डीजे पर स्वतः संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने इस पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है, प्रेशर हॉर्न पर भी मुख्य सचिव को हलफिया बयान देने को कहा है। इस मामले की 20 नवम्बर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। इस मामले में नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ऐसे हॉर्न को कारण सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों को बहुत तकलीफ होती है। मोटर वाहन अधिनियम में ऐसे हॉर्न पर प्रतिबन्ध है लेकिन यातायात विभाग कार्रवाई नहीं करता जिसके कारण इन पर रोक नहीं लग पा रही है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से इसके लिये गुहार लगाई है। चूंकि सरकार को इस पर जवाब देना है, तो उम्मीद की जा सकती है कि अगले कुछ समय तक ऐसे वाहन मालिकों व चालकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी ताकि सरकार को कोर्ट में बतलाने का कुछ आधार बन सके।*

*ऐसे वाहनों के खिलाफ केवल हाईकोर्ट को बतलाने के लिये नहीं वरन सही मायनों में जनता की परेशानी को दूर करने के लिये कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। वाहन चालकों के साथ इस प्रकार के हॉर्न बेचने वाले दुकानदारों एवं उन्हें वाहनों पर लगाने वाले मेकेनिकों पर भी कार्रवाई होनी चाहिये। इसका इस्तेमाल बन्द होने पर ही दुकानदार ऐसे तकलीफदेह हॉर्न रखना बन्द करेंगे। अब यह छग सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस प्रदूषण पर कैसे प्रतिबन्ध लगाती है।*

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर सरकार बनाएगी : ताम्रध्वज

## दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में पिछले चुनाव का रिकार्ड तोड़कर दुगने से ज्यादा वोटों से जीतेंगें



**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण सहित सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संगठित होकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेसजनों में भारी उत्साह है और सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पिछले चुनाव की तुलना में लगभग दुगुने वोट से कांग्रेस को जिताने का संकल्प लिया है। श्री साहू ने कहा कि विगत पांच वर्षो में क्षेत्र में भरसक विकास कार्य कराये गये है आने वाले समय में क्षेत्रीय जनता के आर्शीवाद से रिसाली नगर निगम क्षेत्र में एक नई जल आवर्तन योजना लागू करने के साथ ही क्षेत्र में नये कालेज, स्कूल स्थापना भवनों के निर्माण इत्यादि कार्य कराये जायेगें।

आज कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित होने और इस सूची में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने से उनके समर्थकों के साथ नागरिकों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही कांग्रेसजनों के अलावा पार्टी के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता पुष्पगुच्छ, पुष्पहार लेकर श्री साहू के मीनाक्षी नगर निवास पहुंचकर उन्हें बधाईयां दे रहे है।

इस बीच लोगों की बधाईयां व अभिवादन स्वीकार करते हुए गृहमंत्री श्री साहू ने पत्रकारों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों के उत्तर भी दिये। यह पूछने पर कि आपको दुर्ग ग्रामीण का प्रत्याशी बनाया गया है, इस पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सर्वोच्च नेताओं सोनिया गांधी, राहूल गांधी, प्रियंका गांधी कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, के.वेणुगोपाल, कु. शैलजा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने पर धन्यवाद और बधाई है। पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरूंगां।

पार्टी ने अभी कुल 30 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है। 60 प्रत्याशी अभी शेष है। इनमें विधायक दुर्ग शहर अरूण वोरा का नाम भी छूट गया है। अब तक में पिछले सभी चुनाव में पहली सूची में ही श्री वोरा का नाम आता आ रहा है। इसे लेकर पार्टी में और पार्टी के बाहर तरह तरह की अटकलें है ? इस पर श्री साहू ने बताया कि वे प्रत्याशी चयन समिति या स्क्रीनिंग कमेटी में है, अत: अधीकृत तौपर कुछ कहने के लिये वे पात्र नहीं है। अभी सिर्फ बस्तर, राजनांदगांव की उन सीटों में जहां प्रथम चरण में मतदान होना है वहां की सीटों के लिये प्रत्याशी के नाम जारी किये गये है। शेष 60 नाम अभी जारी होने शेष है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उन्हे नहीं पता किसको टिकिट मिलेगी या किसकी टिकिट कटेगी।

पार्टी ने जहां भी टिकिट घोषित की है वहां पूरी वस्तुस्थिति को ध्यान में रखकर प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस किन मुद्दों को लेकर चुनाव में जायेगी ? इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस का शासनकाल देखा है। विगत 15 वर्षो में भाजपा की सरकार रही है। कांग्रेस शासनकाल में नक्सल व आतंक की घटनाओं में कमी आई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने सभी वर्गो के लिये कार्य किया है। आम व्यापारी से लेकर शासकीय कर्मचारियों के लिये सरकार का रवैया सदैव सकारात्मक रहा है। क्या प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री भी भूपेश बघेल बनेगें ? उन्होंने कहा कि अभी यह सामयिक प्रश्न नहीं है वर्तमान में पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में एकजुटता से चुनाव लड़ा जायेगा। पार्टी का लक्ष्य 75 विधायत जिताना है। मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी हाईकमान विधायकों की राय से करता है।

इस चुनाव में मुख्य प्रतिस्पर्धी दल भाजपा ने कुर्मी समाज के ललित चंद्राकर को टिकिट दी है । क्या दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का फैसला साहू कुर्मी के बीच होगा ? इस पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जातीय आधार पर चुनाव नहीं होते। उन्होंने कहा कि वे चुनाव में किसी भी प्रत्याशी को अपने से कमतर नहीं समझते । दो राष्ट्रीय पार्टियां जब आपस में लड़ती है तो चुनाव परिणाम पार्टी कार्यकर्ता की मेहनत पर निर्भर करता है।

अगले विधानसभा चुनाव के बाद दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कराये जाने सवाल पर उन्होंने बताया कि रिसाली नगर निगम के लिये पृथक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करना है। भिलाई नगर निगम पर निर्भरता बंद करनी है।

# पिता, पुत्र एवं भाई ने एक ही मंच पर पावर लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक

## नशकर टंडन, प्रिंस पीयुष टंडन एवं रंजीत का नया रिकार्ड



**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग ;बेंच प्रेस प्रतियोगिता के एक ही मंच पर पिता, पुत्र एवं भाई ने जीता स्वर्ण पदक। यह प्रतियोगिता 2023, छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन, पावर जिम एवं फिटनेस प्लानेट के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर 6 भिलाई में संपन्न हुई। इसमें दुर्ग जिला की टीम ने नशकर टंडन ;अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर के नेतृत्व में भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में नशकर टंडन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने मास्टर. 2 में 83 किग्रा वजन वर्ग समूह में 107.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही इनके पुत्र प्रिंस पीयुष टंडन ने 66 किग्रा वजन वर्ग समूह ;सीनियरद्ध में 50 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी कड़ी में इनके भाई रंजीत तांडी ने 59 किग्रा वजन वर्ग समूह में 87.5 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में कृष्णा साहू अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टर एवं निर्णायक महेश पटेल राष्ट्रीय निर्णायक रमाशंकर सिंह राष्ट्रीय निर्णायक आसिफ अली खान राष्ट्रीय निर्णायक संतोष राष्ट्रीय निर्णायक संतोषी मांझी राष्ट्रीय निर्णायक विजय तातोडे राष्ट्रीय निर्णायक बीएम ठाकुर उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया पुलिस डिपाटमेंट मीट में दुर्ग पुलिस के दो खिलाड़ियों को मिले पदक

**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हरियाणा के करनाल में आयोजित आल इंडिया पुलिस डिपार्टमेंट मीट में छत्तीसगढ़ पुलिपु स के खिलाड़ियों का उत्कर्ष प्रदर्शनर्श रहा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ पुलिस ने 4 मेडल हासिल किए। जिसमे दुर्ग पुलिस के खिलाड़ियों ने 2 मेडल पर कब्जा कर जिला सहित राज्य का नाम रोशन किया।

पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महिला आरक्षक कविता ठाकुर को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। कविता वर्तमान में पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ है। वहीं आर्म रेसलिंग में विवेक पोद्दार ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। विवेक थाना छावनी में आरक्षक पद पर पदस्थ है।

ऑल इंडिया पुलिस मीट का आयोजन 4 अक्टूबर को करनाल हरियाणा में आयोजित किया गया था।

पुलिस लाइन दुर्ग में पदस्थ महिला आरक्षक कविता ठाकुर को पावर लिफ्टिंग 69 किग्रा के इवेंट में सिल्वर मेडल, एवं थाना छावनी में पदस्थ आरक्षक विवेक कुमार पोद्दार को आर्म रेसलिंग मेडल 65 किग्रा के इवेंट में प्राप्त होने पर पुलिस विभाग गौरवांवित महसूस कर रहा है।

मेडल विजेताओं को दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने शुभकामनाए देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने भविष्य में ऐसे ही मेहनत कर पुलिस एवं परिवार का नाम रोशन करने की बात कही है। खिलाड़ियों के साथ उनके कोच प्रधान आरक्षक परमजीत सिंह भी मौजूद रहे।

# भाजपा ने दुर्ग शहर के लिये बनाई चुनाव संचालन समिति



**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिये चुनाव कार्यालय उद्घाटन के दूसरे ही दिन चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। इस समिति में मुख्य चुनाव संचालक कांतिलाल बोथरा एवं सहसंचालक शिव चंद्राकर बनाये गये है। इसी तरह संपर्क एवं समन्वय समिति में संयोजक अनूप गटागट को बनाया गया है। उक्त दोनों समिति के दुर्ग शहर ही नहीं बाहर के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं, सांसद, राज्यसभा सांसद के साथ जिला व राज्य स्तर के अनेक वरिष्ठ नेताओं सहित दोनों समिति में सौ से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया है।

# राम बिहारी के नेत्रों से होगी दो लोगों की दुनिया रोशन





**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बोरसी निवासी सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर रामबिहारी अग्रवाल (68) के निधन उपरांत नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर नेत्रदान किये गये। शोकाकुल परिवार विशेषकर मृतक श्री अग्रवाल की पत्नी मंजू अग्रवाल ने अपने पुत्र शाश्वत, परिष्कृत, पुत्रवधु अंकिता एवं जयश्री की सहमत कराते हुए अपने पति के नेत्रदान हेतु सहमति दी। श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के डॉ. पुष्पेन्द्र लहरे नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्ट किया। दिवंगत श्री अग्रवाल नवदृष्टि फाउण्डेशन के मंगल अग्रवाल के मौसा जी थे। इस पूरी नेत्रदान की प्रक्रिया के दौरान फाउण्डेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, रितेश जैन, व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# जेठ ने किया महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के अंडा थाना क्षेत्र में गत दिवस स्थानीय एक महिला पर जानलेवा हमला हुआ। हमला करने वा ला को ई और नहीं बल्कि उसका जेठ ही था जिसने पुरानी रंजिश में महिला की हत्या करने के इरादे से उस पर हमला किया । जेठ ने महिला पर धारदार हथियार से वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मकान मालिक की मदद से महिला को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत में सुधार है। पुलिस के अनुसार वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी केशवराम देशलहरे के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

अंडा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गत दोपहर की बताई जा रही है। गांधी भाठा ग्राम अण्डा निवासी राखी देशलहरे यहां सुनील देवांगन के मकान में पति महेन्द्र देशलहरे के साथ किराए में रहती है। पति हार्डवेयर दुकान में काम करता है। रविवार सुबह पति के काम पर जाने के बाद महिला घर पर अकेली थी । शाम करीब 4 बजे महिला का जेठ केशव राम देशलहरे घर पर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार से वार कर दिया । इस दौरान महिला चिल्ला ने लगी तो मकान मालिक सुनील देवांगन बीच बचाव करने आया । तब तक महिला का जेठ केशव राम ने कईवार किए और वहां से फरार हो गया । धारदार हथियार के वार से महिला बेसुद हो कर गिर गई। महिला के शरीर, सिर, सीना, दोनो हाथ, कलाई एवं उंगलियो मे एवं बाये पैर के घुटना पीठ मे चोट आई है। मकान मालिक

# केन्द्रीय जेल में मनोरोग शिविर में की गई कैदियों की जांच व चिकित्सा



**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा केन्द्रीय जेल में पुरूष बंदियों के मानसिक रोग परीक्षण एवं मार्गदर्शन के लिये विशेष शिविर लगाया गया जिसमें दुर्ग जिला अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी।

शिविर को सफल बनाने में जेल अधीक्षक राज ऋषि राय, उपजेल अधीक्षक एम.एन.ठाकुर, जेल चिकित्सक डॉ. एस.ठाकुर तथा केन्द्रीय जेल स्टाफ ने विशेष सक्रियता दिखाई। केन्द्रीय जेल की संदर्शक नीलू सिंग ठाकुर, संजय सिंह, दिलीप ठाकुर, सौरभ पाण्डेय, सुंदर बंसल, सीताराम ठाकुर, रंगदमन राजपूत व के.मुदलियार का भी विशेष सहयोग रहा।

# रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ो भाजपाई हुए शामिल



भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में 50 गाड़ियों के काफिले में रवाना हुए थे कार्यकर्ता

**राजनांदगांव /बेमेतरा**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो भाजपाई राजनांदगांव विधानसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के भाजपाई 50 से अधिक गाड़ियों के काफिले से राजनांदगांव पहुंचे। यहां भाजपा नेता योगेश ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मां बम्लेश्वरी दर्शन डोंगरगढ़ यात्रियों के लिये अग्रवाल सेवा मंडल ने लगाया पंडाल





**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा शिवनाथ नदी के नये ओव्हर ब्रिज के नीचे शंकर होटल के पास बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले पैदल यात्रियों की सुविधा के लिये टेंट लगाकर व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इस कार्य में लायन्स क्लब, लायनेस क्लब मिडटाउन द्वारा विशेष सहयोग किया जा रहा है।

अग्रवाल सेवा मंडल के सदस्य प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि उक्त पंडाल राजनांदगांव मार्ग पर है । यहां पर श्रद्धालुओं के लिये चाय, काफी, नाश्ता, फलाहार, व भोजन की व्यवस्था रखी गई है। अभी तक विगत दो दिनों में इस पंडाल में लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालु पदयात्री सेवा का लाभ उठा चुके है। यात्रियों की सेवा में महिलाएं भी सहयोग कर रही है।

# हेमचंद यादव विवि की पूरक परीक्षा में लगभग 25 हजार परीक्षार्थियों ने किया प्रवेश पत्र डाउनलोड

**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में 20 अक्टूबर से आरंभ होने वाली पूरक परीक्षा 2023 के प्रवेश पत्र वि.वि. के पोर्टल पर 15 अक्टूबर से उपलब्ध होते ही आज 16 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक लगभग 25 हजार परीक्षार्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिया था। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, ने बताया कि पूरक परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले लगभग 34 हजार परीक्षार्थियों के प्रवेष पत्र वि.वि. के पोर्टल पर जारी कर दिये गये है। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र 19 अक्टूबर तक डाउनलोड कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि वि.वि. की पूरक परीक्षा 20 अक्टूबर से आरंभ हो रही है। प्रारंभिक प्रष्नपत्रों में 20 तारीख को बीकॉम भाग दो, तीन, बीसीए भाग दो तीन, बीएससी भाग दो, तीन, बीएससी होम साइंस भाग दो, तीन, बीए भाग दो, तीन, बीए बीएड तथा बीएससी बीएड भाग दो, तीन की पर्यावरण अध्ययन एवं मानव अधिकार के प्रश्नपत्र की परीक्षा आयोजित होगी। वहीं 21 तारीख को अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर एप्लीकेशन की बीकॉम भाग एक, दो एवं तीन की परीक्षा आयोजित होगी। इसके पश्चात् पूरक परीक्षा दशहरा अवकाश की समाप्ति के पश्चात् पुनः 25 अक्टूबर को आयोजित होगी।

परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल के अनुसार सभी 46 परीक्षा केन्द्रों में मुख्य एवं पूरक उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई है। महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न कक्षाओं की छात्र संख्या के आधार पर बैठक व्यवस्था तैयार की जा रही है।

# बच्चों का मासिक आंकलन कर कमजोर स्कूली बच्चों का किया जाएगा बौद्धिक विकास



■ विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं ली जाएगीं

**दुर्ग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कक्षा में कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने को कहा, जिससे उनके शैक्षिक स्तर को बढ़ाया जा सके। कमजोर बच्चों के लिए स्कूल में ही अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी। जिससे उनका बौद्धिक विकास किया जा सकें। उन्होंने बच्चों का मासिक आकलन कर डाटा कलेक्शन कर उनका विश्लेषण एवं सुधारात्मक उपाय करने को कहा। जिले के विषयवार बेस्ट शिक्षक का चिन्हांकन कर पीयर ग्रुप की मदद से अन्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करने को कहा।

उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं लेने को कहा। शिक्षकों द्वारा कक्षा अध्यापन हेतु विषयवार विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के कक्षावार एवं विषयवार इंटरएक्टिव वीडियो विषय विशेषज्ञों द्वारा वीडियो तैयार करने को कहा, ताकि बच्चों की विषय की मूलभूत अवधारणा स्पष्ट हो सके। साथ ही उन्होंने मध्यान्ह भोजन, नि:शुल्क गणवेश, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, सरस्वती सायकल, महतारी दुलार छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति, पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। समग्र शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग बच्चे 3083 हैं। इसके अंतर्गत कार्यप्रगति की समीक्षा अगले सप्ताह की जाएगी। शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन एवं कार्ययोजना की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक शनिवार को संज्ञात्मक कक्षाएं संचालित करने को कहा। उन्होंने तृतीय व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को प्रथम श्रेणी में लाने का प्रयत्न किया जाए, ताकि वह अव्वल नंबर से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम आने वाले स्कूलों का निरीक्षण करने को कहा और शिक्षा स्तर में सुधार करवाने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने बताया कि 10 सेजेस स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं बच्चों को दी जा रही है। इस पर कलेक्टर ने स्पोकन इंग्लिश की कक्षाओं को सभी स्कूलों में संचालित करने को कहा। साथ ही प्राइमरी स्कूलों में भी फोकस करने को कहा। बालबाड़ी की समीक्षा में दुर्ग जिले में 100 बालबाड़ी संचालित है, जिसमें 606 बच्चे दर्ज हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा जिसमें हिन्दी व अंग्रेजी नही आने वाले बच्चों की प्रतिशत वाईस रिपोर्ट हो। कमजोर बच्चों के बौद्धिक स्तर को सुधारने के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त समय देकर शिक्षा देने को कहा। लगातार प्रयासरत रहने से कमजोर बच्चों का ज्ञान बढ़ाया जा सकता है। निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में सहभागिता कराकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए शिक्षकों को अपने दायित्व को ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय, बीईओ, एबीईओ उपस्थित थे।

# अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात चोरी की बारदात, मामला दर्ज

**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई.3 चरोदा जीई रोड से लगे मेडिकल स्टोर में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात धावा बोल अज्ञात चोर नगदी और मोबाईल लेकर निकल भागे हैं। घटना पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत चरोदा क्षेत्र की है। भिलाई.3 पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी मेडिकल जीई रोड चरोदा में मैनेजर धनेश्वरी धुरंधर के अनुसार वह 14 अक्टूबर की रात्रि 11. 55 बजे दुकान बंद कर घर चली गई थी। रविवार को मेडिकल स्टोर्स का स्टाफ प्रदीप वर्मा सुबह 7.30 बजे दुकान खोलने आया तो फोन कर सूचना दी कि दुकान का शटर टूटा हुआ है एवं गल्ला में रखा 30 हजार रूपये एवं 11 हजार रूपये का पेटीकेस नोट, एक मोबाइल कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है। चोरी के संबंध में कंपनी के संचालक को बताने के बाद धनेश्वरी ने पुरानी भिलाई थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## भिलाई में दिनदहाड़े चोरी

**भिलाईनगर।** सेक्टर-9 हास्पिटल में नर्स के घर पर दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरों के खटपट से घर में सो रही नर्स की नींद खुली और वह दूसरे कमरे में डर की वजह से छिपी रही। घर में अकेली होने की वजह से उसने फोन पर परिजनों को जानकारी दी लेकिन जब तक लोग पहुंच पाते चोर जेवर लेकर निकल भागे। दो लोग दिनदहाड़े घर में घुसे और सोने का नेकलेस, दो जोड़ी सोने की लटकन, दो जोड़ी चांदी का बिछिया लेकर भाग निकले हैं। पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 34, 380, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। कल दोपहर हाल में टीवी देखते देखते नर्स सो गई। अज्ञात आलमारी के लाकर को खोलकर उसमे रखे सोने के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। नर्स के मुताबिक चोर दो लोग थे।

# आधा दर्जन लोगों के यहां ईडी का छापा



**भिलाईनगर** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज सुबह सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इस्पात नगरी भिलाई तथा आस-पास में ऑनलाइन सट्टा के करीबियों पर शिकंजा करते हुए आधा दर्जन से अधिक स्थान पर दबिश की कार्यवाही। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने आज सुबह नेहरू नगर पूर्व , भिलाई तीन पदमनगर, बाबा दीप सिंह नगर थाना वैशाली नगर, सुंदर नगर उत्सव भवन के समीप वैशाली नगर व्यवसाईयों के बंगले पर एड की कार्रवाई लगातार जारी है। बताया जा रहा है कि महादेव ऑनलाइन से मिले इनपुट के आधार पर यहां सुबह से कार्यवाही की जा रही है। इन सभी के बंगले पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी ने ऑनलाइन सटोरियों के करीबियों पर शिकंजा प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़े मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर के करीबियों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। सोमवार सुबह 6 बजे ईडी टीम भिलाई पहुंची। ईडी ने नेहरू नगर स्थित दीपक के घर में छापा मारा। ईडी की टीम ने जहां छापा मारा है। उसमें विकास बाबा दीपसिंह नगर निवासी, सत्यम जींस दूल्हे साहेब शॉप का संचालक भरत वैशाली नगर, भारत मेडिकल स्टोर संचालक सुरेश, चावल व्यापारी उत्सव भवन सुन्दर नगर सुरेश पदुम नगर पटाखा व्यापारी, सौरभ राजनांदगाव और नेहरू नगर में दीपक शामिल है। ईडी की टीम ने पदम नगर भिलाई तीन स्थित शहर के पटाखे के थोक विक्रेता सुरेश के बंगले पर दबिश दी इतना ही नहीं इनके संमधी चावल व्यवसायी सुरेश मेडिकल व्यवसाय भरत, सत्यम जींस एवं दूल्हा राजा के संचालक विकास के निवास पर इस समय छापे की कार्यवाही लगातार जारी है। इन व्यवसाईयों के आवास पर छापे की कार्रवाई से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। दीपक सौरभ चंद्राकर का बिजनेस पार्टनर भी रह चुका है। उसने सौरभ के साथ पार्टनरशिप में जूस फैक्ट्री का कारोबार शुरू किया। इसके बाद नेहरू नगर में चौपाटी खोली। जब सौरभ दुबई जाकर ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़ा तो वो खुद भी एक साल के लिए वहां गया। एक साल दुबई में रहने के बाद दीपक भिलाई आ गया। बताया जा रहा है कि सौरभ की कमाई को यह इनवेस्ट करता है। इसके सौरभ से काफी करीबी संबंध होने के चलते ही ईडी की टीम ने इसके यहां छापेमारी की है दीपक नगर निगम का बड़ा ठेकेदार है अब पिछले 15 वर्षों में नगर निगम में जितने भी झूला फिसल पट्टी कुर्सी बेंच लगा है अधिक सप्लाई दीपक द्वारा ही किया गया है। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर आज सुबह से ही ईडी के द्वारा छापेमारी की गई है। ईडी ने पहले नगर निगम में सफाई के बड़े ठेकेदार नेहरू नगर ईस्ट निवासी दीपक के ठिकानों पर दबिश दी है। ईडी के अफसर के द्वारा संबंधितों के खिलाफ दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज भिलाई तीन से लेकर के नेहरू नगर तक महादेव ऑनलाइन सट्टा से जुड़े गुर्गों के घरों पर आज सुबह सुबह ईडी के अफसर ने छापेमारी की है। लगभग आधा दर्जन के करीब महादेव सट्टा से जुड़े लोगों के घरों में ईडी के अफ्सर की जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम नेहरू नगर स्थित दीपक, गिरीश राम ट्रेडर्स आकाशगंगा सुपेला एक ही घर में साथ में रहते हैं। भिलाई-3 पदुमनगर स्थित फटाका व्यवसायी सुरेश, चावल व्यवसाय सुंदर नगर उत्सव भवन के पास निवासी सुरेश, भरत मेडिकल स्टोर सुपेला के भरत, व्यवसायी विकास दूल्हे राजा चौहान स्टेट के निवास बाबा दीप सिंह नगर के घर पर ईडी की टीम पहुंची है।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली शोभा यात्रा



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर 10 बजे अग्रसेन भवन सेक्टर-6 एक विशाल शोभायात्रा किया गयाए जो सेक्टर 6 से आरंभ हुआ। सेक्टर 5 चौक हुआए सेक्टर 2 चौक हुआए वापस सेक्टर 6 भवन दिखाई दिया! शोभा यात्रा में सुनील गुप्ता, सीईओ वैदांत गुरप और दुर्ग अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा झंडी दिखा कर रवाना किया। पूर्व अग्रसेन भवन में समाज के सभी अग्रबन्धुओ महिलाओं और बच्चों के द्वारा भगवान अग्रसेन जी की मूर्ति की पूजा की। अध्यक्ष बंशी अग्रवाल अग्रवाल अनिल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, संजय रूंगटा, मनोज अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मनीत जैन अग्रवाल अग्रवाल, ललित सैक्सरिया, मुरारी अग्रवाल, पंकज, संतोष अग्रवाल, रतन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आशीष गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, अबीर अग्रवाल, जय किशन अग्रवाल, मनोज देवरालिया, अनुप गुप्ता, बबिता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, आदि अग्रवाल, बंधुगाता अग्रवाल, उमा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि शामिल थे। जिसमें बच्चों के द्वारा महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्र बन कर समाज को नया संदेश दिया गया था। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सेक्टर 5 चौक में अपने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और सेक्टर 2 चौक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने सेक्टर 5 चौक में अपने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी सुनील रामदास रायगढ़ ने कार्यक्रम की और समाज की भूरी भूरी प्रशंसा की!

# डॉ. वर्मा बने छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य जनवादी लेखक संघ के दो दिवसीय राज्य सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया । वे देश के जनवादी लेखक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। राष्ट्रीय सचिव संजीव ने प्रदेश जनवादी लेखक संघ की नई चयनित समिति की घोषणा की। डॉ. परदेशीराम वर्मा अध्यक्ष एवं पी.सी. रथ सचिव तथा डॉ. सुखनंदन सिंह धुर्वे कोषाध्यक्ष, नासिर अहमद सिकंदर एवं विजय सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। प्रदेश भर से आए जनवादी साहित्याकारों के जलसे में कपूर वासनिक एवं नंद कश्यप संरक्षक और अजय चंद्रवंशी, भास्कर चौधरी, रजत कृष्ण संयुक्त सचिव, सतीश सिंह, सी.के.खण्डेे, राकेश बम्बार्डे, सचिव चुने गए। रमेश शर्मा, अशोक आकाश, दिनेश गौतम, समयलाल विवेक, लक्ष्मी नारायण कुंभकार, चोवाराम बादल, शिन्ज सकट कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। दो दिवसीय राज्य सम्मेलन साकिर अली पर केन्द्रित विषय आलोचना का लोकधर्म तथा भारतीय जनतंत्र और साहित्य का संकट और चुनौतियाँ विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान हुए। जिसमें संजीव, रामप्रकाश त्रिपाठी, कूपर वासनिक ने व्याख्यान दिया। पी.सी. रथ ने सत्र संचालन किया। इस अवसर पर डॉ.परदेशीराम वर्मा ने कहा कि विगत चालीस वर्षों से जनवादी लेखक संघ में हम सब मिलकर आगे बढ़े। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह तीसरा राज्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। हमारे राज्य में जनवादी लेखक संघ के विभिन्न जिलों में इकाईयाँ बन गई हैं। इस अवसर पर कुम्हारी इकाई के महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू,,राजकुमार सोनी, मुबारक हुसैन, जयकुमार साहू, श्रीकांत वर्मा अध्यक्ष रामकुमार तिवारी, संजय पराते, गजेन्द्र झा, बालोद के देवजोशी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकारों ने भाग लेकर सम्मेलन को सफ्ल बनाया ।

# स्वच्छता कर्मियों ने लिया मतदान करने का संकल्प



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निगम भिलाई ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ संकल्प लिए। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अभियान के दूसरे दिन निगम के स्वच्छता कार्य में जुड़े सफाई मित्रों ने शहरवासियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति, धर्म, भाषा के भय, लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज दूसरे दिन भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह 7 बजे से आगामी विधानसभा चुनाव में समाज के हर वर्ग को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। संजय नगर, बैकुंण्ठधाम, पॉवरहाउस आईटीआई मैदान, सेक्टर 06 आत्मानंद स्कूल, हुडको मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्रों के साथ सुबह सुबह सैर सपाटा में निकले हुए युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्ग भी शामिल हुए और आगामी चुनाव में लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए। इस दौरान सफाई मित्रों ने अपने मतदाता परिचय पत्र को हाथो में लेकर हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं विभिन्न ज्ञात हो कि क्षेत्रों में घूम-घूमकर महिलाओं को अधिकाधिक मतदान करने की अपील किए साथ ही अपने परिवार और रिश्तेदारों को मतदान को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए मतदान करने जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। सौ फीसदी मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय तथा आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर जाकर महिलाओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किए।

# मार्केट का मूत्रालय जर्जर दुर्गंध से लोग परेशान

**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया है कि भिलाई पावर हाउस स्थित सर्कुलर मार्केट कैंप-2 के समीप स्वास्थ्य विभाग कार्यालय एवं पानी टंकी के पास मुत्रालय का निर्माण किया गया है जो की काफी जर्जर हो चुका है और लगभग 6 माह पहले निगम द्वारा ठेकेदार से मुत्रालय के निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया है पर ठेकेदार द्वारा नाली के कुछ हिस्से में चेंबर नहीं बनाया गया है जिसके कारण मूत्रालय की बदबू से ग्राहकों एवं व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। पूर्व में मूत्रालय के निकासी के लिए जो पाइप डाला गया था। जिसके कारण बदबू बाहर नहीं आती थी परंतु जब से खुली नाली का निर्माण किया गया है तब से यहां के व्यापारियों एवं ग्राहकों का जीना दुभर हो गया है एवं नाली में मूत्र हमेशा भरे रहने के कारण व्यापारियों एवं ग्राहकों को पेशाब में खड़े होकर पेशाब करना पड़ता है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा फिनायल एवं अन्य कीटनाशक डालकर नियमित सफाई नहीं की जाती है। उन्होनें कहा कि यदि उक्त समस्या को तत्काल हल नहीं कराया गया तो निश्चित ही मार्केट में डेंगू एवं डायरिया जैसे बीमारी फैल सकती है एवं मूत्रालय के पास ही पीने की पानी की टंकी बनी हुई है जिसके कारण पीने का पानी भी दूषित हो सकता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा, लललन तिवारी, राजेश प्रसाद गुप्ता, परविंदर सिंह, राजकुमार चौधरी, प्रभाकर राव जनबनधु, नागेन्द्र तिवारी, शिवराज ताम्रकार, विकास में मेंश्राम ने भी उक्त समस्या को दूर करने के लिए निगर भिलाई के महापौर एवं आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई से की है ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से मुक्ति मिल सके।

# मैत्री बाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के उद्यानिकी विभाग एवं नगर सेवाएं विभाग द्वाराए मैत्री बाग में 1 से 7 अक्टूबर तक श्वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया गया। जिसका समापन समारोह मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में संध्याकाल में संपन्न हुआ। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह समापन समारोह मुख्य अतिथि सयंत्र के कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन पवन कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में जिला वन अधिकारी चंद्रशेखर परदेसी, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं और निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व जे वाए सपकाले, एस डी एम डी एन सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी वी के शर्मा मंचासीन थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। ये पृथ्वी जितना हम मनुष्यों का है उतना ही अन्य जीवों का है। हमें निरंतर उनके संरक्षण और संवर्धन का कार्य करते रहना है, क्योंकि जीव श्रृंखला में सभी एक दूसरे से जुड़े हुए एवं निर्भर हैं। इनके बीच बैलेंस होना जरूरी है। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी चंद्रशेखर परदेसी ने बच्चों के माध्यम से जनजागृति लाने की सराहना की। उन्होंने संयंत्र द्वारा पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में विजेता स्कूली बच्चों को मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं के निर्णायकों, मैत्री बाग की टीम और वन विभाग के सहयोगी साथियों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जे वाए सपकाले ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संयंत्र द्वारा किए जा रहे प्रकृति संरक्षण और जनजागृति के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक उद्धानिकी डॉ एन के जैन ने किया। विदित हो कि देश के सभी चिड़ियाघरों में सेंट्रल जू अथारिटी मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरन्मेंट के दिशा निर्देश में मनाया गया है। जिसके अंतर्गत लोगों और बच्चों में वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसमें वन्य प्राणियों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिनके विजेताओं को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ.राजीव पाल, डॉ के के ठाकुर, डॉ एन के जैन, के के साहू शालाओं के प्राचार्य, शिक्षक, वन विभाग के अधिकार बच्चे एवं पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागी एवं भिलाई इस्पात सयंत्र के नगर सेवा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं वन विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कराते, एनुअल बेल्ट ग्रेडिंग फंक्शन का आयोजन




**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला कराते एसोसिएशन एवं फ्लाइंग फिट कराते एकेडमी द्वारा एनुअल बेल्ट ग्रेडिंग फंक्शन का आयोजन एमजीएम पब्लिक स्कूल शांति नगर में किया गया। जिसने राज्य के भिन्न भिन्न जिलो के 250 से 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समारोह के मुख्य अतिथि क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कैलाश नगर के वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रिंसिपल एमजीएम कॉलेज दिमापुर डा. पीएस वर्गिस थे। इस ग्रेडिंग एग्जाम के एग्जामनर सेहन खेत्रो महानंद सर जनरल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़, सेहन आदिल खान सर जनरल सेक्रेटरी राजनंदगांव, सेन्साई रंजन डे जनरल सेक्रेटरी दुर्ग एवं जॉइंट सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ साइंस शिव निर्मलकर, सेन्साई काज़ी के निर्देशन में 285 खिलाड़ियों ने बेल्ट एग्जाम लिया गया। इस आयोजन को सफ्ल बनाने में एमजीएम पब्लिक स्कूल शांति नगर के प्राचार्य कुरियन जॉन का योगदान रहा। उन्होंने आश्वासन दिया खिलाड़ियों इससे भी बड़ा राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा ।

# रात 10 बजे से ध्वनि विस्तारक यंत्र पूर्णत: प्रतिबंधित



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ धारा 144 लागू हैं। इस बीच नवरात्रि पर्व भी शुरू हो चुका है। पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में पुलिस के अफसरों ने शहर के तमाम दुर्गोत्सव समितियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। दुर्गोत्सव समितियों को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया गया। बैठक में शहर के 125 से ज्यादा दुर्गोत्सव समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा ने की। इस दौरान उन्होंने दुर्गोत्सव समितियों से कहा कि चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील है। इसके कारण दुर्गोत्सव के दौरान कई नियमों का ध्यान रखना अनिवार्य है। आयोजन के लिये अनुमति से लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के नियमानुसार ही किए जाने का निर्देश दिया गया। रात 10 से सुबह 6 बजे तक दुर्गोत्सव कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान डीजे का इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकेगा। अवैध पार्किंग की शिकायत पर होगी। कार्रवाई बैठक में बताया कि पार्किंग के रूप में अवैध वसूली करने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पंडाल व वाहन पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने, प्रतिमा एवं पण्डाल की सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजन समिति की होगी। सुरक्षा के लिए पण्डाल में अनिवार्य रूप से वालेंटियर नियुक्त करने तथा आयोजन स्थल पर वालेंटियर नहीं रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने की स्थिति में सम्पूर्ण जवाबदारी आयोजकों की होगी। प्रत्येक वालेंटियर का सत्यापन भी अनिवार्य है। राजनैतिक प्रचार प्रसार पर भी रखनी होगी नजर। बैठक के दौरान आयोजकों को बताया कि कहीं भी राजनैतिक प्रचार प्रसार नहीं किया जाना है। सड़क पर वाहन पार्किंग न किया जाए। पृथक से वाहन पार्किंग की व्यवस्था किया जाए। पंडाल में पुरुषों एवं बच्चों, महिलाओं के आगमन व प्रस्थान का मार्ग पृथक-पृथक रखने, झांकियों में पर्याप्त आगमन एवं निर्गम व्दार रखने। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सूचना 1 दिन पहले थाना व चौकी को दिये जाने का निर्देश दिया गया। तय किए गए नदी व तालाबों में हो विसर्जन किया जावे।

# चरौदा निगम कार्यालय में मतदाता जागरूकता की ली शपथ



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में आज सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम संपन्न हुआ है। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की तारीखों का ऐलान किये जाने के साथ ही चुनावी सरगर्मी शुरू हो चुकी है। जिसके तहत पूरा शासकीय अमला निर्वाचन प्रक्रिया की सफ्ल पूर्णता हेतु नित्य कार्यरत है। इसी क्रम में नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के कर्मचारियों एवं सफाई स्वच्छता मित्रों को निष्पक्ष एवं निर्भीक निर्वाचन मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में निगम पालिक निगम भिलाई-चरोदा के कमिश्नर अजय त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर उनके साथ कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, सहायक अभियंता डी.के. पाण्डेय, एन.यू.एल.एम. प्रबंधक आदित्य भटनागर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा सहित समस्त निगम कर्मचारी मौजूद रहें।

# अर्जुन रथ के पास कलाकारों ने शुरू किया टाक शो



**भिलाईनगर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र और ललित कला अकादमी नई दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे कलाकारो ने शुरू किया टाक शो। जिसमे प्रति सप्ताह रविवार को विभिन्न विद्या के प्रसिद्ध कलाकारो के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा होगी। इस कड़ी में पहली बार संयंत्र के वरिष्ठ और सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई और उस पर चर्चा हुई। खैरागढ से आए नवागंतुक कलाकारो संग हरीसेन ने अपने अनुभव साझा किए। चित्रकार हरीसेन ने इस दौरान अपने अमूर्त कला के विशिष्ट शैली से दर्शक वर्ग को रूबरू कराया और कला में आंतरिक आनंद को सर्वोपरि बताया। टाक शो का संचालन करते हुए साहित्यकार मेनका वर्मा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार और स्थानीय दर्शकों को उनका जीवन परिचय करवाया। तथा महानगरीय स्तर के इस शो को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भिलाई के लिए प्रासंगिक बताया। ज्ञात हो कि भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर की स्थापना के मद्देनजर देश विदेश मे फैले तमाम कलाकारो मे खुशी की लहर व्याप्त है। देश की आजादी के बाद से आज तक 1954 में भारत मे सिर्फ7 सेन्टर बनाए गए हैं और यदि भिलाई मे बनता है तो यह आठवां होगा। छत्तीसगढ़ी कलाजगत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। यही वजह है कि कला के समस्त जानकार लामबंद हो रहे हैं और संयंत्र को धन्यवाद दे रहे हैं। जिससे यहां के कलाकारो को दूसरे राज्यों में भटकना नही पड़ेगा। टाक शो के दौरान खैरागढ से पासआऊट होकर दुबई, कतर, अमेरिका में रह रहे अनेक कलाकारो ने भी इस आयोजन के लिए बधाई दी है। इस दौरान मशहूर मूर्तिकार मोहन बराल, डाक्टर सोनाली चक्रवती, विजय शर्मा, कोडागांव से मीना देवांगन, खैरागढ से डा. मनिंदर सिंह, सारिका गोस्वामी, धीरज साहू, भिलाई से रोशन गोस्वामी, प्रशांत क्षीरसागर, संतोष पराशर, प्रवीण कालमेघ, अंकुश देवांगन तथा बड़ी संख्या में दर्शकवर्ग उपस्थित थे।

**नवरात्रि में जले आस्था के ज्योत**

**पिथौरा,** 16 अक्टूबर। नवरात्रि त्योहार के चलते चलते जहां-जहां देवी मंदिरों में आस्था की जोत जल रही है वहीं दूसरी ओर दुकानदारों ने भी फूल मालाओं के साथ दुकानों की सजावट कर आम लोगो को आकर्षित करने में लगे हुए हैं।

# बैहाटोला के शा. माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय साहित्यकारों से साक्षात्कार

**खैरागढ़,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के ग्राम बैहाटोला के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 12 अक्टूबर को नवाचार के तहत स्थानीय साहित्यकारों से साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जीवन यदु, विनमशरण सिंह, पाठक मंच के संयोजक डॉ. प्रशांत झा, अध्यक्ष प्रगतिशील लेखक संघ से संकल्प पहटिया व सदस्य रवि यादव ने अपनी उपस्थिति दी। स्वागत भाषण में शिक्षक किशोर शर्मा ने साहित्यकारों के जीवन के बारे में बच्चों को विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारी शाला में नवाचार के तहत छोटा मोटा कार्यक्रम हमेशा होते रहता हैं। इस कड़ी को विस्तार देते हुए स्थानीय साहित्यकार व पाठ्य-पुस्तकों में आए रचनाकारों के बारे में विद्यार्थी जाने-समझे और अपने आप को विकसित कर सके। यही ध्येय मेरे सामने था। तत्पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए रवि यादव ने कहा कि हर आकार का अपना एक महत्व होता है। और लिखना एक तरह से चित्र बनाना है। साथ ही पढ़ना चित्र को समझना। इसलिए अच्छा लिखो, जिसे पढ़ने पर समाज पर अच्छा प्रभाव पड़े। संकल्प पहटिया ने कहा कि अभी कोर्स में अपने विषयों के पाठों को पढ़ रहे हैं। आपके अवचेतन मन किसी भी विषय का कोई पाठ ठहर जाएगा। आगे की कक्षा में समय के साथ आपका सहचर होकर आपके सामने उभर जाएगा। तब उस पाठ के बारे पूरा पढ़ें इससे आप उस विषय की परम्परा से जुड़कर उससे ऊर्जा प्राप्त कर सकेंगे और गुरु -शिष्य की परम्परा निर्वाह भी होगा। इससे आपकी रचनात्मकता में चमक पैदा हो और इससे आपकी पहचान बनेगी। इसके बिना रचना तो कर सकते हैं, पर रचना में चमक और आपकी पहचान नहीं बन सकता विनयशरण सिंह ने कहा कि पाठ्य पुस्तक में जो रचनाएं देखते हैं उसकी एक प्रक्रिया होती है। जिसमें ध्यान दिया



जाता है कि वे आपकी समझ की हो और आपके समझ को विकसित कर सके और दूसरे किताबों में उस पाठ से संबंधित रचनाओं को पढ़ सके डॉ. जीवन यदु ने कहा कि अक्सर आप लोग प्रश्न पूछ नहीं पाते इसका कारण आपके पास भाषा तो है पर समृद्ध नहीं है। हम छत्तीसगढ़ी के परिवेश में रहते हैं और बोलचाल छत्तीसगढ़ी में करते हैं। बेशक हम छत्तीसगढ़ी खूब बोले पर शिक्षा और आगे शिक्षा की भाषा हिन्दी है तो हिन्दी जैसी समृद्ध होनी चाहिए वैसी हो नहीं पाती। इसके लिए आप कोर्स की किताबें बोलकर पढ़ें, कोर्स के बाहर की भी किताबें पढ़ें इससे आपकी भाषा समृद्ध होगी और आत्मविश्वास बढता है। जो आपके प्रश्न पूछने में सहायक होगा साथ ही आपकी समझ तो विकसित होगी ही साथ ही उपनिषद् की परम्परा से अपने आप को जोड़ पायेंगे कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. प्रशांत झा ने कहा कि आप अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ रहे हैं और उसका असर हमें पता चल रहा है। आप अगर अपने स्वास्थ्य और साफ-सफाई को इसमें और जोड़ दें तो इसका फायदा आपको ही नहीं आपके गाँव और समाज को मिलेगा। इससे आपकी पढ़ाई और ज़िन्दगी व्यवस्थित हो जाएगी। फिर जहाँ आज हमें देख रहे है। वहाँ कल अपने आपको पाएंगे। आयोजन के दूसरे सत्र में बच्चों की तरफ से प्रश्नों के जवाब में डॉ.जीवन यदु ने कहा कि कक्षा नवमी से कविता लिखना शुरू किया वह कविता की शुरुआत तो थी। लेकिन कविता नहीं तुकबंदी थी। जैसे-जैसे पढ़ता गया, अपने आसपास-समाज को पढ़ता गया समझ विकसित होती गई और कविता लिखना सीखता गया चित्रों को देखकर उसे चरित्र को समझकर कविता लिखा जाता है। कविता समझने के लिए पढ़ना जरूरी है। और अपने आप से पूछिए फिर शिक्षक से पूछिए इसके बाद कविता- पाठ में रवि यादव ने वर्तमान व्यवस्था रूपी अवस्था पर बच्चों पर प्रभाव को रेखांकित करती शीशी बिनइयाज संकल्प पहटिया ने पिता-पुत्री और पर्यावरण को रेखांकित करती जंगल में मोर नाचने से पहले तथा पिता-पुत्र के संबंधों को रेखांकित करती बाढ़े पूत पिता के धर्मे मुक्तछंद की कविताओं का पाठ किया। विनयशरण सिंह ने व्यंग्य के अंदाज में आजादी के पच्हत्तर सालज्और बाल कविता पिंजरा के मिट्ठू का पाठ किया और डॉ. जीवन यदु ने अपने चिर-परिचित अंदाज में आजादी के बाद बबा के साथ दो बाल कविता कौंआ अउ घुघवा के मितानी क्रिकेट खेलबो का सस्वर पाठ किया। इस आयोजन में शिक्षक व व्याख्याता वर्ग में ईश्वर रजक, प्रेमेन्द्र कर्महे,भगवती प्रसाद सिन्हा, कल्याण दास वर्मा, तीरथ चन्देल,सत्य कुमार घावड़े,दिनेश चन्देल,संतोषी वर्मा, संज्ञा शुक्ला, अश्विनी धुर्वे, विजय कुमार वर्मा, रूपेश निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन किशोर शर्मा ने किया।

# जिले में सभी स्थानों में किया जा रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामान्य निर्वाचन 2023 में एक भी मतदाता मतदान से वंचित न हों, इसके लिए बेमेतरा जिले में विभिन्न प्रचार माध्यमों व गतिविधियों के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है। अभियान में तेजी लाने के लिए सीईओ जिला पंचायत व जिला स्वीप नोडल अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने आज जिला मुख्यालय में मतदाता जागरूकता की अपील की, उन्होंने इस अवसर पर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्य सामग्री लेने आये नागरिकों से मतदान देने की अपील की 7 उन्होंने आम नागरिकों कों सम्बोधित करते हुये कहा की बेमेतरा जिले में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम, (स्वीप) चलाया जा रहा है। यह मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। स्वीप गतिविधियां संचालित होने से शतप्रतिशत मतदान हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग करने कहा। उन्होने कहा कि जिले की तीनों विधानसभा में शत- प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही मतदेय स्थलों पर दिव्यांग जनों, वरिष्ठ नागरिकों की पहुंच सुगम बनाने की व्यवस्था की जा रही है। अभियान के तहत जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन समुदाय एवं ग्रामीणों में मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

# डोगरगढ़ से कांग्रेस ने हर्षिता को दिया टिकट

## समर्थकों ने दी बधाई





**खैरागढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 से विधायक प्रत्याशी के रूप में हर्षिता स्वामी बघेल का नाम कांग्रेस पार्टी ने फायनल किया है। वही भाजपा ने अपना विधायक प्रत्याशी के रूप में विनोद खांडेकर को मैदान में उतारा है। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी में नया चेहरा को एक बार मौका दिया है। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस विधानसभा चुनाव में किस पार्टी के नेता को मुहर लगाते है। देखने योग्य होगा 7 नवंबर को मतदान संपन्न होना है। जो प्रत्याशी मतदाता को अपने पक्ष में कर लेगा उसकी जीत सुनिश्चित है। विनोद खांडेकर को भाजपा ने बौद्ध समाज से विधायक प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है। तो वही कांग्रेस पार्टी ने अपना विधायक प्रत्याशी के रूप में हर्षिता स्वामी बघेल को सतमानी समाज से मैदान में उतारा है। हर्षिता को टिकट मिलने के बाद उनके समर्थको ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 15.10.2023 को पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी उमेन्द्र राजपूत पिता सुनील राजपूत उम्र 41 साल साकिन बेवरा चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 07 पौवा देशी प्लेन शराब (1260द्वद्य), किमती 770/- रूपये व बिक्री रकम 200/- रूपये कुल जुमला 970/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

इसी क्रम में 15 अक्टूबर को थाना बेमेतरा, नवागढ में आम जगह पर शराब सेवन करने का कुल 03 प्रकरण में 03 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं

इसी क्रम में 15 अक्टूबर को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 11 चालान में 11 व्यक्ति, थाना बेमेतरा 04 चालान में 04 व्यक्ति, थाना नवागढ 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना नांदघाट 04 चालान में 04 व्यक्ति, थाना बेरला 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना साजा 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना परपोडी 15 चालान में 15 व्यक्ति, चौकी देवकर 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी मारो 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी कंडरका 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 01 चालान में 01 व्यक्ति, कुल 61 चालान में 61 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 61 प्रकरण में कुल 18,700 /- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 15 अक्टूबर को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 09 प्रकरण में 11 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना दाढी 08 प्रकरण में 11 व्यक्ति, थाना साजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना बेरला 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना चंदनू 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, थाना खण्डसरा 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना देवरबीजा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी कंडरका 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 109,110, 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 31 प्रकरण में 38 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

## बालोद परिवहन संघ का मनोज चांडक बने अध्यक्ष

**बालोद,** 16 अक्टूबर। ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ बालोद का चुनाव सोमवार को स्थानीय परिवहन संघ कार्यलय में दो पैनलों के बीच मतदान कराया। इसमें अध्यक्ष पद पर मनोज चांडक ने तत्कालीन अध्यक्ष राजा चौहान को 10 मतों हरा दिया। वही मनोज चांडक के पैनल से उपाध्यक्ष सतीश यादव ने गौरव गोयल को 14 मतों से हराया। सचिव पद में भवानी शर्मा ने रौनक कत्याल को 05 मतों से हराया। सह सचिव में नरेंद्र शर्मा ने मुरली दुबे को 20 मतों से हराया। वही कोषाध्यक्ष पद पर मधु मंत्री ने रोमेंद्र साहू को 05 मतों से पराजित किया। बालोद परिवहन संघ के 51 सदस्यों वाली संघ में 50 पुरूषए 01 महिला है। चुनाव में मुख्य दो पैनल मैदान में थे। कुल 50 मत पड़े। कुल मतदान 99 प्रतिशत रहा। इसमें 49 पुरूषए 01 महिला सदस्य ने अपना मत का प्रयोग किया। ट्रक मालिक गुड्स परिवहन संघ के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारयो को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी गई। इस अवसर पर तत्कालीन अध्यक्ष राजा चौहान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चांडक को पदभार ग्रहण कराया।

## बेमेतरा पुलिस ने की अंतरजिला समन्वय बैठक

**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, सरहदी जिला कबीरधाम के अधिकारियों के साथ बेमेतरा पुलिस टीम ने चौकी दशरंगपुर में अंतरजिला समन्वय बैठक कर अवैध गतिविधियों और स्थायी वारंटियों की पता साजी हेतु एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बोडला संजय तिवारी व थाना लोहारा, पिपरिया, खम्हरिया, दाढी एवं पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारियों के साथ सार्थक चर्चा किया गया।

## निधन

### सरस्वती साहू



**बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर। नगर के कन्या शाला के पीछे निवासरत सरस्वती साहू 70 वर्ष का सोमवार सुबह निधन हो गया। वे कुछ माह से अस्वस्थ थीं। अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर रिसदा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे रविन्द्र साहू, धुरंधर साहू, महेन्द्र साहू तथा गणेशु साहू की माता थीं।

### महेशचंद्र अग्रहरि



**राजनंदगांव,** 16 अक्टूबर। वरिष्ठ पत्रकार महेशचंद्र अग्रहरि (आ.स्व. गणेश प्रसाद अग्रहरि) का आज प्रात: 6 बजे 75 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम किया गया। वे इंजी. योगेश अग्रहरि, रूपेश अग्रहरि, श्रीमती सुलभा अग्रहरि के पिता थे तथा सुरेन्द्र गुप्ता के ससुर थे वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ थे । उनका निधन परिवार के साथ ही पूरे समाज की अपूरणीय क्षति है । अग्रहरि वैश्य समाज उनके दु:खद निधन पर शोक व्यक्त करता है तथा हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा वे सुरेश चंद्र गुप्ता व राजेश गुप्ता के बड़े भाई थे। शोकसंतप्त परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### महंत योगेश्वरदास साहेब



**रायपुर,** 16 अक्टूबर। महंत योगेश्वर दास साहेब (साहू) 49 वर्ष का आज 16 अक्टूबर को आकस्मिक स्वर्गलोक गमन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गुरैदा गुंडरदेही में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में संत महंत परिवार जन ग्रामवासी शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी चार बेटियां, मां एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे रमेश कुमार साहू उत्तम कुमार साहू के छोटे भाई थे।

# बौद्ध समाज के अनुयायियों ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**खैरागढ़,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ महाबोधि बुद्ध विहार कल्याण समिति खैरागढ़ के तत्वाधान बौद्ध समाज के अनुयायियों ने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस सामूहिक रूप से एकत्रित होकर एक साथ मनाया गया। नगर के गौरवस्थली आंबेडकर चौक में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम सविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया समाज के सभी लोग एक साथ उपस्थित होकर सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना पंचशील का पाठ किया कार्यक्रम का संचालन समाज के संरक्षक मधुकर चोखाद्रे ने किया अपने उद्बोधन में कहा की बाबा साहेब आंबेडकर 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर के दीक्षाभूमि में 5 लाख अनुयायियों के साथ बौद्ध समाज की दीक्षा ग्रहण किया था। हमारा उद्देश्य है कि समाज को एकजुट किया जाए। भोजराज ऊके ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध समाज को ग्रहण किया था। समाज के लोगो को एक साथ मिलकर एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। सचिव विमल बोरकर ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बौद्ध समाज के द्वारा छात्र छात्रो को शिक्षा के लिए हमेशा प्रेरित किया जाता रहा है। 14 अक्टूबर को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध समाज की दीक्षा ग्रहण कर समाज को एक नई ऊर्जा प्रदान किया है। हम सब को मिलाकर बाबा साहेब आंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाना है।



**समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे**

शक्ति सिंह ने कहा कि नगर के आंबेडकर चौक में उपस्थित होकर सामूहिक रूप से धम्म च्रक प्रवर्तन दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया आप सभी सामाजिक कार्यकर्ता गण को बधाई व साधुवाद अध्यक्ष उत्तम बागडे ने कहा की बाबा साहेब आंबेडकर के मिशन को हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना है। समाज में सभी को मिलकर एक बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राजकुमार बोरकर,मंसाराम सिमकर,शशि रामटेके, कमलेश बोमले, यशवंत रामटेके, संत निषाद,जीतू पटेल,रमेश यदु, सचिन मेश्राम,सागर मेश्राम,गौरव मेश्राम, सुरेश चौरे,महिला अध्यक्ष कविता नागदेवे, सपना गणवीर, निवेदिता बोमले,सलिता मेश्राम, संध्या मेश्राम, पिंकी मेश्राम, मुस्कान चौरे, प्रियांशी नागदेवे सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# देवी दर्शन कर मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना

**डोंगरगढ़,** 16 अक्टूबर। नवरात्रि के दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सह परिवार यहां मां बमलेश्वरी के दरबार पहुंच विधिवत मंत्रोचार के साथ देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में जल्द दूसरी लिस्ट आने का संकेत देते हुए कहा कि जीन कांग्रेस के नेताओं का पहला लिस्ट में नाम कटा है उनका दुखी होना स्वाभाविक है पर उन प्रत्याशियों को यह बात भी याद रखनी चाहिए कि जब उनको कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया था तब भी किसी न किसी की टिकट कटी होगी। वही गिरीश देवांगन के बाहरी प्रत्याशी बताए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अगर गिरीश देवांगन बाहर के हैं तो रमन सिंह कहां के प्रत्याशी हैं। इस चुनाव में हम अपने पूरे 5 साल की योजनाओं पर जनता से वोट मांगने जा रहे हैं हमारी अधिकांश योजना किसानों से प्रेरित है। इस दौरान डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ,उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ट्रस्टी संजीव गोमास्ता, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे अध्यक्ष किरण देउरकर, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया , जनपद सभापति महेश सेन, संदीप सिंह गहरवार ,रामजी तराने, सन्नी भाटिया, ऋषि शर्मा , प्रकाश महानदी रेखा खोब्रागड़े, किरण मेश्राम अकिल कुरेशी सहित अन्य उपस्थित सहित अन्य उपस्थित थे ।



# देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तगण



**गुरुर,** 16 अक्टूबर। गुरुर नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड चौक मे इस बार विशेष रूप से नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। यह आयोजन नगरवासियों, दुकानदारों एवं नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित है। आयोजन समिति के सुमित सोनी, पुष्पक टावरी, चौलेश देशमुख, अंकुश दीवान, नंदू ,सुरेश, रूपेंद्र, डिकेश, चोवा, रोहित, प्रवीण, मुन्ना, छन्नू झा ने बताया कि न्यू बस स्टैंड चौक में पिछले 8 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमां स्थापना करते आ रहे है। नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा अष्टमी के दिन महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। इस दिन महा भंडारा की व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड में विराजित मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए आज नगरवासियों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर घर, परिवार व क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए कामना की।

# नवरात्रि में छग लोक संस्कृतिक लहर गंगा संस्था विभिन्न शहरों व गांव में देंगे अपनी प्रस्तुति





**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**16 अक्टुबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त व पुरानिक साहू द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृतिक संस्था लहर गंगा पिछले आठ वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ के पुरानी संस्कृति व परम्परा को लोक कला मंच के माध्यम से दर्शकों के बीच में दिखाते आ रहे हैं, जिसमें लोकपरंपरा से जुड़े गीत ,संगीत, गम्मत तथा जल जंगल जमीन व तिज त्योहार देश भक्ति जैसे शिक्षाप्रद कहानियां (प्रोजेक्ट) दर्शको के बीच परोसते आ रहे हैं। संस्था के प्रमुख लहर गंगा के संचालक पुरानिक साहू ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से हमारा यही प्रयास रहता है कि आज के पीढ़ी को छत्तीसगढ़ के कल्चर, त्योहार जो बरसों से हमारे पुरखों से चली आ रही परंपरा जो कहीं न कहीं आज विलुप्त हो रही है उसे बचा कर रखें। कलायात्रा से पुर्व सभी कलाकारों द्वारा दस दिनों तक कार्यशाला में प्रैक्टिस कर तैयार हुआ ताकि अच्छी से अच्छी प्रस्तुति लोगो को दिखा सके। लोक कलाकार धनेश साहू ने बताया कि हर साल की तरह भी इस वर्ष भी नवरात्री पर्व पर पुरी तैयारी के साथ लहर गंगा की कलायात्रा निकला है,चुनावी वर्ष होने के कारण प्रशासन के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए मंचीय प्रस्तुति दिया जा रहा है। इस वर्ष लहर गंगा की कलायात्रा इस प्रकार हैं, जहां प्रस्तुति करना है, उस नगर व गांव व शहर का नाम सुहेला ,चिखला माइन्स ,रामनगर भिलाई, पिथोरा ,दुर्ग दीपरापारा ,देवरी खैरागढ़ ,कुथरेल, भिथीडीह, पिथोरा सोनई डोंगरी , कांदूल (अर्जुन्दा), में कलकारों.द्वारा अपनी प्रस्तुति देंगे।

# साधकों द्वारा लिया गया नित्य ध्यान साधना व जप तप करने का संकल्प



**गुरुर,** 16 अक्टूबर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य गुरुदेव युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में चांर नवरात्रि पर्व पर दीप प्रचलित किया गया। मुख्य यजमान शंकर साहू और जोहनी साहू सभी परिजनों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। सभी साधको ने चांर नवरात्रि पर्व पर नित्य ध्यान साधना, जप तप करने का संकल्प लिया। संचालन डॉ गोपाल साहू ने किया। इस अवसर पर डॉ डीएल गंजीर, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पुनित साहू, चोवाराम धनकर, दानवीर नायक, अनुसूईया साहू, उषा गंजीर, बहुर सिन्हा, हेमबाई सिन्हा, सोनिया साहू, ढेला साहू, रमेशरी निर्मलकर, गायत्री प्रज्ञा पीठ के सभी परिजन उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण देश बुलंदियों को छू रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ आम जनों को मिल रहा है। इस बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

# कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में निकली रैली

**कवर्धा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में आयोजित स्वागत रैली में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस मे शामिल महिलाएं एवं पुरूष हाथों में तिरंगा झंडा लिए व गले में तिरंगा गमछा पहने हुए थे। रैली के दौरान कवर्धा नगर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, अकबर भाई जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे। रैली में भीड हजारो की संख्या मे शामिल थी। इससे कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन गया।

रैली की शुरूवात दोपहर लगभग 02 बजे मिनीमाता चौक से हुई। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर का स्वागत करने के लिए होड़ लग गई। मोहम्मद अकबर ने मिनीमाता की प्रतिमा पर सादर माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। रैली आगे बढ़ी तो उन्होंने पूज्य गुरू घासीदास गुरूद्वारा में जाकर वहां पूजा-अर्चना की तथा गुरूगद्दी का दर्शन लाभ प्राप्त किया। गुरूद्वारा में दर्शन के लिए पहुंचे मोहम्मद अकबर का महिलाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। रैली में शामिल लोग धुमाल और डीजे के भक्तिगीत धुन पर झूम रहें थे। रैली में शामिल लोगो की संख्या अधिक थी। रैली में जिधर देखो उधर तिरंगा झंडा नजर आ रहा है। रैली ठाकुर पारा, दर्री पारा होते हुए ठाकुर देव चौक पहुंची तो



कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने ठाकुर देव मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया। रैली जिस मार्ग से गुजरी, वहां रैली के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर महिलाएं व पुरूष उपस्थित थे। महिलाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी का आरती उतारकर स्वागत किया।

कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने गुरूनानक चौक स्थित सिख समाज के गुरूद्वारा में पहुंचकर मत्था टेका। यहां पर जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल का नारा गूंज उठा। गुरूद्वारा में प्रवेश के पूर्व सिख समाज के नागरिकों ने कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर का स्वागत किया। रैली में शामिल डीजे और धुमाल में जसगीत बज रहा था, जो कि रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ा रहा था। पुराना मंडी के पास आलम यह हो गया था कि आसपास की सारी सड़के भीड़ से खचा-खच भरी हुई नजर आ रही थी। रैली जब सिग्नल चौक पहुंची तो रैली का अंतिम छोर मिनीमाता चौक में ही मौजूद था।

सिग्नल चौक में चंद्रवंशी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। यहां पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी (नीलू) भी पहुंचे तथा रैली में शामिल हो गए। चंद्रवंशी समाज के गणमान्य नागरिक हाथों में पुष्प माला लिए हुए थे। पटाखों की गूंज के बीच उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर तथा नीलू चंद्रवंशी को पुष्प मालाओं से लाद दिया। रैली के स्वागत के लिए कांग्रेस भवन नीचे से लेकर उपर छत तक पार्टी के कार्यकर्ताओं से भरा नजर आ रहा था। यहां पर बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थीं। कांग्रेस प्रत्याशी के स्वागत के लिए यहां पर गुलाब के पखुंड़ियों की वर्षा की गई। रैली में साफ नजर आ रहा था कि कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के पक्ष में कार्यकर्ताओ ने अपना समर्थन खुलकर व्यक्त कर रहे है।

उत्साह के साथ रैली भारत माता चौक की ओर आगे बढ़ी। मोहम्मद अकबर ने मां महमाया मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर देवी मां का आर्शीवाद प्राप्त किया। जोरदार नारेबाजी के साथ रैली भारत माता चौक पहुंची। कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने भारत माता की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर भारत माता की जय का नारा लगवाया।

रैली के समापन स्थल भारत माता चौक में बहुत भीड़ नजर आ रही थी। कांग्रेस के एक कार्यकर्ता बता रहा था कि विधायक एवं कैबिनेट मंत्री के रूप में 05 वर्षो तक कवर्धा विधानसभा में किए गए विकास कार्यो और अपने सहज-सरल सौम्य व्यवहार के कारण कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर को आपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। यहां पर मोहम्मद अकबर ने सर्वप्रथम भी सभी लोगों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

# भय और भ्रष्टाचार के माहौल से कवर्धा को निकालने के लिए यह मुक्ति संग्राम: विजय शर्मा

**कवर्धा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव धीरे धीरे अपने रंग में रंगने लगा है,चुनाव प्रचार प्रसार को गति देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय शर्मा ने बरहट्टी, अमरौडी, रौचन, हाथीडोब, डंगनिया, महराजपुर सहित दर्जनों ग्रामो में संघन जनसंपर्क किया । इस दौरान ग्रामीणों ने विजय शर्मा का आत्मीय स्वागत किया । नुक्कुड़ सभाओं के माध्यम से भी विजय शर्मा ने ग्रामीणों से संपर्क किया ।



इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा विगत 5 वर्षों में चाहे कोई सरपंच हो,या व्यापारी या फिर आम आदमी सभी ने भय,दबाव और भ्रष्टाचार का जो वातावरण देखा है ,कैसे कैसे लोगो को मजबूर कर रायपुर दरबार तक बुलाया गया और जबरदस्ती कॉंग्रेस प्रवेश कराया गया सभी ने देखा और सहा है । आचार संहिता लगने के बाद ही लोगो ने चैन की सांस ली है अब बहुत से लोग वापस भाजपा में घर वापसी कर रहे है । सबकी एक ही पीड़ा है परिवार, व्यापार,नॉकरी की मजबूरी में लोगो ने भय और आतंक के माहौल में समय काटा है।

उन्होंने कहा 2023 का यह चुनाव सिर्फ विधानसभा के लिए विधायक चुनने के लिए नही है यह चुनाव कवर्धा को भय मुक्त ,विकासशील कवर्धा बनाने के लिए मुक्ति संग्राम है ।

कवर्धा की जनता ने ठान लिया है कवर्धा को अशांत माहौल देने वाले कॉंग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जहाँ से आये है वहाँ तक पहुंचा कर ही मानेंगे ।

कॉंग्रेस ने महिलाओं बुजुर्गों को ठगने का काम किया है । गरीबो के सर से आवास छिनने का काम किया है । उन्होंने व्यापक जनसमर्थन ,आत्मीय स्वागत के लिए ग्रामीणों का आभार जताया ।



**बालोद,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस नवरात्रि में भी गंगा मैया एवं बम्लेश्वरी मैय्या पद एवं सायकल यात्री हेतु भोजन एवं रुकने की निशुल्क व्यवस्था की गई है जिसमे दूर दराज बस्तर के कांकेर एवं चारामा के 32 यात्रियों का पहला जथ्था आज पहुंचा भोजन उपरांत रात्रि विश्राम कर सुबह नाश्ते कर आगे की यात्रा प्रारंभ की।

# रमन के समय किसानों के साथ होता था छलावा, चुनाव आगे तो बोनस, बाकी समय ते कौन अस: गिरीश देवांगन

**राजनांदगांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा राजनांदगांव विधान सभा के लिए उतारे गए प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने आज राज इम्पीरियल होटल में प्रेसवार्ता लेते हुए कहा कि राजनांदगांव में उद्योगों का अभाव है, मजदूरों के लिए काम नहीं है। राजनांदगांव ज्यादा तर श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है यदि हम यहां से जीत गए और हमारी कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो राजनांदगांव में नया उद्योग खोलने के लिए पहल करेंगे। सब के सहयोग से मिल जुलकर काम किया जाएगा।

नए उद्योग खोलने की बात पर पत्रकारों द्वारा पिछले चुनाव में राहुल गांधी के बीएनसी मिल चालू किये जाने तथा सीएम भूपेश बघेल द्वारा वहां जूट उद्योग खोले जाने के आश्वासन पर पूछे गए सवाल का श्री देवांगन इसका गोलमोल जवाब देते नजर आए और इसका पूरा भार केन्द्र सरकार पर डाल दिया। इसी तरह प्रदेश में शराब बंदी पर गंगाजल लेकर शपथ लिए जाने के सवाल का भी भाजपा द्वारा भ्रम फैलाए जाने की बात कही। पत्रकारो ने कांग्रेस के टिकट वितरण मे असंतोष उभरने व पार्टी के लोगों द्वारा बगावत करने के किए गए सवाल पर उन्होंने पार्टी लेबल तक उन्हें मना लेने की बात कही। कांग्रेस प्रत्याशी श्री देवांगन ने राजनांदगांव प्रभारी विजय शर्मा शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता किशन



- राजनांदगांव में नया उद्योग के लिए पहल किया जाएगा
- सब के सहयोग से करेंगे काम

खंडेलवाल, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी, मेहुल मारू,जितेन्द्र मुदलियार, शाहिद भाई, निखिल द्विवेदी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता शर्मा, उत्तर-दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, आफताब आलम, मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, अमित चंद्रवंशी,आदि की उपस्थिति में कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है। प्रथम चरण में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने है। कांग्रेस ने उसे उम्मीदवार के रूप में उतारा है। मैने राजनांदगांव आते ही कांग्रेस संगठन के सभी लोगों से बैठके ली है। जिसमें सभी उपस्थित थे। जिनका कहना है कि इस समय यहां से कांग्रेस को जीताना है। क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में किसान, मजदूर, सिंचाई, बिजली, राजीव गांधी योजना के तहत मजदूरों के लिए काम शिक्षित बेरोजगारों को 25 सौ रूपए भत्ता देने का काम हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में धनवंतरि मेडिकल, मोबाइल चिकित्सालय, दाई-दीदी क्लीनिक चलाया गया है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति रहन-सहन, तीज-त्यौहार को प्रोत्साहित किया गया है।

श्री देवांगन ने कहा कि इसके बाद भी पत्रकारों द्वारा पूछा जा रहा है कि 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के सामने चुनाव लडऩा है ? इस पर उन्होंने कहा कि 15 साल तक राजनांदगांव में विकास की हुई उपेक्षा को लेकर वे जनता के पास जाएंगे । यह मेरा मामा गांव है। मै यहां आते-जाते रहा हूँ। यहां उद्योगों का अभाव है। पहले एक बड़ा उद्योग चलता था। यहां श्रमिक बहुल इलाका होने से यहां मजदूरों के लिए कोई काम नहीं है। यह डॉ. रमन सिंह के विजन को बताता है कि राजनांदगांव को किस तरह उपेक्षित किया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी श्री देवांगन ने कहा कि केवल बड़े-बड़े निर्माण करके विकास नहीं किया जा सकता। उन्होंने साथ यह भी कहा कि 2018 में रायगढ़ में डॉ. रमन सिंह ने अपने साथियों से कहा था कि कमीशन खोरी बंद कर दो। किसानों ने डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में आत्महत्या की है। उनके कार्यकाल में गर्भाशय कांड अंखफोडवा कांड, पनामा पेपर लीक, चिटफंड कांड हुए है। जगह-जगह आफिस खोल कर छत्तीसगढ़ की जनता को लूटा गया है। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को उखाड़ फेका था। वे राजनांदगांव की जनता का विश्वास हासिल कर जीत दर्ज करेंगे। पत्रकारों द्वारा डॉ. रमन सिंह पर लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस ने चार साल में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की इस पर श्री देवांगन ने कहा कि हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी।

# निर्वाचन अभ्यर्थियों के जीरो बैलेंस पर बैंक खाता खोले राशि जमा-निकासी का ब्यौरा प्रतिदिन दें: कलेक्टर

**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्चायड टीम (एफएसटी) लीड बैंक ऑफिसर (एलबीओ) और आयकर अधिकारी (आईओ) और एक्साइज दल की संयुक्त बैठक ली। जिसमें उपस्थित जनों को निर्वाचन के दौरान की जाने वाली कार्यवाही व उनके क्षेत्राधिकार से अवगत कराया गया। उन्होंने लीड बैंक ऑफिसर को प्रत्याशियों के ज़ीरो बैलेंस खाता खोलने कहा और प्रतिदिन जमा-निकासी राशि का ब्यौरा संबंधी व्यय शाखा में देने कहा।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर 2023 (शनिवार) को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर (सोमवार) है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर (सोमवार) है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर (मंगलवार) तथा अभ्यर्थियों की नाम



वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर 2023 (गुरुवार) तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 (शुक्रवार) को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 (रविवार) को निर्धारित की गई है।

कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल्मा ने एफएसटी दल को बताया कि चेकिंग के दौरान संदेहास्पद प्राप्त राशि (कैश) और वस्तु (पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री, मदिरा, ड्रग्स इत्यादि) पाये जाने की स्थिति में जो मतदाता को प्रलोभित करने की श्रेणी में आएगा, उसकी जप्ती कर आवश्यक कार्रवाई करना दल की जिम्मेदारी होगी।

पुलिस अधिक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन के दौरान के मतदाता को डराने या उन्हे अवैध रूप से धन राशि, शराब या अन्य कोई उपहार देकर प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिले की सीमाओं नाको पर एस एस टी दल चौबीस घण्टे पर ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए है। साथ ही वाहनों की सघन जांच कर अवैध धन राशि शराब व उपहार जब्त करने की कार्यवाही दल पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। इसके अलावा एफएसटी टीम भी छापा मारकर कार्यवाही करें। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर सी. एल मार्कण्डेय, एस डी एम सुरूची सिंह सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी सहित लीड बैंक मैनेजर आयकर अधिकारी उपस्थित थें।

इस अवसर पर आयकर विभाग से आए हुए अधिकारियों ने बताया कि 10 लाख के ऊपर की धनराशि यदि कोई व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा है तो उस स्थिति में एफएसटी टीम को त्वरित कार्रवाई करते हुए, वीडियो बनवाना है। इसके साथ ही कार्यवाही का विवरण भी तैयार करना है। इसके पश्चात आयकर विभाग को सूचना देनी है। इसके साथ ही उन्होंने कैश लाने ले जाने के सम्बंध में अन्य जानकारियां भी उन्हें उपलब्ध करायी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि निर्वाचन के लिए प्रलोभन वाले सामग्री या राशि पर ही दलों को नजर रखनी है। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित हो इसके लिए सभी को निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो भाजपाई हुए शामिल

**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो भाजपाई राजनांदगांव विधानसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के भाजपाई 50 से अधिक गाड़ियों के काफिले से राजनांदगांव पहुंचे। यहां भाजपा नेता योगेश ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण देश बुलंदियों को छू रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ आम जनों को मिल रहा है। इस बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



- भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में 50 गाड़ियों के काफिले में रवाना हुए थे कार्यकर्ता

# मतदाता जागरूकता एवं निर्भीकता से मतदान देने के लिए दिया जा रहा प्रोत्साहन

- ग्राम वासियों को नशा मुक्ति के खिलाफ, सायबर ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों से बचने हेतु दिया जा रहा सुझाव

**बेमेतरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में बेमेतरा पुलिस के द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में आत्मविश्वास बढाने के उपाय किये जा रहे है। इस हेतु जिले के अंतर्गत समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में चलित थाना का आयोजन कर सीधे मतदाताओं से रूबरू होकर निर्भिक होकर मतदान करने, किसी प्रलोभन से बचने, निष्पक्ष मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा चलित थाना लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है जिसमें राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा 51 ग्रामों एवं थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा 94 ग्रामों में कुल 145 ग्रामों में चलित थाना लगाकर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया है। साथ ही चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी गतिविधियों की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सुचित करने समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 जारी किया गया है। जिसमें अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा वगैरह के संबंध में प्राप्त सुचनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में अपराध पर अंकुश लगाने व आम जनों को पुलिस से जोडने और समस्याओं के निराकरण एवं आम जनता अपनी शिकायत जो सार्वजनिक रूप से थाने में आकर नही करना चाहते है उसके लिए समाधान के रूप में समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 जारी कर विशेष पहल करते हुए समाधान सेल का गठन किया गया है। जिसमें कोई भी व्यक्ति, पुरूष, महिला, बच्चे, सिनियर सिटीजन सभी व्हाट्सएप के माध्यम से या फोन कर बेझिझक अपनी समस्या/शिकायतों, अवैध कारोबारियों



के संबंध में सूचना दे सकते है। जिसमें समाधान हेल्पलाईन नंबर में शिकायत करने और सूचनाएं देने वालो का नाम गोपनीय रखी जा रही है। गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसलिए इस समाधान नंबर पर काफी लोगों ने अपनी समस्या को बताने में, अवैध कार्य को बताने में इसका उपयोग कर रहे हैं और खुशी है हमें इस बात कि जिस उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस ने समाधान के रूप में समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 जारी किया वह सार्थक हो रहा है जनता विश्वास कर अपनी समस्या/शिकायतों, अवैध कारोबारियों के संबंध में सूचना दे रहे हैं, और कार्यवाही की जानकारी समाधान हेल्पलाईन नंबर पर ही 10 से 20 मीनट के भीतर दी जाती है। तथा कुछ शिकायतो में 7 से 10 दिनों के भीतर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा चलित थाना लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है बेमेतरा जिले के राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा 51 ग्रामों एवं थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा 94 ग्रामों में कुल 145 ग्रामों में चलित थाना लगाकर ग्रामवासियों को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आने वाला समय अभी चुनाव का है हमें अपनी भागीदारी देनी है आप लोग जितने भी 18 वर्ष से उपर आयु के है वें सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें और जिस दिन मतदान होना है उस दिन अपना सब काम छोड कर मतदान करें। किसी के प्रलोभन में न आये। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। महिलाओ पर हो रहे अपराध, सेल्फ डिफेंस एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने, परिवार गांव समाज को नशा मुक्त बनाने एवं देश के विकास में सहयोग प्रदान करने, नशे के कारणों व उनसे व्यक्ति व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव व नशे की लत से मुक्ति के उपाय विषय पर सार्थक चर्चा परिचर्चा किया गया तथा युवाओ को नशे से दूर रहने समझाईस दिया गया। ग्रामवासियों को किसी भी अज्ञात व्यक्ति के फोन कॉल पर विश्वास न करने, किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपना बैंक से संबंधित कार्ड डिटैल, ओटीपी, पिन, पासवर्ड न बताने के संबंध में बताकर लोगो को जागरूक व यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों से गांव के समस्या संबंधी चर्चा कर, आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्र का भ्रमण निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन करने निर्देश दिया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश ने बालक और बालिका वेस्ट जोन हॉकी चैम्पियनशिप जीती

## बालिका वर्ग में छत्तीसगढ और दादर नागर हवेली रही उपविजेता वेस्ट जोन सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शानदार समापन

**राजनांदगांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हॉकी मध्यप्रदेश ने बालक वर्ग के खेले गए फायनल मैच में दादार नागार हवेली दामन एवं डिव हॉकी को 8-1 गोल से आसानी से पराजित करते हुए प्रथम वेस्ट जोन सब जूनियर बालक बालिका चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश ने ही मेजबान छत्तीसगढ हॉकी को 3-1 गोल से हराकर विजेता बनी छत्तीसगढ को उपविजेता पर संतोष करना पडा। बालक वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए संघर्षपूर्ण मैच मे मेजबान छत्तीसगढ मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 1-0 गोल से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में सडनडेथ में 4-3 गोल से हराया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्वर्ण,रजत,कांस्य पदक के साथ ही अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी श्री भुपेन्द्र कुलदीप राजिस्ट्रार हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग, के मुख्यआतिथ्य में श्री अंजुम अल्वी मैनेजिंग डायरेक्टर एबीस ग्रुप,की अध्यक्षता में तथा श्री दिनेश कुमार नामदेव डॉयरेक्टर स्पोटर्स हेमचंद यादव यूनिर्सिटी दुर्ग, नीरज बाजपेई ,डायरेक्टर एन.बी.ग्रुप ऑफ स्कूल,सोनल बाजपेई, डायरेक्टर एन.बी.ग्रुप ऑफ स्कूल, रेखा पदम पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वालीबाल खिलाडी,के विशिष्ठ आतिथ्य में वितरित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि ने अपने उघबोद्धन में कहा यहां उपस्थित सभी सम्मानिय वरिष्ठजनो का मै स्वागत करता हूॅ यह राजनादगांव के लिए गौरव की बात है कि विगत 6 माह 2 बार इस प्रकार के आयोजन करने खिलाडियों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता आ रहा इस प्रकार के आयोजन कराने के लिए मै हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी को साधुवाद देता हु अध्यक्षता कर रहे श्री अंजुम अल्वी जी ने अपने उद्धबोधान में कहा कि राजनांदगांव पुरे विश्व में की नर्सरी के नाम से जाना जाता है यहं के खिलाडियों में हॉकी के प्रति एक अलग ही जूनून देखने को मिलता है मै उमीद करता हूॅ की आने वाले समय में यहा से अनेक राष्टीय एवं अंतर्राष्टीय हॉकी खिलाडी निकलेगें जो शहर एवं प्रदेश का नाम रौशन करेगें।

इस अवसर पर श्री फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री भुषण सॉव,सचिव आयोजन समिति,, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी अजय झा, प्रकाश शर्मा, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, श्री गणेश प्रसाद शर्मा, देवेन्द्र ठाकुर खेल अधिकारी, सहायक संचालक ए.एक्का, मृणाल चौबे अंतर्राष्टीय हॉकी खिलाडी, श्री अन्सार अहमद, अध्यक्ष जिला हॉकी संघ दुर्ग, श्री अनुराज श्रीवास्तव, श्री अशोक मेहरा, श्री योगेश द्विवेदी, सुश्री ऑशा थॉमस, श्री अमित माथुर, श्री हनिफ़ कुरैशी, श्री सचिन खोब्रागडे, श्री शकिल अहमद, श्री विकास वैष्णव, श्री अरूण श्रीवास्तव शब्बीर सोलंकी,चन्द्रहास साहू, राजेश निर्मलकर, अभिनव मिश्रा, अनिश रज़ा,दिलीप रावत,किशोर धीवर






तरणदीप सिंह अरोरा, सुखदेव निर्मलकर,हारून खान, आदि उपस्थित थे।

अंतर्राष्टीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही प्रथम वेस्ट जोन सब जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रात: खेले गए बालिका वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को रोमांचक व संघर्षपूर्ण मुकाबले में पैनाल्टी शूटआउट के जरिए 3 के मुकाबले 4 गोल से पराजित किया दोनो ही टीमें निर्धारित समय तक 1-1 गोल की बराबरी पर थी राजस्थान की ओर से 2रे मिनट में गुडडी ने गोल किया था वही महाराष्ट्र की ओर से 5वे मिनट में स्नेहाल अशोक गाढवे ने गोल अपनी टीम को बराबरी पर लाया था जिसके पश्चात् निर्णय पैनाल्टी शूटआउट से लिया गया बालक वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेला गया मैच काफी उतार चढाव भरा रहा जिसमें मेजबान छत्तीसगढ चौथे मिनट में लवि मानिकपुरी के द्वारा किए गोल से बढत बनाई थी जो कि मैच समाप्ति तक यही स्थिति रही मेजबान छत्तीसगढ तीसरे स्थान पर व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रही प्रतियोगित का फायनल मैच भी आज खेला गया जिसमे बालिका वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ को रोमांचक मुकाबले में 1 के मुकाबले 3 गोल से पराजित करते हुए विजेता बनी मध्यप्रदेश कि ओर से सुजाता जयंत कनकपाल व तन्वी ने एवं छत्तीसगढ की ओर से मधु सिदार ने गोल किए मेजबान छत्तीसगढ को उपविजेता रहते हुए रजत पदक से संतोष्ठ करना पढा बालक वर्ग के बालक वर्ग से फायनल मैच में अपने अनुभव का लाभ लेते हुए मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने दादार एवं नागार हवेली दमन एवं डिव को 1 के मुकाबले 8 गोल से असानी से हराकर चैम्पियशिप बनी। मध्यप्रदेश की ओर से आशिर आदिल खान ने हैट्रिक लगाते हुए 6 गोल किए सिद्धार्थ

बेन व लव ने 1-1 गोल किया दादार नागार हवेली की ओर से अंतिक शर्मा ने गोल किया

इस अवसर पर श्री फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री भुषण सॉव,सचिव आयोजन समिति,, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी अजय झा, प्रकाश शर्मा, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, श्री गणेश प्रसाद शर्मा, देवेन्द्र ठाकुर खेल अधिकारी, खेल विभाग के सहायक संचालक ए.एक्का, मृणाल चौबे अंतर्राष्टीय हॉकी खिलाडी, श्री अन्सार अहमद, अध्यक्ष जिला हॉकी संघ दुर्ग, श्री अनुराज श्रीवास्तव, श्री अशोक मेहरा, श्री योगेश द्विवेदी, सुश्री ऑशा थॉमस, श्री अमित माथुर, श्री हनिप कुरैशी, श्री सचिन खोब्रागडे, श्री शकिल अहमद, श्री विकास वैष्णाव, श्री अरूण श्रीवास्ताव शब्बीर सोलंकी,चन्द्रहास साहू, राजेश निर्मलकर, अभिनव मिश्रा, अनिश खान, तरणदीप सिंह अरोरा, सुखदेव निर्मलकर,हारून खान, आदि उपस्थित थे।

अंतर्राष्टीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही प्रथम वेस्ट जोन सब जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रात: खेले गए बालिका वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को रोमांचक व संघर्षपूर्ण मुकाबले में पैनाल्टी शूटआउट के जरिए 3 के मुकाबले 4 गोल से पराजित किया दोनो ही टीमें निर्धारित समय तक 1-1 गोल की बराबरी पर थी राजस्थान की ओर से 2रे मिनट में गुडडी ने गोल किया था वही महाराष्ट्र की ओर से 5वे मिनट में स्नेहाल अशोक गाढवे ने गोल अपनी टीम को बराबरी पर लाया था जिसके पश्चात् निर्णाय पैनाल्टी शूटआउट से लिया गया बालक वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेला गया मैच काफी उतार चढाव भरा रहा जिसमें मेजबान छत्तीसगढ चौथे मिनट में लवि मानिकपुरी के द्वारा किए गोल से बढत बनाई थी जो कि मैच समाप्ति तक यही स्थिति रही मेजबान छत्तीसगढ तीसरे स्थान पर व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रही प्रतियोगित का फायनल मैच भी आज खेला गया जिसमे बालिका वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ को रोमांचक मुकाबले में 1 के मुकाबले 3 गोल से पराजित करते हुए विजेता बनी मध्यप्रदेश कि ओर से सुजाता जयंत कनकपाल व तन्वी ने एवं छत्तीसगढ की ओर से मधु सिदार ने गोल किए मेजबान छत्तीसगढ को उपविजेता रहते हुए रजत पदक से संतोष करना पढा बालक वर्ग के बालक वर्ग से फायनल मैच में अपने अनुभव का लाभ लेते हुए मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने दादार एवं नागार हवेली दमन एवं डिव को 1 के मुकाबले 8 गोल से असानी से हराकर चैम्पियशिप बनी। मध्यप्रदेश की ओर से आशिर आदिल खान ने हैट्रिक लगाते हुए 6 गोल किए सिद्धार्थ बेन व लव ने 1-1 गोल किया दादार नागार हवेली की ओर से अंतिक शर्मा ने गोल किया

प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैच ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में हॉकी महाराष्ट्र की वैश्नवी शिवनाथ को फायनल मैच में मध्यप्रददेश की कनकपाल को व बालक वर्ग में छत्तीसगढ हॉकी के लवी मानिकपुरी को व फायनल मैच में आशिर आदिल खान को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया वही अतिथियों को भी आयोजन समिति की ओर से हॉकी स्टीक स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया गया। मृणाल चौबे अंतर्राष्टीय हॉकी खिलाडी ने आयोजन का संचालन व श्री फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी ने आभार व्यक्त किया।

# रमन सिंह चाऊंर वाले बाबा नहीं, दारू वाले बाबा है

**राजनांदगांव,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अम्बेडकर) के राष्टीय उपाध्यक्ष डॉ. गोजूपाल ने पत्रकार वार्ता में रमन सिंह एवं चुनाव आयोग व राजनांदगांव के विकास में प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में 15 सालों में भ्रष्टाचार रूपी सरकार को चलने का कीर्तिमान हासिल तो किया पर छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को स्वप्न दिखाकर परदेसियों को मालामाल कर दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि राजस्थान और बड़े उद्योग घराने में जो राजनांदगांव के सबसे बड़े उद्योग समूह के रूप में पहचान बनी है, वहां आखिर किसका संरक्षण है क्या वजह है, जो डॉ. रमन सिंह उद्योगपति को अपने बाजू में बैठा लेते थे। डॉ. रमन सिंह इस बात को पहले बेहतर जानते थे कि जनता को तो जब चाहे ठग लिया जाए। 15 साल के शासनकाल के पश्चात् बनाई गई सड़क आज तक नजर नहीं आती। क्या हर 5 साल में सड़के बनाई जाती है और 15 साल में अगर उन्होंने बनाई तो 15 साल की है, कई जगह अपने परिजनों को लेकर उद्घाटन करने का काम चिटफंड कंपनियों को संचालित करने के लिये किया और चिटफंड कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उनके रिजन फीता काटते रहे और अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई कर पैसा लोगों ने डॉ. रमन सिंह के परिजनों के विश्वास पर डाला था कि जब प्रदेश का मुखिया का परिवार अगर किसी चीजों का उद्घाटन कर रहा है तो निश्चित् रूप से वह फर्जी नहीं हो सकती, पर लोगों की गाढ़ी कमाई की राशि करोड़ों रूपए लेकर कंपनियां भाग गई और उनके पुत्र के खिलाफ और राजनांदगांव के पूर्व सांसद मधुसुदन के खिलाफ थानों में मामलें दर्ज किए गए। भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा कारण रहा, जिसमें डॉ. रमन ने छत्तीसगढ़ की जनता को हर स्तर पर चलने का काम किया। धान का बोनस भी उन्होंने नहीं दिया था। डॉ. पाल ने आगे कहा कि राजनांदगांव का विकास नहीं, विनास आ है। राजनांदगांव वर्तमान में शिक्षा माफिया, हवाला माफिया एवं शराब माफिया के चुंगल में है।



**भाजपा के रमन सिंह ने मोबाइल और बॉयोडीजल के नाम से छत्तीसगढ़ियों को ठगाः डॉ. गोजूपाल**

राजनांदगांव को इन माफियों से बचाना है। 14 साल के रावण राज के बाद राम राज्य में रमन सिंह अदृश्य हो गये हैं। इस चुनाव में जमींनी हकीकत पता चल जाएगा। हम चुनाव जीतनें नहीं हराने आये हैं। विकास का मार्ग जनता को दिखानें आये हैं। इस चुनाव में हम कुछ मांग लेकर जनता के बीच जाएंगे तथा जनता को जगाएंगे, वोट के महत्व को समझाएंगे, वोट को बेकार न करें।

# देवी दर्शन करने वाले पदयात्रियों के सेवा के लिए लगा अग्रवाल सेवा मंडल का पंडाल

**डोंगरगढ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व विख्यात मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन हेतु पदयात्रियों की संख्या में इस साल वृद्धि देखी जा रही है रायपुर बिलासपुर से भी श्रद्धालु डोगरगढ़ मां बमलेश्वरी दर्शन के लिए जा रहे हैं। पदयात्रियों की सेवा के लिए अग्रवाल सेवा मंडल के द्वारा विगत कई वर्षों से सेवा पंडाल लगाया जाता है जिसमें पद यात्रियों के रहने खाने नाश्ते फलाहारी एवं दवाइयो की व्यवस्था रखा जाता है। अग्रवाल सेवा मंडल के सदस्य प्रहलाद रूंगटा ने बताया कि इस बार भी शारदीय नवरात्रि मे सेवा पंडाल 15 अक्टूबर से ही प्रारंभ हो गया है जिसमें श्रद्धालुओं के लिए सारी व्यवस्था रखी गई है। श्रद्धालुओं के लिए रहने खाने नाश्ता और मेडिकल जैसी सुविधाएं उन्हें प्रदान किया जा रहा है कल और आज में लगभग 1500 से 2000 श्रद्धालु सेवा का लाभ लेकर माता दर्शन के लिए निकल चुके हैं। इस सेवा पंडाल में लायंस क्लब मीडटाउन एवं अग्रवाल महिला मंडल का भी विशेष सहयोग है लायंस क्लब के सदस्य ने बताया कि माता के भक्तों की सेवा करने से विशेष अनुभूति होती है और इस कार्य के लिए लायंस क्लब जाना जाता है। साथ ही श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था पंडाल से ही लगे शंकर होटल में किया गया है जो कि प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है और अपनी सेवाएं देते हैं।



# नवरात्रि में शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा

**डोंगरगढ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड के ग्राम पंचायत पनियाजोब मैं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम के शीतला माता चौक में शीतल मां का विधिवत पूजन अर्चन कर प्राण प्रतिष्ठा की गई उक्ताशय की जानकारी देते हुए ग्राम के डालेस नेताम बताया कि ग्राम पनियाजोब

के समस्त ग्रामीण के सहयोग से ग्राम में नवरात्रि के पहले दिन शीतला माता की प्रतिष्ठा की गई इसके पूर्व ट्रैक्टर को सजाकर उसमें माता की मूर्ति को रखकर ग्राम की माता बहनों द्वारा सर पर कलश धारण कर माता शीतला को पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया तत्पश्चात वापस शीतला चौक पहुंचकर माता की विधिवत पूजन अर्चन कर प्राण प्रतिष्ठा कराई गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण



# शेरू बने कमेटी के नए सदर

डोंगरगांव, **16 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय जामा मस्जिद में बीते** दिनों रजा ए इत्तेहाद कमेटी की बैठक का आयोजन कर सदर और सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। कमेटी के सदस्यों ने गहन विचार विमर्श के बाद अशफांक तंवर शेरू को सदस्य बनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर कमेटी के 50 सदस्यों का भी चयन किया गया। श्री तंवर के सदस्य बनने से जमात के लोगों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। लोगों ने उन्हे बधाई दी है। इस मौके पर इकराम तंवर, शहीद भाई, शेख रमजान, डां. बशीर खान, रिजवान, वाशिम, साजिद, नियाजुद्दीन, महमूद हसन, शकील खत्री, अजीर तंवर, अब्दुल कसाब, शेख रहीम कसाब आदि मौजूद थे।



# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में नही हुई है किसी प्रकार की गड़बड़ी

- लिपकीय त्रुटि से हुआ अंकों का गलत उल्लेख : जिला शिक्षा अधिकारी
- जानकारी मिलते ही तत्काल संशोधित आदेश किया गया जारी

**बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के संबध में भ्रामक प्रकाशित समाचारों को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस संबध में जिला शिक्षा अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट ली है। जांच रिपोर्ट में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा उक्त खबरों को सिरे से नकारते हुए भूलवंश लिपकीय त्रुटि से हुई गलती बताया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने इस संबध में विस्तृत जानकारी दी हैं।

उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम समिति जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिले के व्याख्याता (गणित) विषय का साक्षात्कार 20 सितंबर 2023 को तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा लिया गया। जिसमें आवेदकों को अंक प्रदान किये गए।6 अक्टूबर को जारी गणित विषय की प्रावीण्य सूची में निम्न टंकन त्रुटियों के संज्ञान मे आने के पश्चात् त्रुटि सुधार कर पुन: संशोधित प्रावीण्य सूची 6 अक्टूबर को तत्काल जारी की गई जो कि विस्तृत में निम्नानुसार है। नेहा साहू, शाला-कसडोल, विषय गणित (व्याख्याता) को 6 अक्टूबर को जारी प्रावीण्य सूची में साक्षात्कार का 20 प्रतिशत मे से 23.66 अंक मुद्रित पश्चात् टंकन त्रुटिवश जारी हुई। इसमे तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों द्वारा समस्त अभ्यार्थियों को अंक प्रदान किये गए है लेकिन टंकन त्रुटिवश नेहा साहू को साक्षात्कार दल के चौथें विशेषज्ञ का त्रुटिवश अंक 20 मुद्रित हो गये है और औसत की त्रुटि युक्त गणना इस प्रकार की गई। ए त्रुटि युक्त गणना (15,17,19,20)/3 = 71/3 = 23.66 हो गया था। बी सही गणना (15,17,19,00)/3 = 51/3 =17 है। बाकि समस्त अभ्यार्थियों को भी चौथें साक्षात्कार विशेषज्ञ उपलब्ध नही होने के कारण प्रपत्र में चौथे विशेषज्ञ का अंक शून्य मुद्रित है। क्योंकि चौथा विशेषज्ञ साक्षात्कार दल में शामिल ही नही था बल्कि तीन साक्षात्कार विशेषज्ञों के द्वारा ही संपन्न किया गया है। अत: नेहा साहू को प्रदत्त चौथे साक्षात्कार विशेषज्ञ के कॉलम में मुद्रित अंक को दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् शून्य मुद्रित कर संशोधित प्रावीण्य सूची जारी की गई जिसमे चयनित अभ्यर्थी प्रभावित नही हुए है। इसी प्रकार मिताली स्वर्णकार, शाला-निपनिया, विषय-गणित व्याख्याता का स्नातकोत्तर में प्राप्त 65.2 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना में 29.70 प्रतिशत लिया गया। जबकि सही गणना 26.02 प्रतिशत होता है।

इस प्रकार कुल योग 68.34 के स्थान पर 64.72 प्रतिशत सही गणना पश्चात् हुआ एवं प्रावीण्य सूची में पूर्व में चौथे स्थान पर थी संशोधन पश्चात् पांचवे स्थान पर आ गई। मिताली स्वर्णकार की ही 2ठ-विरेन्द्र दास, शाला निपनिया, विषय-गणित (व्याख्याता) भांति इनका भी स्नातकोत्तर मे प्राप्तांक 64.4 प्रतिशत का 40 प्रतिशत त्रुटियुक्त गणना के कारण 34.96 प्रतिशत लिया गया जबकि सही गणना में 25.75 प्रतिशत होता है। इस प्रकार विरेन्द्र दास की संशोधन से पूर्व कुल योग 76.35 प्रतिशत होने के कारण प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान होने के कारण चयनित हो गये थे लेकिन त्रुटि संज्ञान मे आने पर दस्तावेजी परीक्षण पश्चात् सही गणना किये जाने पर कुल योग 71.94 के बजाय 67.14 प्रतिशत हुआ एवं संशोधित प्रावीण्य सूची में विरेन्द्र दास पांचवे स्थान पर आये तथा यतिशा चौधरी का संशोधित प्रावीण्य सूची में अधिकतम 71.94 प्रतिशत होने के कारण प्रथम स्थान में चयन हुआ। इस प्रकार त्रुटि संज्ञान में आने पर संशोधित प्रावीण्य सूचीं एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर तत्काल 6 अक्टूबर को जारी की गई जिसे से कुछ लोगो द्वारा विडियो क्लिपींग वायरल कर दिगभ्रमित कर जिला स्तरीय समिति की छवि एवं विभाग की भी छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया एवं शिक्षक भर्ती मे गड़बड़ी मुख्य शीर्षक से समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के प्रकाशन से पूर्व ही समिति द्वारा त्रुटि की पहचान कर संशोधित प्रावीण्य सूची लोगों की जानकारी हेतु एनआईसी के माध्यम से इंटरनेट पर जारी की गई है।

# नवरात्रि, दुर्गा विसर्जन, दशहरा, दीपावली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पुलिस थाना कसडोल में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी दुर्गा समिति, पत्रकार, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आगामी दुर्गा विसर्जन, दशहरा एवं दीपावली जैसे पर्व खुशी से मनाए जाने में किसी तरह व्यवधान न हो चुनाव आचार सहिंता का कड़ाई से पालन हो। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाउड स्पीकर बजाने की अनुमति की भी जानकारी दी गई।

बैठक में बताया गया है कि नगर में विशेष आयोजन के लिए एसडीएम से अनुमति लेना आवश्यक है। सभी दुर्गा समिति के सदस्यों ने दुर्गा विसर्जन के सम्बन्ध में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि परंपरागत रूप से सभी समितियों का प्रतिमा अजगर चौंक पर एक जगह उपस्थित होंगे फिर एक साथ प्रस्थान कर शाम 6 बजे तक अनिवार्यत: विसर्जित किया जावेगा। सभी सदस्यों ने कसडोल नगर में गरबा कार्यक्रम न करने सम्बंधित निर्णय से पुलिस प्रशासन को जानकारी देते हुए कुछ लोगों द्वारा पहले सहमति देकर बाद में उल्लंघन करते हुए गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिए जाने का पूरे नगर द्वारा विरोध किए जाने की जानकारी दी गई और पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि नगर की एकता कायम रखने नगर विरोधी कार्यक्रम पर रोक लगाने अनुमति न दिया जाय। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी लखेश केंवट ने नगर की जानभावना का सम्मान हेतु, पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर महोदय को इस बात की जानकारी तत्काल दूंगा ताकि आने वाले समय में किसी तरह की विवाद की स्थिति न आये। अंत में शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं लोगों की उपस्थिति व सहयोग के लिए थाना प्रभारी ने आभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर सभी दुर्गा समिति के सदस्यो, पत्रकारों बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# हसुवा का अविश्वास प्रस्ताव कोरम के अभाव में हुआ स्थगित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत हसुवा के सरपंच श्रीमती रामेश्वरी गोरेलाल साहू के खिलाफ विपक्षी पंचो ने कुछ दिन पूर्व जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल पहुँचकर अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया था। जिसपर 16 अक्टूबर को निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार कसडोल द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हेतु तिथि निर्धारित किया गया था। तय समय पर निर्वाचन दल ग्राम पंचायत हसुवा पहुंचे और प्रक्रिया प्रारम्भ किए। सरपंच पक्ष के लोग समय पर उपस्थित हुए किन्तु अपनी संभावित हार को देखते हुए विपक्षी लोग उपस्थित नहीं हुए। इस प्रकार शिकायतकर्ता पक्ष का उपस्थित न होना चर्चा का विषय बना रहा।

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/421/तह./वा./23
सिमगा, दिनांक 03.10.2023
रा.प्र.क्र./ब/121/2022-2023
ग्राम किरवई प.ह.नं.11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुरपत देवांगन पिता दुकलहा राम देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम दामाखेडा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका दुरपत देवांगन पिता दुकलहा राम देवांगन जाति कोष्टा के नाम पर ग्राम किरवई प.ह.नं. 11 स्थित भूमि ख.नं. 1492 रकबा 0.07 हे. लगान 0.40 की भूमि कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। जिसका किसान किताब कहीं गुम हो गया है काफी खोजबीन पश्चात नहीं मिला। आवेदिका को खाद बीज दवाई इत्यादि कार्यों के लिए किसान किताब की आवश्यकता पड़ती है तथा परेशानी हो रही है, आवेदिका को द्वितीय किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के बी-1 खसरा, शपथ पत्र, नो ड्यूज प्रमाण पत्र, की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 19.10.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 202309112500051
ब/121, वर्ष 2022-2023
आरंग दिनांक .........
ग्राम आरंग, प.ह.नं. 29

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओवदक हेमलाल साहू पिता विष्णुराम साहू काश्तकार निवासी ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 1111/4, 1111/5, 1111/6 का रकबा क्रमशः 0.140, 0.140, 0.14 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 0.420 हे. भूमि खातेदार हेमलाल पिता विष्णुराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में अभिलिखित है। आवेदक का मूल किसान किताब कहीं गुम होने पर आवेदक को खाद, बीज एवं अन्य कृषि विकास कार्य में असुविधा होने पर आवेदक द्वारा डुप्लिकेट किसान किताब की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा एवं शपथ-प्रपत्र पेश किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक के आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति या बैंक संस्था को आपत्ति दावा हो तो दिनांक 06.11.2023 को अपना आपत्तिदावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार आरंग

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**महासमुंद जिला महासमुंद (छग)**
**ईश्तहार**
**क्रमांक/845/वा-1/अविअ/2023**
**ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04**
**ह्दयलाल पिता चैनसिंग निवासी ग्राम गढ़सिवनी तहसील व जिला महासमुंद (छग) आवेदक**
**विरूद्ध**
**छग शासन अनावेदक**

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04 तहसील व जिला महासमुंद (छग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक ह्दयलाल साहू पिता चैनसिंग निवासी ग्राम गढ़सिवनी तहसील व जिला महासमुंद (छग) द्वारा ग्राम गढ़सिवनी प.ह.नं 04 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1593 रकबा 0.530 हे. भूमि को कृषि भिन्न मद औद्योगिक प्रयोजन में पुननिर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर,दावा,आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

सील अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) महासमुंद

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र......ब/ 121 वर्ष 2022-23
ग्राम- कुकदा प.ह.नं. 33

एतद द्वारा साधारण को के द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक दयालदास चतुर्वेदी पिता अंजोरदास चतुर्वेदी निवासी ग्राम कुकदा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम कुकदा प.ह.नं. 33 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/12, 225/7, 494/2, 497/12, 752/1/ग 752/1/घ/1 752/1/घ/2, 953/2. 1012/2 रकबा क्रमश: 1.214, 0.417, 0.146. 0.200, 0121, 0.051, 0.050, 0.315, 0.012 हे. कुल खसरा नंबर 09 योग रकबा 2.526 हे राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि के लिए पूर्व में प्रदत्त भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (किसान-किताब) अपराध कमांक 145/2015 शासन बनाम कोमल चंद कोशले के प्रकरण में जप्त किया गया है। अत: द्वितीय प्रति भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय मं विचाराधीन है। तथा दिनांक 25/10/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 20/10/23 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्हार आज दिनांक 09/10/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील नायब तहसीलदार भाटापारा

प्रादेशिकी
महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

उल्टा पुल्टा

पति- आजकल न तुम शराब पीने से मना करती हो, न सिगरेट पीने से क्या सारी शिकायतें खत्म।
पत्नी- नहीं, इंश्योरेंस वाला परसों ही इसके फायदे बताकर गया है।

## संपादकीय

### प्रेशर-म्युज़िकल हॉर्न बैन हों

पिछले कुछ वर्षों से मोटर साइकिलों पर प्रेशर और म्युज़िकल हॉर्न का चलन बढ़ गया है। खासकर, युवाओं में इसे लेकर बहुत क्रेज़ है। बाइक पर अलग-अलग तरह के प्रेशर या फिर म्युज़िकल हॉर्न लगवाए जाते हैं। हॉर्न का मुख्य उद्देश्य सामने जाते वाहनों या पैदल चल रहे लोगों को सावधान करना होता है। इसके विपरीत ये हॉर्न डराने का काम करते हैं। युवाओं को इससे एक तरह का रोमांच मिलता है। सामान्यजनों को इससे होने वाली परेशानी को भी वे नहीं समझते और इनका आनंद उठाते हैं। अचानक व अनपेक्षित आवाज़ों से बजने वाले ये हॉर्न अनेक प्रकारों में आते हैं जिनमें से अजीबोगरीब ध्वनियां निकलती हैं। ज्यादातर में इनका वॉल्यूम बहुत ऊंचा होता है और कर्कश भी। इनसे एक बड़ा खतरा यह होता है कि इसके नज़दीक पहुंचकर अचानक बजने से आगे या आसपास जा रहे लोग चौंक या घबरा जाते हैं। इस हड़बड़ाहट में वे किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ऐसे युवा जो ज्यादा शक्तिशाली और अधिक गति वाली बाइक चलाना पसंद करते हैं, वे इस तरह के हॉर्न लगवाकर शांति से चलते लोगों को तकलीफ देते हैं। यह अच्छी बात है कि अब प्रदेश का प्रशासन ऐसे हॉर्न को लेकर सख्त हुआ है। एक जनहित याचिका की सुनवाई में बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

जिस तरह से कान फोड़ने वाले डीजे पर स्वत: संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने इस पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है, प्रेशर हॉर्न पर भी मुख्य सचिव को हलफिया बयान देने को कहा है। इस मामले की 20 नवम्बर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है। इस मामले में नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ऐसे हॉर्न को कारण सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों को बहुत तकलीफ होती है। मोटर वाहन अधिनियम में ऐसे हॉर्न पर प्रतिबन्ध है लेकिन यातायात विभाग कार्रवाई नहीं करता जिसके कारण इन पर रोक नहीं लग पा रही है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से इसके लिये गुहार लगाई है। चूंकि सरकार को इस पर जवाब देना है, तो उम्मीद की जा सकती है कि अगले कुछ समय तक ऐसे वाहन मालिकों व चालकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी ताकि सरकार को कोर्ट में बतलाने का कुछ आधार बन सके।

ऐसे वाहनों के खिलाफ केवल हाईकोर्ट को बतलाने के लिये नहीं वरन सही मायनों में जनता की परेशानी को दूर करने के लिये कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये। वाहन चालकों के साथ इस प्रकार के हॉर्न बेचने वाले दुकानदारों एवं उन्हें वाहनों पर लगाने वाले मेकेनिकों पर भी कार्रवाई होनी चाहिये। इसका इस्तेमाल बन्द होने पर ही दुकानदार ऐसे तकलीफदेह हॉर्न रखना बन्द करेंगे। अब यह छग सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस प्रदूषण पर कैसे प्रतिबन्ध लगाती है।

# सभी निगरानी दल सक्रिय होकर करें पुख्ता कार्रवाई : कलेक्टर

## परिवहन व आबकारी विभाग के अधिकारियों के सुस्त रवैये पर लगाई फटकार



**बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एफ़एसटी, एसएसटी एवं व्हीएसटी दल के प्रशिक्षण में सभी निगरानी दलों को सक्रिय होकर भ्रमण करने तथा ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारियों को गंभीरतापूर्वक सुन एवं समझ कर आत्मसात करने कहा।

कलेक्टर ने परिवहन और आबकारी विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में अपेक्षित प्रगति नही लाने पर जिला अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निगरानी दलों को सक्रिय करते हुए जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन टीम के लिए प्लानिंग करें कि कौनसी टीम किस क्षेत्र में भ्रमण करेगी। संयुक्त जांच टीम गठित करें और रात्रि में जांच के लिए निकलें। उन्होंने कहा कि शराब, नकदी तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन पर पूरी तरह से नियंत्रण करें। जांच के दौरान ध्यान रखें कि आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो बल्कि उनका सहयोग लें। उनके साथ शालीनता का व्यवहार करें लेकिन नियमो के अनुपालन में कोई समझौता न करें।

**एफ़एसटी, एसएसटी एवं व्हीएसटी टीम को मिला प्रशिक्षण**

कलेक्टर ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब परिवहन पर प्रतिदिन जब्ती की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। सूचना तंत्र को मजबूत कर छापेमारी करते हुए जब्ती की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। सभी अधिकारी- कर्मचारी निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करें।

कलेक्टर ने उड़नदस्ता दल सहित अन्य निगरानी दलों को अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जीएसटी की टीम से सतत संपर्क में रहकर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगरानी दल रोटेशन में काम करेंगे। क्षेत्र भ्रमण में जाने के दौरान टीम को कैमरा भी दिया जाएगा जिससे कार्यवाही की वीडियोग्राफी करनी होगी। इस वीडियो को साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण में सी-विजिल एप तथा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कहा कि सभी विधानसभा में गठित 3-3 निगरानी दलों को संवेदनशील स्थानों पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करना है। सभी टीम एक्टिव मोड़ में आकर कार्य करे ताकि इसके परिणाम भी दिखाई दें। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर आर दुबे, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे सहित एफ़एसटी, एसएसटी एवं वहीएसटी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# सभी मंदिरों में ज्योति कलश व घट स्थापना



**नवापारा राजिम,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में रविवार को शारदीय चार नवरात्र भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हो गया है। सभी देवी मंदिरों में धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक ज्योति कलश एवं घट स्थापना की गई। वही अनेक घरों में भी मनोकामना ज्योत जवांरा की स्थापना की गई है।

नगर मे इस बार के चार नवरात्र मे सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों एवं माता देवालय में धूमधाम से माँ दुर्गा की स्थापना शुभ मुहूर्त मे की गई ।सभी माता देवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति दीप प्रज्जवलित भी किया गया है। नगर के शीतला माता मंदिर में भक्तों द्वारा 275 दीप प्रज्जवलित किए गए है। इसी तरह मौली माता मंदिर में 89, नवयुग शीतलापारा दुर्गोत्सव समिति में 15, कर्मा माता मंदिर में 75 व प्रसिद्ध काली माता मंदिर में लगभग 400 से अधिक मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई।

**मनोकामना ज्योति**

वहीं नगर के घटोरिया मंदिर, संतोषी मंदिर, किसानपारा दुर्गा दरबार, सतबहिनी मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, सोमवारी बाजार दुर्गा उत्सव, दुर्गा उत्सव स्टेशन पारा, दुर्गोत्सव किसान पारा, खोली पारा, गोबरा बस्ती, बस स्टैंड, सिंधी कॉलोनी, बगदेही पारा, दम्मानी कॉलोनी, तिरंगा चौक, केंवट पारा, सोनकर पारा, कुम्हारपारा, भोईपारा सहित अनेक मोहल्ले में इस बार दुर्गोत्सव समितियों द्वारा दुर्गा माता की स्थापना कर नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**नवयुग शीतलापारा दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित माँ नवदुर्गा, रंग बिरंगे लाइटो से जगमगाया शीतला मंदिर**

नवरात्रि पर्व में शीतला माता मंदिर में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ मनोकामना ज्योत जलाई गई। बड़ी संख्या में भक्तो ने माता के दर्शन कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। वहीं शीतला तालाब के किनारो को भी रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया है, जिससे मंदिर की सुंदरता बहुत ही विहंगम नजर आ रही है।

# आचार संहिता का उल्लंघन, सार्वजनिक जगहों पर प्रत्याशियों की फोटो



**नवापारा राजिम,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता सहित धारा 144 लागू हुए एक सप्ताह का समय बीतने को है. उसके बावजूद नगर के बिजली पोलों पर, दीवालों पर आज भी प्रत्याशियों सहित कांग्रेस की योजनाओं के फोटो लगे हुए हैं. यहां यह उल्लेखनीय है कि अभी तक प्रत्याशियों व्दारा नामांकन फार्म जमा नहीं किए गए हैं. वहीं नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी नगर के गली-गली, चौक-चौराहों पर घूम घूमकर पोस्टर वाल पेंटिंग को मिटाया गया है, उसके बावजूद अभी भी अनेकों स्थानों पर प्रत्याशियों सहित शासकीय योजनाओं की फोटो लगी हुई है. >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**पालिका की अनदेखी या जानबूझकर**

# नवरात्र पर्व पर धीवर समाज भवन में ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क एवं जसगीत जगराता

**धमतरी,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। धीवर समाज द्वारा नवरात्र पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में डॉ चित्रा नाग के स्मृति में संचालित चित्रा फॉउंडेशन धमतरी द्वारा नवरात्रि पर्व पर नगर के सुप्रसिद्ध शीतला मंदिर में श्री गायत्री आरोग्यम (आयुष) पॉली द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद पंचकर्म योग एवम प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 17 अक्टूबर को 3 बजे 5 बजे तक रखा गया है जिसमे डॉ दिनेश नाग एवम टीम द्वारा विभिन्न नए एवम पुराने रोगों जैसे घुटनो का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द जैसे वातरोग, सर्दी खांसी, कफ एलर्जी जैसे कफ रोग, पेट मे जलन दर्द अपच, कब्ज लीवर की कमजोरी जैसे पित्त रोग व अन्य रोग मधुमेह, ब्लड प्रेशर, मोटापा अनिद्रा कमजोरी व मौसमी बीमारियों का नि:शुल्क परामर्श व उपचार की जाएगी साथ ही देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आये योगाचार्यों द्वारा योग एक्यूप्रेशर व मर्म चिकित्सा भी दिया जाएगा।

धीवर समाज धमतरी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**आज 3 से 5 बजे तक एक दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद पंचकर्म, योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर, 6 बजे से बच्चों का फैंसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता**

# गौरीशंकर अग्रवाल को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर भाजपा को हो सकता है भारी नुकसान



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का नारा बदलबो, बदलबो ये दारी कांग्रेस सरकार ल बदलबो कांग्रेस की सरकार 2023 की चुनाव में बदलेगी या नही यह तो मतदाता तय करेगी जो चुनाव सम्पन्न होने के बाद स्पष्ट होगा ।परंतु भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय एवं विकास पुरुष का दर्जा प्राप्त कर चुका पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को बदल कर किसी अन्य को कसडोल विधानसभा से भाजपा की प्रत्याशी बनाये जाने पर पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है।

गौरीशंकर अग्रवाल को प्रत्याशी घोषित नहीं करने से भाजपा समर्थित लोगों का कहना है कि गौरीशंकर अग्रवाल पिछला चुनाव 2018 का भारी वोटों की अंतर से हारा है शायद इसी को मुद्दा बनाकर इन्हें अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। इस पर क्षेत्र की जनता ने अपना प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए कहा कि पिछला 2018 के पूर्व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत पर थी जो 2018 की चुनाव में मात्र 15 सीटों पर सिमट कर रह गई है इससे साफजाहिर होता है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है इसलिए भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ में चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। साथ ही लोगों ने कहा कि परिवर्तन की लहर के कारण छत्तीसगढ़ में भाजपा की सीट कम हुई है सिर्फ गौरीशंकर अग्रवाल ही चुनाव नहीं हारा है। बल्कि प्रदेश के 75 सीटों में चुनाव हार चुका है। इसी क्रम में लोगों ने कहा है कि परिवर्तन की लहर में 1977 देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी भी चुनाव हार गई थी।

लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि विधानसभा सभा अध्यक्ष प्राय: चुनाव हारते आये है इस बात को जानते हुए भी गौरीशंकर अग्रवाल ने विधानसभा अध्यक्ष बना और इस टोटका को मिटाने के लिए कसडोल विधानसभा में भारी विकास कार्य कराया है। जिसे क्षेत्र की जनता विकास पुरूष के रूप में स्वीकार कर पुन: भाजपा से प्रत्याशी बनाये जाने की मांग लगातार कर रहे हैं। गौरीशंकर अग्रवाल की सक्रियता कसडोल विधानसभा के साथ-साथ आसपास के विधानसभा बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, बसना, पामगढ़, जांजगीर-चांपा एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# माँ विंध्यवासिनी के आशीर्वाद से भाजपा प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**धमतरी,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के धमतरी विधानसभा की प्रत्याशी रंजना डिपेंद्र साहू ने नवरात्र के पहले दिन माँ विंध्यवासिनी मंदिर पहुंच कर माँ से अपनी जीत का आशीर्वाद लिया एवं प्रचार जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की, प्रत्याशी घोषित होने के बाद यह लगातार दूसरी बार है जब रंजना साहू माँ विंध्यवासिनी की शरण में पहुंची हैं, मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा प्रत्याशी रंजना साहू ने कहा माँ विंध्यवासिनी धमतरी की अधिष्ठात्री देवी है समस्त धमतरीवासियों की आस्था का केंद्र है आज चुनावी जनसंपर्क अभियान को शुरू करने से पहले हमने माँ विंध्यवासिनी के मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया है, निश्चित ही माँ की कृपा धमतरी क्षेत्र के हितों की लड़ाई लड़ने धमतरी के सर्वांगीण विकास करने का हमें अवसर प्रदान करेगी।

उक्त अवसर पर भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा वरिष्ठ विनोद रणसिंह, पुर्व जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिंहा, मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, मंडल महामंत्री अमन राव, राजीव सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल उपाध्यक्ष राकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, जागेश्वरी साहू, राजेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, प्रहलाद साहू, भागी साहू, चंद्रमणी साहू, मीशूराम साहू, लक्ष्मण सोनवानी, धरम साहू, कांता साहू, अमर सिंह पटेल, संतोष भीमगज, सुदर्शन साहू, गुल्लु निर्मलकर, प्रदीप सिन्हा पंचराम साहू, भीमसेन साहू, उपस्थित रहे।

# मछुआरा समाज से भाजपा के लिए पुरूषोत्तम कैवर्त ने की है दावेदारी



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा मछुआरा समाज से प्रत्याशी बनाने की चर्चा जोरो पर है। जिसके तहत प्रत्याशी की तलाश भाजपा के उच्च स्तरीय नेताओं के द्वारा की जा रही है। ऐसी स्थिति में 30-32 वर्ष से पार्टी से जुड़े हुए वर्तमान में कसडोल मण्डल के मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त एवं मनीराम कैवर्त योग्य प्रत्याशी हो सकता है।

ज्ञात हो कि पुरुषोत्तम कैवर्त क्षेत्र के लिए कोई नया नाम नहीं है। पुरुषोत्तम कैवर्त बचपन से अब तक विभिन्न क्षेत्रों में काम कर अच्छा पहचान बना चूका है। श्री कैवर्त बचपन से संगीत प्रेमी है। वे मानस गान के साथ स्वयं का लोक कला मंच धरती के बेटा का निर्माण किया था। सन 1992 राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा और 1993 में प्रतिबन्ध के समय चंदखुरी में व्यक्तित्व विकास शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं 1992 से 2005 तक सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में आचार्य रहे। उसके बाद से भाजपा लगातार सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं पार्टी को देते हुए पिछले 10 वर्षों से कसडोल मंडल का मीडिया प्रभारी है। मछुआरा समाज में भी अच्छी खाशी पकड़ है। परिक्षेत्र सचिव से केंद्रीय समिति शिवरिनारायण में महासचिव भी रह चूका है। समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहता है। पिछले 14वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करते हुए आम लोगों की सेवा में लगा रहता है सवर्तमान में में श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल का सह सचिव है। इन्हीं सभी कारणों से क्षेत्र में खासा जाना पहचाना चेहरा है। यदि पार्टी पुरुषोत्तम कैवर्त पर दांव लगाती है तो वह सही साबित होगा क्योंकि इनका किसी भी तरह से विरोध भी नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मीडिया प्रतिनिधियों को पेड न्यूज और मीडिया प्रमाणन की दी गई जानकारी



**महासमुंद,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत सोमवार को जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को पेड न्यूज, मीडिया प्रमाणन और आदर्श आचार संहिता की बारीकियों के संबंध में प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत कराया गया। मीडिया के प्रतिनिधियों से सवाल जवाब के माध्यम से जानकारी दी गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं एमसीएमसी के नोडल अधिकारी एसण आलोक ने गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति व आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफएवं संवाददाता शामिल हुए। नोडल अधिकारी एस् आलोक ने प्रशिक्षण में कहा कि मीडिया में प्रकाशित समाचारों एवं विज्ञापनों का निगरानी जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के माध्यम से 24 घंटे की जा रही है। इसके लिए एक मीडिया सेंटर की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इसका उल्लंघन न हो। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों पर नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा। एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज की मॉनिटरिंग कर सत्यापन करते हुए व्यय लेखा के समक्ष प्रस्तुत करेगी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के प्रशिक्षण के दौरान सहायक संचालक जनसम्पर्क पोषण साहू द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से मीडिया प्रमाणन के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी पेड न्यूज के मामलों में अभ्यर्थी को नोटिस दिया जाएगा। उनका सही समय पर प्राप्त उत्तर संतोषजनक होने पर पेड न्यूज का प्रकरण निराकृत माना जाएगा। असंतोषजनक पाए जाने पर तथा जांच करने पर सही पाए जाने पर पेड न्यूज का खर्च उनके व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। निर्वाचन के दौरान भ्रामक एवं अनर्गल प्रचार.प्रसार तथा जाति.धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**नवरात्रि में जले आस्था के ज्योत**

पिथौरा, 16 अक्टूबर। नवरात्रि त्योहार के चलते चलते जहां-जहां देवी मंदिरों में आस्था की जोत जला रही है वहीं दूसरी ओर दुकानदारों ने भी फूल मालाओं के साथ दुकानों की सजावट कर आम लोगो को आकर्षित करने में लगे हुए हैं।



# केरल में आयोजित जलवायु परिवर्तन के राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे नर्रा स्कूल के छात्र

**बागबाहरा**, 16 अक्टूबर (देशबंधु)। ओड़िशा सीमा से लगे जनपद पंचायत बागबाहरा के कुलदीप निगम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के छात्र भाग लेने केरल राज्य परिषद द्वारा 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय छात्र जलवायु सम्मेलन में, पुन: बना महासमुंद जिले का एकमात्र विद्यालय। जो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से हुआ तीन विद्यालयो का चयन। केरल राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय, पीएमजी में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन, समग्र शिक्षा, केरल, यूनिसेफ, केरल राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद और कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। केरल में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नेशनल स्टूडेंट क्लाइमेट कॉन्क्लेव 2023 में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड से नर्रा स्थित शासकीय कुलदीप निगम उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्रों का लघु शोध प्रोजेक्ट का चयन प्रस्तुतिकरण हेतु हुआ है। केरल के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा त्रिवेंद्रम में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे माइक्रो क्लाइमेट, बायोडायवर्सिटी, तथा जलवायु परिवर्तन के सामाजिक आर्थिक प्रभाव पर शोध पत्र आमंत्रित किए गए थे। नर्रा के छात्रों दिव्यांश साहू, नित्या देवांगन, दीपांशी साहू, उलसि यादव ने प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में *स्टडी ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड माइक्रो क्लाइमेट इन माइक्रोफोरेस्ट ऑफ नर्राज्ञ* विषय पर अध्ययन एवं आंकड़ों का



संग्रहण , विश्लेषण कर लघुशोध पत्र तैयार किया। गौरतलब है कि इस नेशनल स्टूडेंट क्लाइमेट कॉन्क्लेव में राज्य के दो जिले से तीन टीम भाग ले रही है। दुर्ग जिले से दो स्कूल तथा महासमुंद जिले से एकमात्र स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के छात्रों का प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण के लिए चयन हुआ है।

छात्र केरल जाने से पहले मिले स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से 12 अक्टूबर को नर्रा के चारो छात्र और उनके शिक्षक को प्रमुख सचिव शिक्षा आलोक शुक्ला छत्तीसगढ़ शासन ने मंत्रालय में आमंत्रित किया। तथा राष्ट्रीय सेमिनार में शोध प्रस्तुतिकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण छात्रों के इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पहले भी इस विद्यालय के छात्र दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में हिस्सा ले चुके हैं। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 2021 में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में यहां के छात्र वैभव देवांगन और धीरज यादव ने टॉप 20 में स्थान प्राप्त किया था। जिन्हे दिल्ली में विभाग की ओर से सम्मानित किया गया था।

नर्रा स्कूल के इस उपलब्धि पर कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, जिला विज्ञान परिषद के संयोजक जगदीश सिन्हा, जिला समन्वयक हेमेंद्र आचार्य संस्था के शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति के अध्यक्ष विजय शंकर निगम सांसद प्रतिनिधि गोविंदराव नागपुरे, विधायक प्रतिनिधि उमेश जैन, बागबाहरा के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी, नर्रा सरपंच गोपाल किशन पटेल, डॉ आनन्द वर्गीस, ललित पटेल, दिलीप गुप्ता, नुरेन्द्र साहू, मेघनाथ यादव, मुबारक खान, प्रेमलता रुपेन्द्र साहू, पूर्णिमा धरम पटेल, थानेश दिवाना ने शाला को गौरवान्वित करने वाले छात्रों एवं उनके मार्गदर्शक सुबोध तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की है। इसके साथ ही शिक्षकगणो पन्नालाल साहू, भूपेंद्र पढ़ियार, नीलिमा भोई, कामता साहू, तुलाराम दीवान, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, अरविंद ठाकुर, जयंत साहू, ने छात्रों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई दी है।

# देवरबोड में छापामार कार्रवाई कर शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार



**बिलाईगढ़**, 16 अक्टूबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती विनिदिता पाल. अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 15,10,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवरबोड़ में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने अपने घर पीछे बाडी में रखे, रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी हेमलाल भास्कर पिता जगेसर भास्कर उम्र 43 वर्ष ग्राम देवरबोड थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 140 नग पन्नी पाउच सभी मे 150रूभरी हुई कुल जुमला शराब 21 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2100 को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी, ह्यद्ब विमला मनहर, सहदेव चौहान, चंद्रशेखर पटेल .आर,कमल कुर्रे अमृत खुटे सुनील यादव पंकज साहू एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# मेमरा में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



**पिथौरा**, 16 अक्टूबर। ग्राम मेमरा में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरीश यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि बसना श्री कुलवंत खनूजा एवं विशिष्ट अतिथि निर्मल यादव रहे.... अपने उद्बोधन में श्री कुलवंत खनूजा ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को खेल भावना से प्रेरित होकर खेलना चाहिए तथा उन्होंने खेल को आज के समय में स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरीश यादव कहा कि निरंतर एवं कठोर प्रयास से ही जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है तथा खिलाडी अपने खेल से जिले का नाम प्रदेश तथा देश में रोशन करे... उक्त कार्यक्रम में अर्निश गार्डिया, चमरू यादव, बल्ला यादव, अर्जुन यादव, ईश्वर साहू गजानंद यादव, तेजराम साहू, नानकुन निषाद तथा खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता के तहत रैली निकालकर लोगों को दिया मतदान का संदेश

**गरियाबंद**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान शुरू लगातार चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकाली गई तथा स्वीप कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य और 18 वर्ष की उम्र के सभी लोगों का नाम



मतदाता सूची में शामिल करने के लिए मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत 16 अक्टूबर को स्कूली बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सायकल रैली निकालकर बच्चों ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह ने स्वीप कार्यक्रम मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। मतदान के दिन ज़ब आप मतदान करने जाएं तो परिचय पत्र (इपिक कार्ड ) एवं फोटोयुक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जाये। फिंगेश्वर ब्लाक नोडल अधिकारी पूरन लाल साहू ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का वोट अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। इसी तरह जिले में विशेष अभियान संकल्प गरियाबंद चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां संपादित की जा रही है। इसके तहत आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान गठित स्व सहायता समूह की महिलाओं ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। साथ ही जिलावासियों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया। इसी तरह मंगलवार 17 अक्टूबर को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुबह 10 बजे मतदाता संकल्प लिया जायेगा।

# मां ब्रम्हचारिणी दरबार में नवरात्र की धूम



**राजिम**, 16 अक्टूबर। राजिम नगर के शिवाजी चौक आमापारा में स्थित मां ब्रम्हचारिणी दरबार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चाँर नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के भरतलाल साहू ने बताया की इस साल माँ ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में 562 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है।जिसमें आसपास व दूसरे राज्यों के भी भक्तगण मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए हैं। प्रतिदिन संध्या आरती में बड़ी संख्या में नगरवासी एवम् भक्तजन उपस्थित होकर दर्शन लाभ रहे है। इस अवसर पर माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के ताज राम साहू, फणेंद्र यदु, मेहतरु राम साहू ,भागीराम साहू ,तेजेश साहू दिनेश्वर साहू, यशवंत साहू ,ईश्वर सिन्हा ,विजेंन्द्र वर्मा ,जनक साहू ,भुवन साहू ,नारायण प्रसाद देवांगन, गणेश पटेल ,तुलसी राम साहू ,विनोद साहू,अश्वनी साहू,संतोष यादव, चुन्नीलाल देवांगन, लक्ष्मण साहू ,रूपलाल साहू ,बसंत जाधव ,शिवराज साहू ,सोमन साहू ,गोलू साहू आदि सदस्य सम्मिलित हुए।

## सार-संक्षेप

### मेरी माटी, मेरा देश कलश यात्रा कर वीरों का वंदन किया गया



**बागबाहरा**, 16 अक्टूबर (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर में स्थित शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कलश यात्रा गाँव में निकाल कर मिट्टी एकत्रित किया।

### कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को दी बधाई

**भाटापारा**, 16 अक्टूबर। आज राजनांदगांव से युवा, मिलनसार व छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष, सक्रिय कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को शुभकामना व बधाई देने उनके निवास भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दावेदार राधेश्याम शर्मा जी व छग किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र भृगु जी , कांग्रेस नेता सत्यनारायण ठाकुर, मण्डी व्यापारी प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र भूषाणिया जी, पालक संघ के अध्यक्ष सोनू पटाक खरोरा पहुंच कर मुलाकात किये।

### मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को दिए महत्वपूर्ण जानकारी

**गरियाबंद**, 16 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए गठित मतदान दल के अधिकारियों के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, आईटीएस कॉलेज, गुरुकुल महाविद्यालय और शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी मतदान अधिकारी 2 एवं 3 को प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के सभी पहलूओं और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें। निर्वाचन कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए 106 फर्जी शिक्षा कर्मी लोकसेवकों को निर्वाचन कार्य से पृथक करने की मांग

**मगरलोड/कोहका नेवरा**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड में जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी भर्ती में जमकर फर्जी वाडा हुआ है मगरलोड थाना में अपराध क्रमांक 124/2011 में सैकड़ो फर्जी शिक्षा कर्मी की भर्ती हुआ है इसमें चयन समिति से लेकर अधिकारी,कर्मचारी व जनपद पंचायत में पदस्थ जनप्रतिनिधिगणों की इस फर्जी वाडे शिक्षाकर्मी भर्ती में जमकर सैकड़ो अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिया गया है जिसका आरटीआई कार्यकर्ता ग्राम चंदना निवासी कृष्ण कुमार साहू ने भंडाफोड़ किया जिसमें बताया गया की शिक्षाकर्मी भर्ती वर्ग 3 में सैकड़ो पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति न कर चयन समिति एवं अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से अपात्र लोगों से फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नियुक्ति दिया गया जिसकी शिकायत मगरलोड थाना में अपात्र अभ्यर्थियों के खिलाफ धारा 420, 468, 471, 34, एवं एससी,एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया लेकिन भाजपा सरकार के जाने के बाद तथा 5 साल से कांग्रेस सरकार भी इन फर्जी शिक्षा कर्मियों की आज तक गिरफ्तार नहीं कर पाई वर्तमान में 2023 विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष करने के लिए ऐसे फर्जीवाडे करने वाले 106 लोक सेवकों को निर्वाचन कार्य से पृथक करने की मांग आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने की है जिससे विधानसभा का चुनाव निष्पक्ष हो फर्जी शिक्षा कर्मी बनने वाले लोग आज खुलेआम घूम रहे हैं व हजारों रुपया वेतन लेकर शासन की राशि को बंदर बाट कर रहे हैं कृष्ण कुमार साहू ने कहा साक्ष्य दस्तावेज होने के बाद भी मगरलोड पुलिस आज तक फर्जी शिक्षा कर्मी में भर्ती होने वाले लोक सेवकों को गिरफ्तार नहीं कर पाया जो कई संदेह को जन्म देता है कई फर्जी शिक्षा कर्मी, फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे पदोन्नति भी हो गया है मगरलोड थाना में 12 साल पूर्व अपराध दर्ज होने के बाद भी आज तक नहीं पकड़ पाई और सिर्फ तात्कालिक सीईओ को गिरफ्तार किया गया जिसे चार माह बाद कोर्ट से जमानत पर यह किया गया वही चयन समिति के लोग हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत लेकर खुलेआम घूम रहे हैं कई पात्र अभ्यर्थियों के जीवन को अंधकार में रखने वाले फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी करने वाले फर्जी शिक्षा कर्मियों की तत्काल गिरफ्तार की मांग आम जनताओ ने भी की है जिससे प्रशासन पर भरोसा जताया जा सके कई होनहार प्रतिभावान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के पात्र अभ्यर्थियों का नौकरियों से वंचित होना पड़ा जिसकी जिम्मेदार तत्कालीन चयन समिति अधिकारी व कर्मचारी है 106 फर्जी लोक सेवकों को विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन कार्य से पृथक करना चाहिए एवं चिन्हानकित कर पुलिस को गिरफ्तार कर सलाखों में भेजना चाहिए लेकिन 12 साल पूर्व अपराध दर्ज होने के बाद भी आज तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई जिससे जनमानस में शासन के प्रति विश्वास उठने लगा है।




- 12 वर्ष एक माह के बाद भी मगरलोड पुलिस आज तक नहीं कर पाए गिरफ्तार
- आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक से किया मांग

# श्री राजीव लोचन ट्रस्ट द्वारा दशहरा उत्सव में होगा भव्य आतिशबाजी

**राजिम**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। धर्म नगरी राजिम में पारंपरिक दशहरा उत्सव का आयोजन विगत कई वर्षों से किया रहा है। यहां दशहरा उत्सव में रावण का दहन नहीं होता भगवान श्री राजीव लोचन की डोली निकालकर राम रूप में दशहरा मैदान में जाकर वर्षों से निर्मित रावण की मूर्ति का वध किया जाता है। यही परंपरा यहां की खास बनी हुई है राजिम क्षेत्र अंतर्गत सिर्फ एक ही स्थान पर रावण का दहन किया जाता है और इस परंपरा को यहां के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ा रहे हैं यहां वर्षों से दशहरा उत्सव का आयोजन श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के द्वारा किया जाता है इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए नगर स्तर पर दशहरा उत्सव समिति एवं भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के पुजारी की समिति के विशेष देखरेख में आयोजित किया जाता है राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के सरवराकार राजू ठाकुर ने बताया कि धर्मनगरी में कहीं पर भी रावण का पुतला दहन नहीं होता बल्कि यहां परंपरा अनुसार भगवान श्री राजीव लोचन जी का डोला सज धज कर मंदिर दक्षिण दिशा में स्थित लंका दशहरा मैदान में जाते हैं और वहां अंगद रावण संवाद के पश्चात भगवान भगवान श्री राजिम लोचन जी राजा रामचंद्र जी के स्वरूप में डोला में सवार होकर विशाल काय रावण के मूर्ति के समक्ष पहुंचते हैं और उनके प्रतिनिधि स्वरूप श्री राजीव लोचन टेस्ट कमेटी के सर्वराकार भगवान के प्रतिनिधि बनकर प्रतीकात्मक रूप से तीर मार कर वध करते हैं। दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर आज दशहरा मैदान में आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें श्री राजीवलोचन मंदिर के मैनेजर श्री पुरुषोत्तम मिश्रा सर्वराकार राजू ठाकुर पुजारी समिति के प्रमुख शिव कुमार सिंह ठाकुर ,राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं दशहरा उत्सव समिति के प्रमुख सदस्य पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाडिक जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू , बेरोजगार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा , सोसायटी अध्यक्ष विकास तिवारी, सुनील देवांगन, घनश्याम साहू फागु राम निषाद, नंदन पटेल बैठक मेंउपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया दशहरा उत्सव मैदान की साफसफाई दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था पेयजल एवं विशेष लाइट एंड साउंड की व्यवस्था की जाएगी एवं भव्य आतिशबाजी भी किया जाएगा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### आचार संहिता का उल्लंघन...

इस संबंध में जब मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि कल रात्रि 12.30 बजे तक मैंने स्वयं कर्मचारियों के साथ नगर के अनेकों स्थानों से वाल पेंटिंग को मिटवाया है साथ ही पोस्टर आदि को भी निकलवाया है. आपसे जानकारी मिली है, पता लगाकर सभी पोस्टर हटवा दिए जायेंगे. अगर इसकी जानकारी आप दे तो हमें सुविधा होगी.

### नवरात्र पर्व पर धीवर समाज...

के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर ने समस्त भक्तजनों एवं परिजनों को अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### गौरीशंकर अग्रवाल को प्रत्याशी...

भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य विधानसभा में भी देखने को मिलते रहा है जहाँ इनके समर्थकों की लंबी फेहरिस्त है। इसलिए यदि गौरीशंकर अग्रवाल को प्रत्याशी नहीं बनाया जाता है तो इसका असर कसडोल विधानसभा के साथ-साथ अन्य विधानसभाओं में भी पड़ सकता है।

### मछुआरा समाज से भाजपा...

के वर्तमान जिला अध्यक्ष, सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ़ के वर्तमान कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज के जिला संगठन जिला बलौदा बाजार भाटापारा के वर्तमान संरक्षक, एवम अमोदी परिक्षेत्र के लगातार तीन कार्यकाल के निर्विरोध सामाजिक अध्यक्ष मनीराम कैवर्त भाजपा के बेहतर नेतृत्व कर्ता और उम्मीदवार हो सकते हैं।

### मीडिया प्रतिनिधियों को पेड...

व्यक्ति, मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। आदर्श आचार संहिता घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियता पूर्वक कार्य कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देश के संबंध में जानकारी दी। श्री साहू ने बताया कि सोशल मीडिया में संदेश, टिप्पणी, फोटो, वीडियो, ब्लॉग या सेल्फ ,काउंटए वेबसाइट पर अधिप्रमाणन की आवश्यकता नहीं होगी। सोशल मीडिया विज्ञापन पर किया गया व्यय कंटेंट, वेतन, इंटरनेट कंपनी को भुगतान चुनाव व्यय में सम्मिलित होगा। उन्होंने बताया कि आयोग के आदेशानुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन में टीवी, चैनल, केबल के साथ रेडियो, एफएमए चैनल, सिनेमाघरों में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापनों को भी जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया में शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द्र बिगाडने, देश के संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला कटेन्ट नहीं होना चाहिए। आदर्श आचार संहिता के विपरीत पाए जाने वाले किसी विज्ञापन को प्रकाशन, प्रसारण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस दौरान मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, टाईमलाईन, आवेदन, आवेदन पत्र प्रारूप व अनुलग्नक, विज्ञापन का प्रमाणीकरण, प्रमाणन ऑनलाइन, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई।

# पूर्व नपा अध्यक्ष व लल्ला साहनी की कांग्रेस में वापसी




**आरंग**, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष करुणा रमेश तिवारी और साहनी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सोसायटी अध्यक्ष लल्ला साहनी की कांग्रेस में वापसी हो गई है।आरंग स्थित राजीव भवन में मंत्री डॉ.शिवकुमार ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारती देवांगन तथा कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में रमेश तिवारी,करुणा तिवारी और लल्ला साहनी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके अलावा साहनी समाज के सदस्यों के साथ साथ ग्राम धमनी की महिलाओं ने भी कांग्रेस प्रवेश किया है। इस अवसर पर मंत्री डॉ.डहरिया ने कहा कि सुबह का भुला अगर शाम को घर वापस आए तो उसे भुला नही कहते। करुणा रमेश तिवारी और लल्ला साहनी शुरू से ही कांग्रेस पार्टी के सिपाही रहे है।कांग्रेस पार्टी एक परिवार की तरह है,परिवार से जब कोई सदस्य दूर होता है तो बहुत दुख होता है।लेकिन जब वही वापस परिवार में आता है तो इस खुशी को बयां नही किया जा सकता। करुणा रमेश तिवारी और लल्ला साहनी के कांग्रेस वापसी से पार्टी मजबूत हुई है और इसका लाभ हमे आगामी विधानसभा चुनाव में मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर अध्यक्ष नपा आरंग, खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा आरंग, देवनाथ साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी आरंग, केशरी मोहन साहू जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, भूषण साहू जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, के.के.चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, दिनेश ठाकुर जिला महामंत्री सहित जनपद सदस्य, पार्षद, एंडरमेन तथा ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# शारदीय नवरात्र पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़



**खरोरा**, 16 अक्टूबर। शारदीय नवरात्र का पर्व रविवार 15 अक्टूबर से शुरू हुआ 9 दिनों तक चलेगा यह उत्सव । ज्योति कलश की स्थापन कर अभिजीत मुहूर्त में किए गए। सभी देवी में वैदिक मंत्रोउच्चर के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए ल वही घटस्थापना के साथ जवारे भी बोए गए। देवी मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई । प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा की गई। शारदिय नवरात्र पर्व का पहला दिन रविवार 15 अक्टूबर को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। प्रात: काल से मंदिरों में महिलाओं एवं कुंवारी कन्याएं हाथ में पूजन को थाली लिए मंदिर पूजा अर्चना के लिए पहुंचती रहीं। नौ दिनों तक चलने वाला यह महापर्व प्रत्येक देवी मंदिरों में प्रात: काल से देर रात्रि तक भजन कीर्तन आरती का सिलसिला चल रहा ।शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में सैकड़ों की तादात में मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्ज्वलित कराया गया है। मंदिरों में माता का विशेष साज श्रृंगार का बाद विधिविधान से पूजन-अर्चन आरती उपरांत पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए। नगर के मध्य में स्थित महामाया मंदिर तिरूपुर सुंदरी राजराजेश्वरी मंदिर, मां काली मंदिर, मां शारदा मंदिर , मां शीतला मंदिर पूजा अर्चना किया जाएगा। शारदीय नवरात्रि ग्रामीण क्षेत्रों में भी मा दुर्गा देवी की गाव-गांव में पूर्तिमा स्थापित कर में नौ दिनों तक मां आदि शक्ति की आराधना की जाएगी।

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री ललित साहू पिता श्री झुलूराम साहू निवासी म.नं. 24 बाजार चौक ग्राम व पो. खौली थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर एवं कु. प्रमिला लहरे पिता श्री गोपाल लहरे निवासी म.नं. 908/2 वार्ड नं. 16 भाठापारा ग्राम व पो. भोरिंग तहसील व जिला महासमुंद ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11 नवंबर 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

